3 राजधानी
पीजीआई में चला स्वच्छता अभियान

6 अभिमत
तेजी से विलुप्त होते पवित्र उद्यान

10 विदेश
तुर्किए की राजधानी में आत्मघाती हमला

12 स्पोर्ट्स
विश्व कप में दमखम के साथ उतरेगा भारत

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 339
लखनऊ, सोमवार, 02 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भारत को और अधिक मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# भारत-अमेरिका रिश्ते उम्मीदों से बढ़कर: जयशंकर

पायनियर समाचार सेव। नई दिल्ली

● विदेश मंत्री ने कहा दोनों देश एक दूसरे के स्वाभाविक साझेदार, रिश्तों को ले जाएंगे नई ऊंचाईयों पर

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंध उम्मीदों से बढ़कर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें एक अलग स्तर तक लेकर जाएगी। जयशंकर ने कहा कि ये द्विपक्षीय संबंध चंद्रयान की तरह चांद पर और उससे भी आगे जाएंगे।

भारतीय दूतावास की ओर से शनिवार को आयोजित 'सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ फ्रेंडशिप' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से 'इंडिया हाउस' में एकत्र हुए सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आज एक स्पष्ट संदेश है कि हमारा रिश्ता अब तक के उच्चतम स्तर पर है, लेकिन जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है कि आपने अभी तक कुछ भी नहीं देखा है, हम इन संबंधों को एक अलग स्तर, एक अलग जगह ले जाने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि इस बदलती दुनिया में भारत और अमेरिका एक ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हम एक दूसरे को वांछनीय, इष्टतम और सहज साझेदारों के रूप में देखते हैं। एस. जयशंकर ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता अमेरिका के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकती थी। जब चीजें अच्छी होती हैं, तो हमेशा मेजबान को इसका श्रेय मिलता है। यह उचित भी है, लेकिन यदि जी-20 के सभी सदस्य देश इस आयोजन की सफलता के लिए काम नहीं करते, तो यह संभव नहीं था। जयशंकर ने भारतीय-अमेरिकियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, जी-20 को सफल बनाने के लिए जो योगदान, जो सहयोग और समझ हमें अमेरिका से मिली, उसकी वह वाशिंगटन डीसी में सार्वजनिक तौर पर सराहना करना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि तो, शाब्दिक रूप से यह हमारी सफलता हो सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि यह जी20 (राष्ट्रों) की सफलता थी। मेरे लिए, यह भारत-अमेरिका साझेदारी की भी सफलता थी। इस साझेदारी को वह समर्थन देते रहें, जिसकी उसे आवश्यकता है, जिसकी यह हकदार है और जिसकी अपेक्षा है। वह आपसे वादा कर सकते हैं कि ये संबंध चंद्रयान की तरह चंद्रमा तक, शायद उससे भी आगे तक जाएंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच मानवीय संबंध इस द्विपक्षीय संबंध को और अनूठा बनाते हैं। देश एक-दूसरे के साथ व्यापार करते हैं। देश एक-दूसरे के साथ राजनीति करते हैं।



वाशिंगटन में भारतीय दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर

उनके बीच सैन्य संबंध होते हैं, वे अभ्यास करते हैं और उनके बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है, लेकिन जब दो देशों के बीच गहरे मानवीय संबंध हों, तो यह पूरी तरह से अलग स्थिति होती है। हमारे संबंधों की यही आज अहम विशेषता है। उन्होंने कहा कि लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अमेरिका की 1985 की यात्रा, वर्ष 2005 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की यात्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया यात्राएं याद हैं। जयशंकर ने कहा, लेकिन मुझे कहना होगा कि यह (मोदी की हालिया राजकीय यात्रा) अलग थी। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच पहले संबंध सीमित स्तर पर थे, लेकिन अब वे एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं। द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण में प्रवासी भारतीयों का अत्यधिक योगदान है। इसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। इसी आधार के सहारे हम आगे देख रहे हैं। क्षितिज पर नई आशा देख रहे हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि जब हम क्षितिज को देखते हैं, तो हमें वहां वास्तव में शानदार संभावनाएं दिखाई देती हैं और यह समुदाय ही इन्हें संभव बनाएगा। उन्होंने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू 1949 में अमेरिका आए थे, तब यहां 3,000 भारतीय अमेरिकी थे, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1966 में आई थीं, तब 30,000 भारतीय अमेरिकी थे, जब राजीव गांधी 1985 में आए थे, तब 3,00,000 भारतीय अमेरिकी थे और जब मोदी आए तब यहां 30 लाख से अधिक भारतीय अमेरिकी थे और यह संख्या बढ़कर लगभग 50 लाख हो गई है। मंत्री ने कहा कि आज का भारत पहले के भारत से अलग है। उन्होंने कहा, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मैं जिसकी बात कर रहा हूं, वह वास्तव में एक अलग भारत है। जैसा कि आपने दूसरों से सुना है, यह वह भारत है, जो चंद्रयान-3 मिशन को पूरा करने में सक्षम है। यह वह भारत है, जो सबसे शानदार जी20 सम्मेलन आयोजित करने में सक्षम रहा और उसने उन लोगों को गलत साबित कर दिया, जिन्होंने कहा था कि हम 20 देश को एक साथ नहीं ला पाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह वह भारत है, जिसने कोविड-19 महामारी के दौरान दिखाया कि वह न केवल अपने लोगों की देखभाल कर सकता है, बल्कि दुनियाभर के सैकड़ों देशों की ओर मदद का हाथ भी बढ़ा सकता है। आज भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। अगर भारत के कदमों में आज ऊर्जा है, अगर उसकी आवाज में आत्मविश्वास है, तो इसके कई कारण हैं। क्योंकि यह 10 साल की कड़ी मेहनत का नतीजा है। ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां हमारी क्षमताएं दोगुनी या तिगुनी हो गई हैं। महात्मा गांधी की जयंती से पहले उन्हें याद करते हुए कहा, उन्होंने इतनी सारी बातें, इतनी स्पष्टता से कहीं, अंतत: अगर हम खुद से पूछें कि उनका संदेश क्या था, तो उचित कार्य करना, सभ्य कार्य करना और किसी को पीछे नहीं छोड़ना उनका संदेश था। उन्होंने कहा, गांधी जी का संदेश बहुत जटिल है, लेकिन इसका सार अत्यंत सरल है।

# एशियाई खेलों में भारत की झोली में तीन और स्वर्ण



अविनाश साबले



तेजिंदरपाल सिंह

● निशानेबाजों ने सोने के तमगे साथ खत्म किया अभियान, अविनाश साबले ने स्टीपलचेज और तेजिंदरपाल ने गोला फेंक में जीता सोना

भाषा। हांगझोउ

**एशियाई** खेलों में रविवार को भारत खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगा दी। अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण, तेजिंदरपाल सिंह तूर ने गोला फेंक में स्वर्ण जबकि पृथ्वीराज तोडइमान, काइनन चेनाई, जोरावर सिंह संधू ने पुरुष ट्रैप टीम में स्वर्ण पदक हासिल किया।

आज भारत की झोली में 15 पदक आए। एथलीट व निशानेबाजी में स्वर्ण व रजत जबकि बैडमिंटन में भी चांदी रही। मुक्केबाजी में कांसा मिला। अदिति अशोक ने महिला गोल्फ में रजत, मनीषा कीर, प्रीति रजाक और राजेश्वरी कुमारी ने महिला ट्रैप टीम में रजत, हरमिलन बैंस महिला 1500 मीटर स्पर्धा में रजत पदक पर कब्जा किया। वहीं अजय कुमार सरोज ने पुरुष 1500 मीटर दौड़ में रजत, मुरली श्रीशंकर ने लंबी कूद स्पर्धा में रजत व ज्योति याराजी महिला 100 मीटर बाधा दौड में रजत हथियाया। लक्ष्य सेन, एस रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, किदाम्बी श्रीकांत, कपिला ध्रुव, केपी साई प्रतीक, मिथुन मंजूनाथ ने पुरुष बैडमिंटन टीम स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। निकहत जरीन ने महिला मुक्केबाजी 50 किग्रा वर्ग में कांस्य, नंदिनी अगासरा ने महिलाओं की हेप्टाथलन स्पर्धा में कांस्य, सीमा पूनिया ने चक्का फेंक स्पर्धा में कांस्य जीता।

जबकि जिनसन जॉनसन ने पुरुष 1500 मीटर दौड़ में कांस्य व कीनान चेनाई पुरूषों की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। अविनाश साबले एशियाई खेलों में पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरूष बन गए जबकि पुरूषों के शॉटपुट में तेजिंदर पाल सिंह तूर ने आखिरी थ्रो पर बाजी मारते हुए अपना खिताब बरकरार रखा। 29 वर्ष के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने हांगझोउ खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 8:19.50 सेकंड में रेस पूरी की। वहीं शॉटपुट में तूर ने पहले दो प्रयास में फाउल करने के बाद तीसरे प्रयास में 19.51 मीटर का थ्रो लगाया। उनका चौथा थ्रो 20.06 मीटर का रहा लेकिन पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया।

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास आखिरी थ्रो पर 20.36 मीटर था जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया। तूर ने जकार्ता खेलों में 20.75 मीटर के थ्रो के साथ पीला तमगा हासिल किया था। महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में भारत की हरमिलन बैंस ने रजत पदक जीता जबकि पुरूष वर्ग में अजय कुमार सरोज को रजत और जिंसन जॉनसन को कांस्य पदक मिला। इससे पहले गत चैंपियन भारत की हेप्टाथलन खिलाड़ी स्वप्ना बर्मन चोटों से जूझने के कारण भाला फेंक स्पर्धा के बाद हेप्टाथलन स्पर्धा से पदक की दौड़ से लगभग बाहर हो गईं।

भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने एशियाई खेलों में निशानेबाजी के आखिरी दिन को यादगार बना दिया जब पुरूष टीम ने स्वर्ण और महिला टीम ने रजत पदक जीता हालांकि व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ कीनान चेनाई ने कांस्य पदक हासिल किया।आखिरी दिन ट्रैप में मिले तीन पदकों के बाद भारतीय निशानेबाज सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य समेत 22 पदक लेकर लौटेंगे जो एशियाई खेलों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पुरूष टीम वर्ग में पृथ्वीराज तोडइमान, काइनन चेनाई और जोरावर सिंह संधू की भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में एशियाई खेलों के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने क्वालीफिकेशन दौर में 361 अंक जुटाए।

भारतीय दूत का प्रवेश बाधित करने का मामला

# खालिस्तानी चरमपंथियों की स्कॉटलैंड गुरुद्वारे ने की निंदा

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में जिस गुरुद्वारे में प्रवेश करने से खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों द्वारा रोक दिया गया था, उसने इस उपद्रवी व्यवहार की निंदा की और कहा कि स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्लासगो गुरुद्वारा गुरु ग्रंथ साहिब सिख सभा ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि अज्ञात और अनियंत्रित लोगों ने उपासना स्थल पर शांति भंग की और राजनयिक की व्यक्तिगत यात्रा को बाधित करने का प्रयास किया।

बयान के अनुसार, यह यात्रा स्कॉटलैंड की संसद के एक सदस्य की ओर से आयोजित की गई थी। इसके बाद लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि स्कॉटलैंड के बाहर के तीन लोगों ने शुक्रवार शाम को यात्रा को जानबूझकर बाधित किया और उनमें से एक ने गुरुद्वारे में राजनयिक के पहुंचने पर उनकी कार के दरवाजे को हिंसक तरीके से खोलने का भी प्रयास किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि उसने इस शर्मनाक घटना की सूचना ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) और मेट्रोपॉलिटन पुलिस को दे दी है।

गुरुद्वारे ने एक बयान में कहा, ग्लासगो क्षेत्र के बाहर के कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने यात्रा को बाधित करने का प्रयास किया, जिसके बाद गुरुद्वारे आए दल ने परिसर से जाने का फैसला किया। उसने कहा कि राजनयिकों के दल के जाने के बाद इन उपद्रवी लोगों ने गुरुद्वारा मंडली में अशांति फैलाना जारी रखा। उसने कहा, स्कॉटलैंड पुलिस वहां मौजूद थी और उसने मामले का संज्ञान लिया है। गुरुद्वारे ने कहा, ग्लासगो गुरुद्वारा सिख उपासना स्थल की शांति बाधित करने के इस तरह के उपद्रवी व्यवहार की कड़ी निंदा करता है।

# मुख्तार अंसारी के खिलाफ बेनामी संपत्ति मामले में दस करोड़ की जमीन कुर्क

भाषा। लखनऊ

**आयकर** विभाग ने माफिया-नेता मुख्तार अंसारी और उसके परिजन के खिलाफ चल रही कथित बेनामी जायदाद मामले की जांच के तहत लखनऊ में लगभग 10 करोड़ रुपए की दूसरी भूसंपत्ति कुर्क की है। विभाग की बेनामी संपत्ति जांच शाखा ने व्यापक जांच को ऑपरेशन पैंथर नाम दिया है। जांच में पाया गया है कि लखनऊ के डालीबाग इलाके में 13-सी।3 पर 3,234 वर्ग फुट के प्लॉट की बेनामीदार (जिसके नाम पर बेनामी संपत्ति है) तनवीर सहर, गाजीपुर की निवासी एक महिला है।

पीटीआई-भाषा द्वारा प्राप्त किए गए आधिकारिक रिकॉर्ड से पता चलता है कि आयकर विभाग ने गत 29 सितंबर को बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के नियम-5 के साथ पठित धारा 24(3) के तहत भूखंड कुर्क कर लिया। इसके अनुसार यह पाया गया कि इससे जुड़े हुए लोग "बहुत प्रभावशाली" हैं और संपत्ति एक प्रमुख स्थान पर स्थित है और उसका गुपचुप निपटान किया जा सकता है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कुर्क की गई जमीन का स्टांप मूल्यांकन 76 लाख रुपए से थोड़ा अधिक है जबकि इसका बाजार मूल्य लगभग 10 करोड़ रुपए आंका गया है।

आयकर विभाग ने इसी साल अप्रैल में अंसारी के खिलाफ मामले में पहली संपत्ति उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में सदर तहसील अंतर्गत मौजा कपूरपुर में स्थित कुर्क की। लगभग 12 करोड रुपए मूल्य की इस जमीन का बेनामीदार मुख्तार अंसारी का कथित सहयोगी गणेश दत्त मिश्रा था। सूत्रों के मुताबिक आयकर अधिकारियों ने मिश्रा से लंबी पूछताछ और उत्तर प्रदेश पुलिस और राजस्व विभाग से प्राप्त रिकॉर्ड और बैंकों सहित विभिन्न एजेंसियों से वित्तीय दस्तावेजों के आधार पर नवीनतम संपत्ति (लखनऊके डालीबाग में) का पता लगाया था। यह पाया गया था कि मिश्रा ने 2014 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्रोजेक्ट एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा लिए गए 1.60 करोड़ रुपए के ऋण के लिए डालीबाग की संपत्ति को गिरवी रखा था, जिसके शेयरधारक अंसारी की पत्नी अफशां, बेटा अब्बास अंसारी और ससुर जमशेद रजा थे। ऋण का भुगतान करने के बाद बैंक द्वारा संपत्ति मुक्त कर दी गई और इसे नवंबर 2020 में कथित बेनामीदार सहर को हस्तांतरित कर दिया गया। आयकर विभाग ने पाया कि सहर ने कभी आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है और कुछ अन्य के अलावा, उसके पास डालीबाग प्लॉट खरीदने के लिए आय का पर्याप्त स्रोत नहीं है। विभाग ने निष्कर्ष निकाला कि सहर संपत्ति की "डमी मालिक या बेनामीदार" थी। कर अधिकारियों ने भी उसे पूछताछ के लिए बुलाया लेकिन वह अभी तक उनके सामने पेश नहीं हुई है। आयकर विभाग के सूत्रों ने पहले कहा था कि वे ऑपरेशन पैंथर के तहत अंसारी के परिवार की लगभग 20-21 और कथित बेनामी संपत्तियों को जब्त करने के लिए काम कर रहे थे।

# भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने बैठक की पीएम भी रहे उपस्थित

**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए रविवार शाम भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक यहां पार्टी मुख्यालय में हुई। बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित सीईसी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस बैठक से पहले नड्डा के आवास पर पार्टी की राजस्थान और छत्तीसगढ़ इकाई के कोर समूह की बैठक हुई। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि पार्टी की ओर से राजस्थान के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि इन बैठक में पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार करने में जुटे भाजपा के कोर समूह के नेताओं ने कई मुद्दों और उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की। राजस्थान चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए भाजपा अध्यक्ष नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री और राजस्थान के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, राजस्थान चुनाव के लिए सह-प्रभारी कुलदीप बिश्नोई, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख सीपी जोशी शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### सेना ने जम्मू-कश्मीर के वंचित छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना आरंभ की

**श्रीनगर।** भारतीय सेना ने वंचित विद्यार्थियो को शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर विशेष छात्रवृत्ति योजना-2023 शुरू की है। एक रक्षा प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि सेना के सद्भावना ऑपरेशन के तहत शुरूकी जा रही इस छात्रवृत्ति के माध्यम से घाटी के विभिन्न जिलो के 146 विद्यार्थियो मे से प्रत्एक को पढ़ाई के लिए 1.2 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रवक्ता ने यहां कहा, इन विद्यार्थियो के संबंध में शेष व्यय संबंधित विश्वविद्यालयो द्वारा वहन किया जाएगा। 12 संबद्ध विश्वविद्यालय हैं जिनमें ए छात्र अपनी उच्च शिक्षा हासिल करेंगे। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र मे असाधारण क्षमता और समर्पण प्रदर्शित करने वालों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता प्रदान करके विशेषाधिकार प्राप्त और वंचित विद्यार्थियों के बीच के अंतर को पाटना है। प्रवक्ता ने कहा कि कुपवाड़ा जिले से सैकड़ो विद्यार्थियो ने आवेदन किया था जिनमें से लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर 34 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

# प्रधानमंत्री ने उठाया झाड़ू, देशभर में लोगों ने लिया स्वच्छता अभियान में हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली, लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान की अपील पर नेताओं से लेकर छात्रों तक, सभी क्षेत्रों के लोगों ने रविवार को एक घंटे के श्रमदान में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हाथ में झाड़ू थामकर एक पार्क में सफाई की। प्रधानमंत्री ने फिटनेस और वर्कआउट की पारंपरिक व देसी शैलियों को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्धि हासिल करने वाले अंकित बैंयापुरिया के साथ एक पार्क में श्रमदान करने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया।

उन्होंने पोस्ट में कहा, आज जब राष्ट्र स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, अंकित बैंयापुरिया और मैंने भी ऐसा ही कियाउ स्वच्छता से परे, हमने फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित किया। यह सब स्वच्छ और स्वस्थ भारत के बारे में है। वीडियो में प्रधानमंत्री और बैंयापुरिया स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर



चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने बैंयापुरिया से स्वच्छता अभियान में फिटनेस के महत्व पर बात की। वहीं, बैंयापुरिया ने कहा कि वातावरण स्वच्छ रहेगा, तो फिटनेस भी बरकरार रहेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि वह कितनी कसरत कर पाते हैं? जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करता, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी के लिए जितना चाहिए... मैं अनुशासन का पालन करता हूं। दो चीजों में अभी अनुशासन का पालन नहीं कर पा रहा हूं। एक तो खाने का टाइम नहीं... और दूसरा, सोने के लिए मुझे समय देना चाहिए, वह मैं दे नहीं पा रहा हूं। वीडियो में प्रधानमंत्री को झाड़ू लगाते और कूड़ा-कचरा उठाते भी देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में धीरे-धीरे स्वच्छता का वातावरण बन रहा है और अब तो बच्चे भी खुद



से अधिक उम्र के लोगों द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर उन्हें टोकने लगे हैं। बैंयापुरिया को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, आपसे मिलने का सपना था, वह पूरा हो गया। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में भाग लिया। इससे पहले, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर में 9.20 लाख से अधिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की पिछली कड़ी में मोदी ने सभी नागरिकों से एक अक्टूबर को स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर यह स्वच्छांजलि होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाथ में झाड़ू थामे अहमदाबाद में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली के झंडेवालान इलाके में इस अभियान में शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली छावनी में रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) के परिसर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान सहित श्रमदान गतिविधियों का नेतृत्व किया।

सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूज्य बापू के विचारों से प्रेरणा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि सभी लोग स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत श्रमदान करें। उस अभियान से जुड़ते हुए आज मैंने दिल्ली में श्रमदान किया। स्वच्छता के प्रति हाल के वर्षों में पूरे देश में जागरूकता बढ़ी है और आज यह एक जन आंदोलन बन गया है। श्रमदान में हिस्सा लेते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हमने (केंद्र) देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन हम इसे करेंगे। देशभर में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने झाड़ू उठाकर स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने भी स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और कहा कि स्वच्छता देश का चेहरा बन गई है। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी नई दिल्ली में स्वच्छता गतिविधि के लिए स्वेच्छा से शामिल हुए। दिल्ली नगर निगम ने कहा कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में 500 स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने के लिए संविधान सदन (पुराना संसद भवन) परिसर में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुलभ इंटरनेशनल के अनुसार, उसने 300 शहरों और कस्बों में 1,000 स्थानों पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया, जिसमें 50,000 लोगों ने भाग लिया।

# अयोध्या की तर्ज पर संवारेंगे नैमिष तीर्थः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/सीतापुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार को एक दिवसीय दौरे पर नैमिषारण्य धाम के चक्रतीर्थ पहुंचे। यहां उन्होंने विधि विधान से दर्शन.पूजन एवं हवन का कार्य संपादित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने यहां स्थित प्राचीन भूतेश्वरनाथ मंदिर और मां ललिता देवी मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। मुख्यमंत्री ने चक्रतीर्थ में देशभर से आए संतोंए महंतों और नैमिष तीर्थ के विभिन्न मठ मंदिरों के पुजारियों के साथ स्वच्छता श्रमदान किया। मुख्यमंत्री सहित अन्य साधु.संतों ने मास्क लगाकर झाड़ू लगाते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता का भी संदेश दिया। इससे पूर्व संत.महंतों से वार्तालाप के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी से स्वच्छता को लेकर आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मठए मंदिरों को पूरी तरह से हमें प्लास्टिक मुक्त बनाना होगा। सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि नैमिष तीर्थ के विकास के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है। अयोध्या की तर्ज पर ही नैमिषारण्य का विकास सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश की कमान संभालने के बाद बाद पांचवी बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज मनु, वेद व्यास और महर्षि दधीचि सहित 88 हजार तेजोमय ऋषि मुनियों की पावन तपोभूमि नैमिष तीर्थ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां साधु संतों से काफी देर तक मुलाकात की। इस दौरान संतों ने नैमिष तीर्थ में हुए अभूतपूर्व विकास की मुक्तकंठ से सराहना की। देश के कोने कोने से आए संतोंए महंतों और विभिन्न मंदिरों के पुजारियों ने मुख्यमंत्री का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि वैसे तो नैमिष तीर्थ पूरे देश के आस्थावान सनातनियों में अपने अमूल्य स्थान रखता हैए मगर इस सरकार में हुए विकास कार्यों से इसकी शोभा और बढ़ गई है। सभी ने मुख्यमंत्री को अपने अपने मंदिर.मठों में पधारने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने संतों महंतों और पुजारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूज्य बापू महात्मा गांधी के प्रति स्वच्छांजलि अर्पित करने का आह्वान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। हमारा दायित्व है कि हम स्वच्छता को एक दिन का कार्यक्रम ना बनाते हुए जनआंदोलन का रूप दें। स्वच्छता ही जीवन की पहली आवश्यकता है। खासाकर तीर्थोंए मठए मंदिरों और हर वो जगह जहां लोगों का सार्वजनिक आगमन होता है, हमें स्वच्छता के प्रति संवेदनशील होना होगा। मुख्यमंत्री ने संभी संतों से अपने अपने मठए मंदिरों को प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया। नैमिष तीर्थ के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। इस क्षेत्र की वैदिक और पौराणिक ख्याति को पुनर्स्थापित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राजधानी लखनऊ के पास होने के बावजूद पहले यहां दीपक तले अंधेरा वाली स्थिति देखने को मिलती थी। आज यहां इलेक्ट्रिक बस सेवाए हेलीकॉप्टर सेवाए सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य तेज गति से हो रहा है।

## सीतापुर को मुख्यमंत्री ने दी 550 करोड़ की योजनाओं की सौगात

● 91 करोड़ की 29 परियोजनाओं का लोकार्पण, 460 करोड़ की 45 परियोजनाओं का शिलान्यास



**लखनऊ/सीतापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महर्षि वेद व्यास धाम के समीप नैमिषारण्य में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सीतापुर के विकास के लिए 550 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। इसके अंतर्गत 91 करोड़ की 29 परियोजनाओं का लोकार्पण और 460 करोड़ की 45 परियोजनाओं का शिलान्यास सीएम के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी से सीतापुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि जितने भी स्वच्छताग्राही हैं इनको न्यूनतम वेतन की गारंटी सरकार देगी। इसके लिए कमेटी गठित की गई हैए उसकी रिपोर्ट को सरकार लागू करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तीर्थ की महिमा का गान संत तुलसीदास ने श्रीरामचरित मानस में किया है, वहां आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियों के खिलाफ महर्षि दधीचि के त्याग और बलिदान की इस भूमि पर सूत जी ने शौनक आदि 88 हजार ऋषि.मुनियों को पुराण की कथा सुनाकर, भारत की ज्ञान परंपरा को धरोहर के रूप में आने वाली पीढ़ी को देने के लिए लिपिबद्ध करने के कार्य को आगे बढ़ाया था। मगर आजादी के बाद से इस पवित्र भूमि की उपेक्षा ही की गई। महर्षि वेद व्यास का आश्रम हो या यहां के अन्य पवित्र तीर्थों की सदैव उपेक्षा की गई। यहां जैसा विकास होना चाहिए था वो नहीं हुआ। मगर आज डबल इंजन की सरकार नैमिष तीर्थ के विकास के लिए महा अभियान चला रही है। नैमिष तीर्थ के साथ साथ सीतापुर के लिए साढ़े पांच सौ करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा नैमिष तीर्थ चमक रहा है। हमें अपने तीर्थों को पर्व और त्योहारों के समय में ही नहीं बल्कि सामान्य समय में भी स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना होगा। महात्मा गांधी को समर्पित स्वच्छ भारत अभियान के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के भाव को घर घर पहुंचाकर जन आंदोलन बना दिया है। पहले इस मौसम में अनेक प्रकार की बीमारी होती थी। मलेरिया, हैजा, डायरिया, चिकनगुनिया, इंसेफ्लाइटिस का प्रकोप होता था। जब से स्वच्छता एक जनआंदोलन बना है तब से मलेरिया हो या फाइलेरिया, डेंगू हो या चिकनगुनिया, सभी बीमारियां समाप्ति की ओर जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने सीतापुर में बिना किसी भेदभाव के शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का विशेष तौर पर उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज कोई भी नहीं कह सकता कि उसे कोई पूछने वाला नहीं है। हर स्तर पर सहयोग के लिए डबल इंजन की सरकार तैयार है। सीतापुर में पीएम आवास में 234800 से अधिक परिवारों को एक एक मकान देने का कार्य हुआ है। इसके अलावा 716500 से अधिक परिवारों को शौचालय, 217000 परिवारों को हर घर नल का कनेक्शन, उज्वला योजना के जरिए 578900 से अधिक फ्री रसोई गैस कनेक्शन, 55000 बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इसी प्रकार फ्री विद्युत कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, स्वनिधि योजना, कौशल विकास योजना, मृदा हेल्थ कार्ड सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की चर्चा करते हुए कहा कि ये सभी योजनाएं आज बिना भेदभाव के प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने व्यापारियों, पुजारियों, पंडेए मालीए स्वच्छता कर्मी को आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार सबके पुनर्वास की व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन ये जनपद के विकास की योजनाएं प्रभावी ढंग से मूर्तरूप लेंगी सबकी आमदनी कई गुना बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी से नैमिष तीर्थ की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि श्कृतेच प्रति कर्तव्यम्ए ऐश धर्म सनातन:श् अर्थात् सनातन धर्म वही हैए जिसमें हम अपने प्रति किये गये कार्यों को लेकर कृतज्ञता ज्ञापित करें। यह समय पितृपक्षा का हैए ऐसे में हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करनी चाहिए। पितरों और देवी देवताओं को स्वच्छता प्रिय होती है। हमें नदियों, तीर्थों, मठ, मंदिरों, सड़क, स्कूल, अस्पताल, पार्क आदि सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखते हुए पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सुरेश राही, सांसद राजेश वर्मा, बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, सहित विधायक, विधानपरिषद् सदस्य, पूर्व विधायक एवं बीजेपी के पदाधिकारीगण विशेष रूप से मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने इसके उपरांत अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद् के अंतर्गत गतिमान परियोजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नैमिषारण्य धाम एवं उसके समीप पर्यटक स्थलों के जीर्णोद्धार, नवनिर्माण तथा सुंदरीकरण की परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने हर परियोजना के लिए समय.सीमा निर्धारित करते हुए उसे गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने चक्रतीर्थ, मां ललिता देवी मंदिर, व्यास गद्दी, सूत गद्दी आदि प्रमुख स्थलों की व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के बाद नैमिषधाम में देश.दुनिया से पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आगमन तेजी से बढ़ेगा। पर्यटन मानचित्र पर जनपद सीतापुर प्रमुखता से अंकित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां हुआ अबतक का विकास मात्र छोटी सी झलक है। यहां अभी बहुत से कार्य होने बाकी हैं। पूरा देश आज नैमिषारण्य आना चाहता है। अयोध्या में राममंदिर बनने के बाद यहां श्रद्धालुओं की तादात और बढ़ेगी। ऐसे में हमें यहां सुव्यवस्थित वातावरण तैयार करना होगा। ये कार्य स्वच्छता के साथ ही पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि यहां आने वाले दर्शनार्थियों, पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार हो।

# अब हर माह होगी थानेदार से लेकर एडीजी तक की समीक्षा

● एक एक दिन का देना होगा हिसाब ●जिला स्तर पर साइबर थाने और थाना स्तर पर साइबर सेल का होगा गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अधिकारियों को जिला स्तर से लेकर जोन स्तर पर समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अपराधिक घटनाओं से लेकर पेंडिंग मामलों पर चर्चा हो और लापरवाही करने वालों पर एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि हर घटना एक सबक होती है, इससे फील्ड में तैनात अधिकारी सीख लें और एक्टिव रहें ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं प्रदेश में न हों और समय रहते उनको रोका जा सके। इस दौरान शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो अभियान चलाने के निर्देश दिये। वहीं सीएम ने प्रदेश में जिला स्तर पर साइबर क्राइम थाना और थाना स्तर पर साइबर सेल का गठन करने के भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने, शिकायती पत्रों के शत प्रतिशत निस्तारण, चार्ज शीट और पेंडिंग मामलों के तेजी से निस्तारण को लेकर जिले के एसएसपी, एसपी को हर थाने की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिये। इसी तरह एडीजी आईजी रेंज की पाक्षिक और डीजीपी एडीजी जोन की मासिक समीक्षा बैठक करें। सीएम ने कहा कि हर घटना एक सबक है। अंबेडकरनगर की घटना से पुलिस अधिकारी सबक लें और दोबारा ऐसी घटना न हो इसको लेकर अलर्ट रहें। पूरे प्रदेश में शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो स्क्वाड को एक्टिव किया जाए और अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए।

जिला मॉनिटरिंग कमेटी (डीएम, एसपी, एसएसपी कमिश्नर, जिला जज) की बैठक निरंतर होती रहे ताकि समय से चार्जशीट दाखिल होती रहे। इसमें पॉक्सो और महिला अपराध पर खास फोकस रखा जाए। वहीं लव जिहाद के मामलों में नये कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी थाने सीसीटीवी से लैस हो गये हैंए जहां काम चल रहा है वहां एक हफ्ते में पूरा किया जाए। अभी रेंज स्तर पर साइबर क्राइम थाने बने हैं। अब इसे जिला स्तर पर बनाने की कार्रवाई शुरू की जाए। इसी तरह जिला स्तर पर साइबर सेल संचालित हैं। इसे भी थाना स्तर पर संचालित करने के लिए कार्यवाही शुरू की जाए। इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। वहीं थाना स्तर पर साइबर सेल के संचालन के बाद भी साइबर हेल्प डेस्क का संचालन बंद न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

सीएम ने थाने स्तर से लेकर एसपी/एसएसपी/कमिश्नर स्तर पर सोशल मीडिया पर निगेटिव खबरों को लेकर पैनी नजर रखने को कहा है ताकि प्रदेश में शांति का माहौल बरकरार है। प्रदेश में त्योहारों का सीजन शुरू हो रहा है। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे लोगों की लिस्ट बनाकर कार्रवाई करें। प्रदेश में निवेश का माहौल है। इससे सभी को समझना होगा।

निवेशकों को कोई परेशानी न हो और उनकी समस्या का बिना देरी किए निस्तारण हो इसके लिए हर थाने में निवेशक मित्र तैनात किया जाए। इसी तरह प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। ऐसे में पर्यटकों को सहायता के लिए थाने में पर्यटक मित्र पुलिस की तैनाती हो। उन्होंने कहा कि संवाद से ही समस्या का समाधान निलकता है। इसे ध्यान में रखते हुए थानेदार ग्राम चौकीदार के साथ बैठक करें और क्षेत्र की गतिविधियों को लेकर चर्चा करें।

# गठबंधन से दूर रहकर अपनी ताकत मजबूत करेंः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बीएसपी को सत्ताधारी एनडीए तथा विपक्षी इण्डिया दोंनों ही गठबंधनों से पूरी-पूरी दूरी बनाए रखकर अपनी ताकत को मजबूत बनाकर कार्य करना है, जैसाकि पार्टी पहले अपने बलबूते पर ही आगे बढ़ती रही है। मायावती रविवार को प्रदेश कार्यालय पर आगामी लोकसभा आमचुनाव की तैयारियों के संबंध में उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के राज्य स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रही थी। प्रदेश कार्यालय पर बैठक में बसपा सुप्रीमो मायावती ने फेक न्यूज के प्रचार व प्रसार से अपने लोगों को सावधान करते हुए कहा कि बीएसपी विरोधी तत्व राजनीतिक साजिश के तहत बीच-बीच में इस प्रकार का दुष्प्रचार करते रहने से अभी भी रूक नहीं रहे हैं। इसीलिए सावधानी हर स्तर पर बरतना बहुत जरूरी है ताकि अपनी चुनावी तैयारी किसी भी प्रकार से प्रभावित न होने पाए।

सत्ताधारी पार्टी भाजपा व उनकी सरकार द्वारा इस बार फिर से नई चुनावी रणनीति अपनाये जाने का संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद देश व यहाँ के लोगों की ज्वलन्त समस्यायें जैसे विचलित करने वाली महंगाई, अति गरीबी, बेरोजगारी, आय में कमी, एवं बदहाल सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास तथा अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था आदि लोगों के दिल-दिमाग पर हावी जरूर है। किन्तु यह कितना गंभीर चुनावी मुद्दा बन पाएगा यह अभी कहना मुश्किल, क्योंकि जनहित एवं जनकल्याण के इन मामलों में भाजपा व कांग्रेस का रवैया लगभग एक जैसा ही जनविरोधी देखने को मिलता रहा है। मायावती ने कहा कि सदियों से जातिवाद के आधार पर सामाजिक एवं आर्थिक शोषण, अन्याय व गैर-बराबरी का शिकार रहे बहुसंख्यक एससी, एसटी व ओबीसी समाज के लोगों को मुक्ति एवं उनकी समानता आदि के लिए आरक्षण की व्यवस्था संविधान में की गयी है। किन्तु इसको भी निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने का प्रयास हर स्तर पर लगातार जारी है और ऐसे में आरक्षण को बेरोजगारी दूर करने तथा अन्य और भी दिखावटी बदलाव का कारण नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में व सरकार में भी गैर बराबरी वाली नीयत व नीति जारी रहेगी तब तक आरक्षण का सही लाभ लोगों को नहीं मिल पाएगा तथा यह केवल कागजी सुविधा बन कर रह जाएगी। बैठक में गंभीर हालातों का उल्लेख करते हुए मायावती ने कहा कि जिस प्रकार से एक व्यक्ति की केस में दोष सिद्धि से पहले ही अंधाधुंध बुलडोजर चलाकर उसके पूरे परिवार को दण्डित किया जा रहा है और उसी प्रकार किसी व्यक्ति को उसकी सजा घोषित होने से पहले ही उसके शिक्षण संस्थाओं तथा अब अस्पतालों तक को बंद किया जा रहा है, यह घोर जनविरोधी कदम है। इससे आम जनहित प्रभावित हो रहा है और लोगों की परेशानी बहुत बढ़ रही है। सरकार की ऐसी कार्रवाई जनता की नजर में द्वेषपूर्ण व पूरी तरह से गैर जरूरी।

# 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए बड़ा परिवर्तनकारी होगाः सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए बड़ा परिवर्तनकारी होगा। केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो देश बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांतो और उनके बताए रास्ते पर चलेगा, लेकिन अगर पीछे रह गए तो भाजपा संविधान बदलकर न जाने किस रास्ते पर ले जाएगी। अखिलेश यादव ने यह बात रविवार को गोमती नगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पूर्व विधायक नीरज मौर्य द्वारा लिखित पुस्तक दलित एवं पिछड़ों के वोटों से सत्ता के विमोचन के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।




अखिलेश यादव ने कहा कि पांच हजार साल पहले जो जाति व्यवस्था आयी, उसी से समाज में दूरियां बनी है। समय समय पर महापुरुषों ने समाज सुधारने के लिए काम किया। महात्मा ज्योतिबा फुले, शाहूजी महाराज, पेरियार, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, मान्यवर कांशीराम, डॉ. राममनोहर लोहिया, नेताजी ने समाज को जगाने और जागरूक करने का काम किया। हमें उम्मीद है कि जिस समय समाज पढ़ लिख जाएगा, जातियां टूटेंगी। जिस समय समाज सम्पन्न हो जाएगा हर जाति एक दूसरे के साथ खड़ी हो जाएगी।

अखिलेश यादव ने पुस्तक लिखने के लिए नीरज मौर्या को बधाई देते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है लेकिन जितना होना चाहिए उतना नहीं हुआ। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज को जागरूक बनाने का काम किया। डॉ. राममनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो का अभियान चलाया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। शिक्षा से ज्ञान बढ़ेगा, वही संघर्ष से सम्पन्नता आएगी। इसी से भेदभाव को खत्म किया जा सकता है।

## मध्य प्रदेश में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस और सपा मिलकर लड़े चुनावः अखिलेश

**लखनऊ।** पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि हम चाहते है कि भाजपा को हराने के लिए मध्य प्रदेश में कांग्रेस और सपा मिलकर चुनाव लड़े और भाजपा को हराए। मध्य प्रदेश के सपा संगठन ने विधानसभा चुनाव को लेकर बात की है। उन्होंने हमें कुछ सीटों के नाम और प्रत्याशी सुझाएं है। अखिलेशी यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नवरात्रि आते ही हम भी वीआईपी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार देंगे। हम पीडीए के साथ मिलकर भाजपा को उसकी वीआईपी सीटों पर हराएंगे। भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी ने पहले ही रणनीति बना रखी है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज हर समाज और दल के लोग जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। सभी चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो, जिस जाति की जो आबादी हो उसके हिसाब से हक मिले। आज पिछडे, दलित और अल्पसंख्यक खास कर मुस्लिम भाई, नौकरी, रोजगार या संस्थानों में हर जगह पीछे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़े और दलितों ने ताकत देकर केन्द्र में एनडीए की सरकार बनायी थी। भाजपा सरकारों ने इन्हीं वर्गों का शोषण किया। पिछड़ों और दलित छोड़ देंगे तो एनडीए कहीं नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि पिछड़ों.दलितों को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी संस्थाओं को मजबूत और सक्षम बनाना पड़ेगा। प्राइमरी स्कूलों में पिछड़े और दलित समाज के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूलों की हालत बेहद खराब है। प्रदेश में तीन हजार प्राइमरी स्कूल बंद हो गये। इसी तरह से सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए सबसे ज्यादा गरीब लोग जाते है। हमें सरकारी संस्थानों को मजबूत करना होगा।

# महाकुंभ 2025 को भव्य व दिव्य स्वरूप देने की योगी सरकार की तैयारी

● 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनेगा 'गंगा पंडाल'

**लखनऊ/ प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में लगने जा रहे हैं महाकुंभ को लेकर योगी सरकार की तरफ से युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। एक तरफ जहां महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कुंभ क्षेत्र का विस्तार किया गया है तो वही श्रद्धालुओं के कुंभ क्षेत्र में ठहरने से लेकर अन्य सुविधाओं को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। प्रयागराज में 2019 में आयोजित किए गए कुंभ में देश.विदेश से आए 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या के बाद 2025 में आयोजित होने जा रहे हैं महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का प्रशासन का अनुमान है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक भीड़ महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु ऑन की भीड़ को देखते हुए इस बार कुंभ क्षेत्र के बसावट में बदलाव किया गया है। योगी सरकार ने फैसला किया है कि इस बार कुंभ में बसने वाले मेले का विस्तार 4000 हेक्टेयर से अधिक तक किया जाएगा। पिछले कुंभ में मेला क्षेत्र को 3200 हेक्टेयर में बसाया गया था। महाकुंभ में क्षेत्र विस्तार के साथ इससे संबंधित पूरक व्यवस्थाओं में भी बदलाव किया गया है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इस बार संगम की रेती पर संगमए अरैल से लेकर फाफामऊ के बीच 25 सेक्टर में महाकुंभ बसाया जाएगा। अलग. अलग सेक्टर का क्षेत्रफल भी विस्तारित किया जाएगा । कुंभ मेला क्षेत्र के एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर जाने के लिए गंगा नदी में बनाए जाने वाले पॉन्टून पुल की संख्या में भी इस बार बढ़ोतरी होगी। महाकुंभ के लेआउट प्लान के अनुसार इस बार आठ अतिरिक्त पांटून पुल बनाए जाएंगे। पिछली बार 22 पांटून पुल बने थेए जबकि इस बार 30 पांटून पुलों का निर्माण होगा।

महाकुंभ को स्वच्छता के मॉडल के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि 1.45 लाख शौचालय बनाए जाएंगे। कुंभ क्षेत्र में 10 हजार सफाई कर्मी भी लगाए जाएंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 25 हजार डस्टबिनए 800 सफाई गैंग और आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम भी प्रस्तावित किया गया है। इसे मेला प्राधिकरण की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को कुंभ क्षेत्र में ठहरने के लिए भी योगी सरकार खास इंतजाम कर रही है। कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत के मुताबिक महाकुंभ के लिए टेंटेज के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति बन गई है। 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का गंगा पंडाल बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों.भक्तों के ठहरने की सुविधा होगी।

# ब्रिटिश सांसद वीरेंद्र शर्मा ने पोस्ट कार्ड लिखकर सीएम योगी को दी बधाई

● यूपी में बड़ी सफलताएं हासिल करने व राज्य में शांति लाने के लिए लिखा बधाई पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुरीद ब्रिटेन भी हो गया है। वहां की संसद के सदस्य उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था से प्रदेश में आई शांति की सराहना कर रहे हैं। इस कड़ी में ब्रिटिश सांसद वीरेंद्र शर्मा ने एक पोस्ट कार्ड लिखकर सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन के लिए बधाई दी है। पोस्ट कार्ड में ब्रिटिश सांसद ने लिखा है कि 'योगी आदित्यनाथ मैं आपको यूपी में बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए और राज्य में शांति लाने के लिए बधाई देना चाहता हूं'। पिछले हफ्ते, यूपी के मुख्यमंत्री के जीवनी लेखक, शांतनु गुप्ता को ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में आमंत्रित किया गया और ग्लोबल गांधी पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शांतनु ने ब्रिटिश सांसद वीरेंद्र शर्मा को अपना बेस्टसेलर ग्राफिक्र उपन्यास . 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' उपहार में दिया। उनके प्रत्येक ग्राफिक्र उपन्यास में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संदेश भेजने के लिए एक पोस्ट कार्ड होता हैए जिस पर ब्रिटिश सांसद वीरेंद्र शर्मा ने यूपी सीएम की सराहना करते हुए संदेश लिखा है।

# नये एमएसपी पर धान की खरीद शुरू

● 4000 केंद्रों पर एमएसपी पर धान खरीदेगी योगी सरकार
●कॉमन और ए ग्रेड धान के लिए एमएसपी 2183 रुपये और 2203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों की आय दो गुनी करने और फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए वृहद स्तर पर योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में योगी सरकार ने हर साल की तरह खरीफ खरीद सीजन 2023.24 के तहत रविवार एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू कर दी है। धान खरीद केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए उचित व्यवस्था की गई है। योगी सरकार इस सीजन धान की खरीद बढ़े हुए एमएसपी पर कर रही है। धान की नई एमएसपी दर कॉमन धान के लिए 2183 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान के लिए 2203 रुपये प्रति क्विंटल है। पिछले साल यह दर सामान्य धान के लिए 2040 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान के लिए 2060 रुपये प्रति क्विंटल थी। इस सीजन धान खरीद में नोडल एजेंसी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग नया रिकार्ड बनाने के लिए करीब 70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद करेगा। किसानों को केंद्र तक धान लाने में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा गया है। ऐसे में ये केंद्र किसानों के खेतों के पास स्थापित किए गए हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फसल खरीद के बाद किसानों को तत्काल भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था कर रहा है। इसके लिए रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से केंद्रों को जियो.टैग किया गया है।

## पीएफएमएस पोर्टल से भी की जाएगी धान की खरीद

धान की खरीद में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश के किसानों को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है। धान की खरीद इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफपरचेज मशीनों के माध्यम से किसानों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए की जाएगी। इतना ही नहीं गेहूं खरीद की तर्ज पर धान की खरीद पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से भी की जाएगी। पोर्टल के माध्यम से की गई धान की खरीद का भुगतान किसान के खाते में 72 घंटे के भीतर पहुंच जाएगा। लखनऊ मंडल के बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग और हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर में धान की खरीद रविवार 1 अक्टूबर से शुरू कर दी गई है जबकि लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर और प्रयागराज संभाग में एक नवंबर से धान खरीदी शुरू की जाएगी। सभी केंद्र सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक संचालित किए जाएंगे। किसान रजिस्ट्रेशनए भूमि के रकबे का सत्यापनए खरीद व एमएसपी पेमेंट की जानकारी विभाग के मोबाइल एप से घर बैठे जान सकेंगे। योगी सरकार ने इस बार किसानों से धान खरीद के पेमेंट के लिए धान के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में कराने की व्यवस्था की है। इसके लिए किसानों का बैंक खाता आधार सीडेड एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप के साथ सक्रिय होना आवश्यक है। वहीं किसानों की सुविधा के लिए नामिनी की व्यवस्था की गयी है। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में गेहूं व धान खरीद के लिए पूर्व में पंजीकरण करा चुके किसानों को धान बिक्री के लिए दोबारा पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है।

# नागरिकों ने स्वच्छता को बनाया जन आंदोलन

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व संगठन मंत्री ने सफाई के लिए लोगों को किया प्रेरित
- भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को प्रदेश के शहरों, गांवो, गली, मोहल्लों, मठ मंदिरो, विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छताग्रह के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। प्रधानमंत्री के स्वच्छताग्रह का संदेश लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ में स्वच्छता अभियान की अगुवाई की और सड़को पर निकलकर सफाई करते हुए जनमनास को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने स्वच्छता अभियान से स्वच्छ भारत सुन्दर भारत स्वस्थ भारत समृद्ध भारत का संदेश दिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आलमबाग लखनऊ में प्राइमरी पाठशाला से स्वच्छता अभियान प्रारम्भ किया। इससे पूर्व संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में देश व प्रदेशवासियों ने स्वच्छता का शिष्टाचार से आत्मीकरण किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत के लिए देशवासियों का आवाह्न किया तो देश के नागरिकों ने आगे बढ़कर स्वच्छता को जन आंदोलन बना दिया। आज देश के जनमानस के विचार और व्यवहार में स्वच्छता का भाव मजबूती के साथ दृढ़ हुआ है। जिससे देश की तस्वीर बदली है और इस बदली हुई तस्वीर की चमक पूरा विश्व देख रहा है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज लखनऊ के फैजुल्लागंज, वाल्मीकि बस्ती में स्वच्छता अभियान को गति प्रदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के लिए राष्ट्र का आवाह्न करते हुए बताया कि स्वच्छता किस प्रकार देशवासियों के स्वास्थ्य व समृद्धि तथा देश की सुदृढ़ अर्थव्यवथा की कारक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सतत चलने वाला जनान्दोलन है इसलिए इस आन्दोलन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करना है। स्वच्छता अभियान में हमारी रचनात्मकता एवं सहयोगात्मकता से राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की सफलता सुनिश्चित होगी।

## पीजीआई में चला स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा के एक भाग के रूप में रविवार को संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंस में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। पीजीआई में स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य संस्थान और उसके आसपास स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देना है, जो महात्मा गांधी के सिद्धांतो से प्रेरित है और एक दशक पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के रूप में जिसकी शुरुआत की गई थी। सफाई अभियान का नेतृत्व आपातकालीन चिकित्सा और गुर्दा प्रत्यारोपण केंद्र से शुरू हुआ, जिसका नेतृत्व प्रोफेसर शालीन कुमार, कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर संजय धीराज सीएमएस, प्रोफेसर सुभाष यादव नोडल अधिकारी स्वच्छता, प्रोफेसर रुग्मी एस मारक प्रमुख माइक्रोबायोलॉजी विभाग, प्रोफेसर अनुपमा कौल नेफ्रोलॉजी विभाग और डॉ आर हर्षवर्द्धन प्रमुख अस्पताल प्रशासन विभाग ने किया।

# मध्य कमान ने नौ स्थानों पर चलाया सफाई कार्यक्रम



**लखनऊ।** प्रधान निदेशालय रक्षा संपदा मध्य कमान लखनऊ द्वारा लखनऊ में 9 जगहों पर रविवार को प्रधान निदेशक भावना सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणमान्य व्यक्तियों तथा आम नागरिकों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। श्रमदान की शुरुआत में गोला बाजार सदर में झाड़ू लगा कर कूड़े को स्वच्छता पात्र में एकत्रित किया गया। जिसका तुरंत निस्तारण वैज्ञानिक विधि द्वारा की गया। उत्साह के साथ स्वच्छता का प्रचार प्रसार करते हुए टीम दिलकुशा कोठी और गार्डन पहुंची जहां पर जीओसी इनसी मध्य कमान लेफ्टीनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमनि एवीएसएम एएसएमए वीएसएम के नेतृत्व में भारतीय सेना के अधिकारियों और जवानों द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। आर्मी कमांडर और प्रधान निदेशक की अगुवाई में टीम गोमती नदी फ्रंट पिपराघाट पर पहुंची यहां नदी के किनारे प्लास्टिक, बोतल, कूड़ा करकट और सभी प्रकार के कचरे को एकत्रित कर छावनी परिषद के संग्रहण वाहनों से ट्रेंचिंग मैदान में ले जा कर निस्तारण किया गया। प्रधान निदेशक भावना सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी को याद करके की गई। डीईओ एवं सीईओ छावनी परिषद प्रोमिला जायसवाल ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। निदेशक एनवी सत्यनारायण, डीएन यादव, पुष्पेंद्र सिंह, उप निदेशक अजय कुमार और उमेश पारीक ने भी श्रमदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। श्रमदान में ज्योति साह मिश्रा, उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य महिला आयोग, सतवीर सिंह राजू, अध्यक्ष सदर व्यापार मंडल, पूर्व उपाध्यक्ष रतन सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष कैंटोनमेंट बोर्ड रूपा देवी, मति सुमन वैश्य, सुनील वैश्य महामंत्री सदर व्यापार मंडल, पूर्व सभासद कैंटोनमेंट बोर्ड रीना, पूर्व सभासद छावनी परिषद संजय वैश्य, प्रमोद शर्मा, अशफ़ाक कुरैशी, रंजिता शर्मा एवम अमित शुक्ला ने विशेष योगदान किया। प्रधान निदेशक द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया और छावनी क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। श्रमदानियो की सुरक्षा के लिए दस्ताने, मास्क और जल की समुचित व्यवस्था छावनी परिषद द्वारा सुनिश्चित की गई। प्रधान निदेशालय की निगरानी में 25 भारतीय छावनी क्षेत्रों में श्रमदान कार्यक्रम पूरे जोश के साथ आयोजित किए गए।

# आयकर विभाग ने अभियान में दी अपनी भागीदारी



**लखनऊ।** आयकर विभाग ने खाटू श्याम मंदिर और गौशाला बीरबल साहनी मार्ग को रविवार की सुबह 10 बजे स्वच्छता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त उत्तर प्रदेश पूर्वी लखनऊ देविंदर सिंह चौधरी ने इस अभियान में अपना समय देकर सबका उत्साह वर्धन किया। साथ ही आयकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वहाँ उपस्थित नागरिकों को अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूक होने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने बालू अड्डे पर श्रमदान कर जनता को दिया संदेश

- डीएम, नगर आयुक्त, एडीएम प्रशासन, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर हरित आवरण को सनारक्षित करने की अपील
- डीएमं ने किया कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ श्रमदान करते हुए दिया स्वच्छता का संदेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजली अर्पित करने के लिए वित्त मंत्री द्वारा बालू अड्डा पर श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक घंटे तक महापौर, विधान सभा के सदस्य द्वारा सफाई किया गया। यही नहीं इस विशेष मौके पर बालू अड्डे पर आयोजित स्वच्छाजलि कायक्रम में मूक बाधिर बच्चों ने सफ ई से संबंधित चित्रकारी कर अपनी कला का परिचय दिया गया।

रविवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत बालू अड्डा क्षेत्र में वित्त मंत्री व प्रभारी मंत्री लखनऊ सुरेश खन्ना ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, सदस्य विधान परिषद महेंद्र सिंह, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह उपस्थित रहे। अभियान में मंत्री एवं महापौर के साथ ही समस्त अधिकारियों व अनय लोगों द्वारा पूरे एक घंटे तक श्रम दान किया। इस आयोजन में आयोजन में महापौर ने सभी के साथ उत्तर प्रदेश राज्य एवं भारत को स्वच्छ व सुन्दर बनानेके लिए निरन्तर प्रयास करने और उसके लिए विशेष श्रमदान करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान मंत्री ने नगर वासियों से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए अपना अहम योगदान देने एवं अपने घरों के साथ ही आस पड़ोस में साफ सफाई बरकरार रखने एवं स्वच्छता के प्रति एक दूसरे को जागरूक करने की अपील की। इसके साथ ही डीएम, नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सहित अन्य समस्त अधिकारियों ने वृक्षारोपण भी किया। लोगों से अधिक से अधिक पौध रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की। इस विशेष मौके पर बालू अड्डे पर आयोजित स्वच्छाजलि कायक्रम में मूक बाधिर बच्चों ने सफाई से संबंधित चित्रकारी कर अपनी कला का परिचय दिया और डीएम व अन्य अधिकारिओ की उपस्थिति में श्रम दान किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। पांचों तहसीलों और विकास भवन में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

## मुख्य सचिव पहुंचे कुडिया घाट, की सफाई

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कुड़िया घाट पर श्रमदान करते हुए लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत जनपद लखनऊ के लिए नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने जनेश्वर मिश्र पार्क में श्रमदान किया।

## राज्यमंत्री दानिश अंसारी ने किया सफाई

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती की पूर्व संध्या पर मोहल्ला जवाहर नगर, जनता नगरी, शाहमीना रोड लखनऊ में भी स्वच्छांजलि (स्वच्छता अभियान) कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दानिश आजाद अन्सारी, राज्य मन्त्री, अल्पसंख्यक कल्याण वक्फएवं हजए उप्र सरकार के नेतृत्व में स्वच्छांजलि अभियान के तहत साफसफाई की गई।

## राजभवन में चला वृहद सफाई अभियान



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज राजभवन में गांधी जयंती के एक दिन पहले वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, राज्यपाल के साथ राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजभवन के अधिकारियों के नेतृत्व में 20 टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों में बड़ी संख्या में अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने अपने चिन्हित स्थलों में उत्साहपूर्वक साफ सफाई की। राज्यपाल ने सफाई कार्यों का अवलोकन भी किया। अभियान में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने सभी टीमों का स्थान चिन्हिकरण तथा टीम सदस्यों के निर्धारण के साथ स्वयं का भी योगदान देते हुए स्वच्छता अभियान सम्पन्न कराया।

## स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को किग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग की तरफ से रक्तदान जागरूकता रैली तथा रक्तदान उत्प्रेरण नाटिका का आयोजन किया गया। रक्तदान जागरूकता रैली का शुभारम्भ ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग, शताब्दी फेज.2 से शहीद स्मारक पर जाकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर एवं हरी झण्डी दिखाकर रक्तदान जागरूकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग, पैरामेडिकल छात्र.छात्राओं ने रक्तदान उत्प्रेरण नाटिका का प्रस्तुतीकरण कर आमजनमानस को स्वैच्छिक रक्तदान हेतु जागरूक एवं उत्प्रेरित किया। प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने आमजनमानस से स्वैच्छिक रक्तदान हेतु आवाह्न किया एवं स्वैच्छिक रक्तदान पर उत्प्रेरण नाटिका के प्रस्तुतीकरण हेतु छात्र.छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उक्त रक्तदान उत्प्रेरण नाटिका से लोग रक्तदान हेतु जागरूक होंगे एवं उन्हें रक्तदान के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने रक्तदान जागरूकता रैली के आयोजन हेतु ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे आमजनमानस में रक्तदान के प्रति उत्प्रेरणा उत्पन्न होती है। इस अवसर पर ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ तुलिका चन्द्रा ने स्वैच्छिक रक्तदान के लाभ एवं रक्तदान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 के मध्य 16 दिवसों का आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसी कार्यक्रम की कड़ी में ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया एवं रक्तदान जागरूकता रैली तथा रक्तदान उत्प्रेरण नाटिका का आयोजन किया जा रहा है।



# एलडीए ने 16 किलोमीटर रिवर फ्रंट मे सफाई अभियान चला बापू को दी स्वच्छांजलि

- स्मारक समिति के कर्मचारियों के सहयोग से विभिन्न पार्कोंए स्मारकों व खाली भूखण्डों में की गयी साफ-सफाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महात्मा** गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर एलडीए के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमदान किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाये गये इस अभियान में प्राधिकरण कार्यालय से लेकर शहर के पार्कों, स्मारकों व खाली भूखण्डों में साफसफ ाई की गयी। इस क्रम में एलडीए की टीम ने 16 किलोमीटर लंबे गोमती रिवर फ्रंट की सफाई करके बापू को स्वच्छांजलि दी। रविवार को एलडीए ने प्राधिकरण कार्यालय से लेकर शहर के पार्कों, स्मारकों व खाली भूखण्डों में साफ सफ ाई की। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि रिवर फ्रंट को आठ भागों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक भाग में अनुरक्षण का कार्य करने वाली 08 अलग.अलग फर्मों द्वारा 50.50 श्रमिक लगाये गये थे। जिनके साथ मिलकर प्राधिकरण व स्मारक समिति के कर्मचारियों ने रिवर फ्रंट पर विशेष सफाई अभियान चलाया। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा रिवर फ्रंट स्थित छठ पूजा स्थल पर झाड़ू लगाकर श्रमदान किया गया। अभियान के दौरान कई कुंतल कूड़ा.कचरा, प्लास्टिंग और हॉर्टीकल्चर वेस्ट का निस्तारण कराया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों व अभियंताओं की देखरेख में जनेश्वर मिश्र पार्क, लोहिया पार्क, जॉगर्स पार्क, जोनल पार्क, स्मृति उपवन, शांति उपवन, बेगम हजरत महल पार्क, लक्ष्मण पार्क, बुद्धा पार्क, ग्लोब पार्क और सीजी सिटी एवं गोमती नगर विस्तार के लगभग 50 पार्कों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया।

## स्वच्छता अभियान में शामिल हुए कुलपति

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत परिसर के साथ ही आसपास के क्षेत्र की साफसफाई की गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने साफ–सफाई में अपना योगदान दिया। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने परिसर स्थित मैदान की सफाई के साथ ही गेट नंबर 1, 2, 3 की सफाई की। साथ ही जहां भी कूड़ा दिखा उसे डस्टबिन में डाला गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर कुलसचिव रीना सिंह, अवर अभियंता आशीष मिश्रा, डॉ अनुज कुमार शर्मा, सहायक कुलसचिव सौरभ सिंह, डॉक्टर आयुष श्रीवास्तव, सुनील पांडे, शिवम गुप्ता, शांतनु पाठक, स्टाफ ऑफिसर अमित मलिक, व्यवस्था अधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सफाई अभियान में अपना योगदान दिया।


# अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर शतायु मतदाताओं को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतराष्ट्रीय** वृद्ध दिवस पर सौ वर्ष पूरे कर चुके मतदाताओं को सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर प्रत्येक विधानसभा के शतायु वृद्ध को अधिकारियों द्वारा पुष्पों की माला पहना कर अंग्रवस्त्र भी दिया गया। मध्य विधान सभा के बदरुद्दीन 107 वर्ष के सबसे अधिक लंबी उम्र के हैं, जिन्हें क्षेत्रीय अधिकारी ने माला पहना कर सम्मानित किया। रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा बताया गया की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर 2023 को अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया जाना है। इसके तहत लखनऊ की समस्त 9 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा अपनी अपनी विधान सभा में उपस्थित शतायु ; 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके, मतदाताओं को पुष्प माला व अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। अंतराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर मलिहाबाद विधानसभा में ठाकुरानी आयु 103 वर्ष, बक्शी का तालाब विधानसभा गंगादेई आयु 100 वर्ष, सरोजनीनगर विधानसभा सरजू देवी आयु 100 वर्ष, लखनऊ पश्चिम विधानसभा राम त्रिपाठी आयु 102 वर्ष, लखनऊ उत्तर विधानसभा रामदेई आयु 102 वर्ष, लखनऊ पूर्व विधानसभा बसंती देवी आयु 104 वर्ष, लखनऊ मध्य विधानसभा के बदरुद्दीन फ्दि्दा हुसैन आयु 107 वर्ष, मंगला देवी आयु 102 वर्ष, राम औतार आयु 101 वर्ष, लखनऊ कैंट विधानसभा कमला आयु 101 वर्ष, मोहनलालगंज विधानसभा, शीतला सहाय शुक्ल आयु 101 वर्ष हैं, जिन्हें पुष्पों की माला पहनाई गयी।


## केजीएमयू, पीजीआई से लेकर शिक्षण संस्थानों में चला स्वच्छता ही सेवा अभियान

**लखनऊ।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व रविवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, एसजीपीजीआई से लेकर लखनऊ विवि, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विवि सहित उच्च, माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्स लिया। किंग जार्ज चिकित्सा विवि में संचालित केजीएमयू कम्युनिटी रेडियो स्टेशन के माध्यम से गांधी जयंती के अवसर पर एक दिन पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम अभियान चलाया गया। 10 बजे अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर परिसर में प्रो केके सिंह के मार्गदर्शन में सेण्टर फॉर एडवांस स्किल्स डेवलपमेंट व अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर के सहयोग से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्वेंशन सेंटर के परिसर सड़क व फुटपाथ पर झाड़ू लगाकर साफसफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाते हुए 1 घंटा श्रमदान कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को विनम्र श्रद्धाजलि अर्पित की गई।



## लविवि में चला स्वच्छता पखवाड़ा

**लखनऊ।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा 2023 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के समस्त विभागों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। टैगोर पुस्तकालय के सामने लॉन में डीन कला संकाय प्रो अरविंद अवस्थी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो संगीता साहू, कुलसचिव डा विनोद सिंह, विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीए राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र, शारीरिक शिक्षा के छात्र आदि ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। उधर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के तत्वाधान में सफाई एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय विभाग छात्रावास में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयं सेविकाएं, छात्र छात्राएं शिक्षक कर्मचारी एवं छात्रावास में रहने वाले अंत:वासियों ने मिलकर परिसर में शामिल हुए।



## बीबीएयू में किया गया जागरूक



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विवि की ओर से रविवार को एक तारीख–एक घंटा योजना के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें विवि के नजदीक मौजूद गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल ख्वाजापुर एवं राजवंश रेजीडेंसी के पास विवि से जुड़े लोगों द्वारा सफाई की गयी और सभी को स्वच्छता बनाये रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह द्वारा की गयी। कार्यक्रम के दौरान विवि के कुलसचिव डॉ अश्विनी कुमार सिंह, प्रॉक्टर प्रो संजय कुमार, डीएसडबल्यू प्रो बी एस भदौरिया, वित्त अधिकारी डॉ अजय कुमार मोहंती, प्रो के एल महावर एवं एनएसएस व एनसीसी के विद्यार्थी मौजूद रहें।

## स्वच्छता में ही ईश्वर करते हैं निवासः डॉ. राजेश्वर



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को श्रमदान में लोगों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया। हजरतगंज स्थित लॉरेंस टेरेस कॉलोनी पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई कार्यक्रम में सहभागिता की और वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। विधायक ने लखनऊ को देश के स्वच्छतम शहरों में प्रमुख स्थान दिलाने हेतु अथक परिश्रम करने वाले स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। गांधी जी ने कहा था स्वच्छता उतनी ही जरुरी है जितनी स्वतंत्रता है। स्वच्छता ईश्वर के समान हैए जहां स्वच्छता होती है, वहां ईश्वर का वास होता है और जहां ईश्वर होते हैंए वही सुखए शांति और समृद्धि होती है। स्वच्छता सर्वेक्षण में साल 2017 में लखनऊ की रैंक 269 थी लेकिन 2021 में लखनऊ को देश में 12वां स्थान पर पहुंच गया। कूड़ा मुक्त शहरों में लखनऊ को थ्री स्टार रेटिंग है। 15 हजार से अधिक सफाईकर्मी जो हमारे कोरोना योद्धा भी हैए उनका आभार। साथ ही विधायक ने बताया कि हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सिर्फहम अपना घर सा ? करके स्वस्थ नहीं रह सकते हमें अपनी सराउंडिंग और देश को भी सा ? रखना होगाए सा ?

# यूपी पावर कार्पोरेशन में ने मनाया अनुरक्षण माह



**लखनऊ।** स्वच्छता अभियान के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में आज से अनुरक्षण माह मनाया जा रहा है । इस अभियान मे रखरखाव के साथ स्वक्छता पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। आज से प्रारम्भ इस अभियान के पहले दिन उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डाक्टर आशीष कुमार गोयल ने विभूति खन्ड सबस्टेशन का दौरा किया । यहा पर उन्होंने सफाई मे लगे हुए मजदूरों के साथ फावड़ा लेकर साफ सफाई मे हिस्सा लिया। यहा पर उन्होंने सबस्टेशन में कराए जाने वाले अनुरक्षण कार्यो की विस्तृत जानकारी भी ली। उन्होंन सबस्टेशन पर कराये गये कार्यो का निरीक्षण किया, तथा आवश्यक निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियन्ता राजेश कुमार, अधिशाषी अभियन्ता सुबोध झा एवम एस डी ओ शैलेश शर्मा से उन्होंने अनुरक्षण कार्यो एविद्युत आपूर्ति एवम राजस्व सन्ग्रह जैसे विषयो पर भी विस्तृत पूछताछ की। ग्यातव्य है कि गान्धी जयन्ती एवम आगामी त्योहारो को देखते हुये पावर कार्पोरेशन ने अनुरक्षण कार्यो हेतु एक माह का अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान आज से 31 अक्तूबर तक प्रदेश के सभी सबस्टेशनोए लाइनोए ट्रान्सफारमरो के रखरखाव हेतु चलाया जायेगा।

अध्यक्ष ने अनुरक्षण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढन्ग से कराने का निर्देश देते हुए कहा कि इस एक माह मे बेहतरविद्युत आपूर्ति से संबंधित सभी आवश्यक कार्य करा लिए जाएं। इस सब स्टेशन पर लगातार बढ़ रहे लोड को कम करने के लिए एक प्रस्तावित सब स्टेशन के निर्माण में उन्होंने तेजी लाने के लिए भी कहा। अध्यक्ष ने सबस्टेशन के लिए जमीन शीघ्र दिलाने हेतु भी आश्वस्त किया। उन्होने आपूर्ति ट्रिपिंग विहीन करने हेतु सब स्टेशन पर कार्यरत दो सोरसो के अतिरिक्त एक और सोर्स बनाने के निर्देश दिए।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 2 अक्टूबर 2023



# सही जानकारी पहुंचाने में पुलिस दूरसंचार की बड़ी भूमिकाः मुख्यमंत्री




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिस भी फोर्स के साथ में उनका योग्य प्रशिक्षण उपकरण व शस्त्र रहा है, वह हमेशा विजेता रहा है। हम सब इतिहास में इन बातों को पढ़ते और देखते रहे हैं। आज के समय में भी यह बातें उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती हैं। संप्रभु संपन्न सरकार व राष्ट्र इस बात का ध्यान रखते हैं कि वे आधुनिक तकनीक व अत्याधुनिक साधन में पिछड़ने न पाएं। जिस पुलिस फोर्स के लिए आंतरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होती है, उसे पता है कि तकनीक का महत्व क्या हो सकता है। सूचना के आदान.प्रदान के साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी लेना व सटीक जानकारी सभी स्थलों पर पहुंचाने में पुलिस दूरसंचार विभाग की बड़ी भूमिका होती है।

सीएम योगी ने यह बातें पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आयोजित पुलिस दूरसंचार स्थापना दिवस पर कहीं। यहां सबसे पहले सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, फिर मुख्यमंत्री ने जेसी बोस टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। सीएम ने पहली से तीन अक्टूबर तक स्थापना दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन 2019 कुंभ प्रयागराज का अवसर हमारी सरकार को प्राप्त हुआ था। यूपी में पहली बार इतना बड़ा आयोजन था। कुंभ का आयोजन हजारों वर्ष से चली आ रही विरासत का हिस्सा हैए लेकिन आयोजन भव्य व सुव्यवस्थित.सुरक्षित तरीके से संपन्न हो जाए। यह देश दुनिया के लिए कौतूहल का विषय था। यूपी वहीं लेकिन उसी उत्तर प्रदेश में पुलिस के कार्य करने का तरीकाए व्यवहार व तकनीक अपनाई गई, उसके परिणाम को देश.दुनिया ने देखा। 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज कुंभ में आए। 2019 में यह उपस्थिति इस बात को साबित करती है कि हर भारतीय परिवार से एक सदस्य ने प्रयागराज का दौरा किया। प्रयागराज कुंभ में आकर उन्होंने नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर को देखा। आज यूपी के बारे में धारणा बदली है। यूपी किसी पहचान.प्रचार का मोहताज नहीं है। देश.विदेश के जिन लोगों ने आकर देखाए वे इसका संदेश लेकर गए। उस आयोजन में बेहतरीन तालमेल के जरिए पुलिस रेडियो विभाग के माध्यम से किए गए कार्य उत्कृष्ट कोटि की श्रेणी में गिने जा सकते हैं।

### पुलिस लाइंस व पीएसी वाहिनी में हों म्यूजियम

**सीएम** ने कहा मैं गृह विभाग से कहता हूं कि हमारे कार्मिक अच्छे प्रशिक्षित हों। जितना अच्छा प्रशिक्षणए उतना अच्छा परिणामए उन्हें अच्छे उपकरण साधन व व्यवस्थाएं दें लेकिन साथ.साथ अपने इतिहास को सुरक्षित रखने की तैयारी करनी चाहिए। पुलिस लाइंस व पीएसी वाहिनी में छोटा म्यूजियम भी होना चाहिएए यह हमारे इतिहास को वर्तमान पीढ़ी व स्कूली बच्चों को बता सकें कि कैसे हमने शून्य से शिखर की यात्रा तय की। उस यात्रा को बढ़ाते.बढ़ाते हम कहां तक पहुंचे। हम हथियारों में कहां से कहां तक पहुंचे। आज पुलिस के पास अच्छे साधन.शस्त्र आ चुके।

### साइबर क्राइम चिंता का विषय

**सीएम** ने कहा कि 2017 में नई सरकार का गठन हुआ था। उस समय साइबर क्राइम से जुड़े केवल दो थाने लखनऊ व नोएडा में थे। आज हम सभी 75 जनपदों में इसकी स्थापना की स्वीकृति दे चुके हैं। ट्रेनिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हमने कहा कि 75 जनपदों के मास्टर ट्रेनर एक साथ ट्रेनिंग लें और अपने थाने में जाकर ट्रेनिंग दें। हर थाने में भी साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना हो जाएए क्योंकि तेजी के साथ इस क्षेत्र में अपराध का घटित होना हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

सीएम ने बताया कि विगत दिनों प्रयागराज में एक लूट हुई। लूट करने वाला गिरोह यूपी के बाहर का था। बाइक से चार लोग आते हैं।

# मच्छरजनित सहित अन्य कई बीमारियों के पीछे स्वच्छता का अभाव : सीएमओ

● सभी सीएचसी और पीएचसी पर आयोजित आयुष्मान मेला के जरिए 7800 लोगों को मिला उपचार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जनपद** के सभी शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयुष्मान मेला आयोजित हुआ। इसके साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सहित सभी सीएचसी, पीएचसी एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। डायरिया, मच्छरजनित बीमारियों सहित अन्य कई बीमारियों के होने का कारण स्वच्छता का अभाव है। हमें केवल अपने घर की ही नहीं बल्कि घर के आस.पास, अपने कार्यक्षेत्र व सार्वजनिक स्थानों पर सफाई रखने का प्रयास करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान मेले में मातृ स्वास्थ्य, बच्चों का टीकाकरण, जांच, परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं दी गईं। इसके साथ ही ओपीडी की भी सुविधा थी। जिसके माध्यम से फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गईं। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। लोगों को मच्छरजनित परिस्थितियां न उत्पन्न करने के बारे में भी बताया गया।

इसके अलावा आयुष्मान मेले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना कार्यक्रम के स्टाल के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। आयुष्मान भवः के नोडल अधिकारी डॉ आरएन सिंह ने बताया कि सीएचसी पर आयोजित आयुष्मान मेलों में आरएमएल, केजीएमयू सहित निजी मेडिकल कॉलेज टीएस मिश्रा,ऐरा मेडिकल कॉलेज, इंटीग्रल, कैंसर इंस्टिट्यूट के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। जिसमें मेडिसिन, महिला रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञों चेस्ट रोग विशेषज्ञ तथा कान,नाक व गला रोग चिकित्सक शामिल थे। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने जानकारी दी कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर आयोजित आयुष्मान मेले में15,000 लोगों ने प्रतिभाग कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्रमदान किया और स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उपस्थित लोगों ने रक्तदान, अंगदान और स्वच्छता की शपथ ली। मेले में कुल 7800 लोगों ने दवाएं, उपचार और चिकित्सीय परामर्श लिया। जिसमें 2910 पुरुष, 3670 महिलायें और 1220 बच्चे थे। इसके साथ ही 4957 आयुष्मान कार्ड बने।

# 100 वर्ष पूरा कर चुके दो वृद्धजन शतायु सम्मान से किए गए सम्मानित

● वरिष्ठजनों के सहयोग से मजबूत हो रही हमारी संस्कृतिः बृजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतर्राष्ट्रीय** वृद्धजन दिवस पर रविवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा हेल्पेज इंडिया और वरिष्ठ नागरिक महासमिति के तत्वावधान में भागीदारी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजेश पाठक व अति विशिष्ट अतिथि असीम अरुण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन करके किया।



कार्यक्रम के पहले सत्र में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्य मंत्री असीम अरुण द्वारा 100 वर्ष पूरा कर चुके राम लखन अवस्थी, जगदीश प्रसाद को शतायु सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को, जो 75 वर्ष से अधिक आयु पूरा कर चुके हैं और समाज में रचनात्मक योगदान दे रहे हैं, उन्हें स्वर्ण आयु विशिष्ट सेवा सम्मान प्रदान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में असीम अरूण ने कहा कि पूरे देश में केंद्र और राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। योगी सरकार वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा 55 लाख वरिष्ठजनों को पेंशन दी जा रही है। वहीं 4 लाख वरिष्ठजनों को पेंशन से जोड़ा है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति के पीछे वरिष्ठजनों का हाथ है। बगैर वरिष्ठजनों के न ही हमारा समाज चल सकता है न ही हम कुछ कार्य कर सकते हैं। यही वजह है कि आज हमारी संस्कृति बदली नहीं है बल्कि वरिष्ठजनों के सहयोग से मजबूत होती जा रही ह, जिससे आज भारत देश दुनिया के पैमाने पर आगे बढ़ रहा है।

# शौर्य जागरण यात्रा का सभी जिलों होगा भव्य स्वागत : राजेश सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रान्त कटरा कुटी धाम अयोध्या से बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा प्रारंभ कर 10 अक्टूबर को काशी पहुंचेगी। उक्त जानकारी विहिप प्रान्त गौ रक्षा प्रमुख राजेश कुमार सिंह एडवोकेट ने दी। उन्हीने बताया कि हिंदू समाज और देश को तोड़ने का कुत्सित षडयंत्र रचा जा रहा है। राष्ट्र विरोधी धर्म विरोधी शक्तियों द्वारा संगठित होकर भारत को निरंतर आतंकवाद, अलगाववाद, जातिवाद, लव जिहाद, लैंड जेहाद, गौ हत्या, ड्रग माफिया, जनसंख्या असंतुलन जैसे अनेक प्रकार से हिंदू समाज पर आक्रमण कर हिंदू समाज और देश को तोड़ने का कुत्सित षड्यंत्र रचा जा रहा है।

उन्होंने बताया सन 1992 में गीता जयंती के दिन ही पूज्य संतो के आव्हान पर संगठित हिन्दू समाज के शौर्य ने भारत माता के माथे पर बाबरी ढांचे नाम के कलंक को ध्वस्त किया था। उसके बाद से ही बजरंग दल के नेतृत्व में हिंदू समाज उस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाता आया है। अब अयोध्या में प्रभु श्री रामलला का भव्य.दिव्य मंदिर बनकर तैयार हो ही गया हैए सम्पूर्ण हिंदू समाज प्राण.प्रतिष्ठा की तत्परता से प्रतीक्षा कर रहा है। प्रान्त गोरक्षा प्रमुख राजेश सिंह ने बताया कि प्रान्त संगठन मंत्री राजेश सिंह के निर्देश पर गौरक्षा विभाग की जगह जगह बैठके की गयी और बजरंग दल के नेतृत्व में हो रहे शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत किया जाएगा, इस जागरण यात्रा का उद्देश्य हिंदू युवाओं में अपने पूर्वजों के प्रति गौरव का भाव जाग्रत हो। शौर्य जागरण यात्रा की व्यापकता तथा प्रसार हर जिले में अधिकाधिक हो, अवध प्रांत के सभी जनपदों में यह यात्रा भ्रमण करेगी।अंत मे प्रान्त गौरक्षा प्रमुख राजेश सिंह ने अपने प्रान्त के सभी प्रान्त के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों, बिभाग, जिलाएप्रखंड पदाधिकारी कार्यकारिणी व समस्त गौरक्षको से आग्रह किया की वो अपने सभी जिलो में प्रखंड स्तर तक के कार्यकर्ताओं से की वो बजरंगदल की शौर्य जागरण यात्रा का बढ़ चढ़ कर स्वागत और सहयोग करे और संगठन के साथ कदम से कदम मिला कर साथ चले।

# आयुष्मान भवः अभियान के निरीक्षण को लेकर 22 जिलों में पहुॅची टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में संचालित आयुष्मान भवः अभियान के अनुश्रवण और मूल्यांकन हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की तरफ से 22 जनपदों में 22 राज्य स्तरीय टीमों को रवाना किया। टीम में विभिन्न विशेषज्ञों, जन.स्वास्थ्य के अनुभव के चिकित्सकों और अधिकारियों को शामिल किया गया है। मुरादाबाद में प्रमुख स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन, वाराणसी में मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल और संतकबीरनगर में मिशन के उप निदेशक डॉ. हीरालाल ने अभियान का जायजा लिया।



आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में प्रत्येक शनिवार को समस्त उपकेन्द्र स्तरीय एवं नगरीय हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों पर और प्रत्येक रविवार को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय तथा नगरीय स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयुष्मान मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में, आज द्वितीय रविवार को आयुष्मान मेले का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित स्वास्थ्य मेला में 77,982 नागरिकों को टेली कंसल्टेशन सुविधा के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। किसी भी एक दिन में यह अब तक की सर्वाधिक संख्या है। आज के आयुष्मान मेलों में स्वच्छता ही सेवा अभियान को शामिल किया गया और समस्त स्वास्थ्य इकाइयों में सफाई अभियान चलाकर सफाई के महत्व पर चर्चा की गई।

# किशोरी से अधेड़ ने किया दुष्कर्म

**मोहनलालगंज।** किशोरी को झांसा देकर प्लाटिंग साइट में ले जाकर अधेड़ ने उसे धमकाकर जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख.पुकार सुनकर घटनास्थल पहुंचे लोगों ने आरोपी को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। पीडि़ता की भाभी ने कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी को रविवार दिनदहाड़े बहाने से प्लाटिंग साइट पर बनी कोठरी में ले जाकर सुशान्त गोल्फसिटी थाना क्षेत्र निवासी महेश प्रसाद ने अश्लील हरकतें कर जबरन दुष्कर्म किया। मदद के लिए चिल्लाई किशोरी का शोर सुनकर दौड़े लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसे पुलिस चौकी ले जाकर पुलिसकर्मियों के सुपुर्द कर दिया।

# लड़कियों का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी : वाणिज्य कर आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लड़कियों** का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। इससे उनमें आत्म विश्वास तो आता ही है साथ ही में आर्थिक रूप से भी निर्भर होती हैं। यह बातें वाणिज्य कर आयुक्त मिनिष्ती एस ने रविवार को स्टेशन रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में हनुमत ब्यूटी पाठशाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इस मौके पर विशेष अतिथि के तौर पर हनुमंत धाम की संस्थापिका मोनिका सिन्हा और सिटी मोंटेसरी स्कूल की संस्थापिका डॉ. भारती गांधी मौजूद रहीं।




अपने संबोधन में वाणिज्य कर आयुक्त ने कहा कि हनुमत पाठशाला द्वारा बहुत ही नेक काम किया जा रहा है। निर्धन एवं विशेष वर्ग की लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय कदम हैं। हनुमत ब्यूटी पाठशाला द्वारा किए जा रहे कार्य से समाज के अन्य लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। पाठशाला की संस्थापिका एवं प्रमुख रजनी सिंह ने बताया कि हनुमान की कृपा से ही मैं यह सब कार्य कर रही हूं। व्यक्तिगत प्रयासों से हम निर्धन परिवार की लड़कियों को वह चाहे किसी भी समुदाय की हों, चार माह का ब्यूटीशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण देते हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें दो माह की प्रैक्टिस भी कराते हैं। इसके बाद हर प्रयोग में आने वाल सामान जैसे बैग, ड्रेस आदि सभी लड़कियों को दिया जाता हैं। पिछले 25 वर्षों से यह में अभी तक लगभग 19,000 लड़कियों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी लड़कियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

## सपा मुखिया ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने 2 अक्टूबर गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी ने अंग्रेजों से मुक्ति के बाद जिस आजाद भारत का सपना देखा था उसमें ग्राम स्वराज की कल्पना थीए अंत्योदय पर बल थाए सामाजिक सद्भाव था और श्रमशक्ति का सम्मान था। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था। देश की रक्षा में किसान का बेटा ही सीमाओं पर लड़ता है।

# लम्बे समय तक फैटी लिवर को न करें नजरअंदाज

● राजधानी में 7 अक्टूबर से आयोजित यूपीआईएसजीकॉन 2023 में शामिल होंगे देश-प्रदेश के गैस्ट्रो विशेषज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आजकल** की जीवनशैली, दिनचर्या, खानपान व दैनिक तनाव के कारण पेट एवं लिवर संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में यदि आप लम्बे समय से फैटी लिवर के शिकार हैं तो इसे नजरअंदाज कतई न करें। पेट से जुड़ी बीमारियों के कारण बहुत से मरीज कम उम्र में ही कैंसर जैसी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। रविवार को यह जानकारी राजधानी में 7 अक्टूबर से प्रस्तावित यूपीआईएसजीकॉन 2023 के संदर्भ में एक निजी होटल में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. सुमित रूंगटा और लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत मेहरोत्रा ने दी है।




कान्फ्रेंस के दौरान डॉ. पुनीत ने बताया कि आज के समय में नान एल्कोहल फैटी लिवर डिसीजेज जैसी बीमारियां अधिक मरीजों में पाई जाती हैं। जबकि दशक पहले इस तरह के लिवर की बीमारी उन्हीं मरीजों में देखी जाती थी जिनको या तो हेपेटाइटिस बी या सी होता था या फिर जिनको नशे की आदत होती थी। वर्तमान में ऐसे मरीज भी आ रहे हैं जो नशे का सेवन बिल्कुल नहीं करते हैं। डॉ. पुनीत मेहरोत्रा ने बताया कि पेट के अन्य रोग जैसे दर्द, कब्ज व गैस बनने का मुख्य कारण भी अनियमित दिनचर्या, खानपान व जीवनशैली ही है।

**लखनऊ में होगा यूपीआईएसजीकॉन 2023 का आयोजन**-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. सुमित रूंगटा ने बताया कि यूपी चैप्टर आफइण्डियन सोसाइटी आफ गैस्ट्रोइन्टरोलाजी की ओर से 7 व 8 अक्टूबर को दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में भारत व नेपाल गैस्ट्रो विशेषज्ञ पेट संबंधी बीमारियों के प्रमुख कारण व निदान पर चर्चा करेंगे। डॉ. रूंगटा ने बताया कि संगोष्ठी में मेदान्ता गुरूग्राम से डा. रणधीर सूद, एम्स नई दिल्ली के गैस्ट्रो विभागाध्यक्ष अनूप सराया, बीएचयू से देवेश यादव, एसजीपीजीआई लखनऊ से डा प्रवीर राय, हैदराबाद से डा मोहन राम चन्दानी सर गंगा राम हास्पिटल दिल्ली से डा अनिल अरोरा, जोधपुर से डा सुनील दधीच व कोलकाता से डॉ. उदय घोषाल प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

# दिसंबर तक प्रदेश के सभी गांवों को परिवहन सेवा से जोड़ेगी योगी सरकार

● 10 अक्टूबर तक मुख्यालय में मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** योगी सरकार दिसंबर तक प्रदेश के सभी गांवों को परिवहन सेवा से जो ?गी। इसके बाबत परिवहन निगम के अफसरों को निर्देश दिया गया है। 4593 गांव सार्वजनिक परिवहन सुविधा से वंचित हैं। योगीराज में सशक्त हो चुकी परिवहन सेवा के जरिये यात्रियों की सुविधाओं पर पूरा फोकस किया जा रहा है। परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार दिसंबर 2023 तक प्रदेश के सभी गांवों को परिवहन सेवा से जो ? लिया जाए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में आबाद ग्रामों की संख्या 100983 है तथा ग्राम सभाओं की संख्या 59163 है। इनमें से 4593 गाँव सार्वजनिक परिवहन सुविधा से वंचित हैं। मुख्यमंत्री जी ने इन गाँवों को दिसम्बर 2023 तक इस सुविधा से युक्त किये जाने के निर्देश दिए हैं।



### परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा सर्वे

प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में असेवित गांवों को परिवहन निगम की बसों से गाँवों को सुविधा युक्त करने के सम्बंध में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई। असेवित गांवों की उपलब्ध सूचना की पुष्टि व त्रुटि.विहीन बनाने हेतु स्थलीय सर्वे की आवश्यकता प्रतीत हुई। यह सर्वे परिवहन विभाग/निगम के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। प्रमख सचिव ने बताया कि अधिसूचित मार्गों की सूचना परिवहन निगम व इनसे भिन्न मार्गों की सूचना परिवहन विभाग के पास उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि दोनों के संयुक्त अभ्यास व स्थलीय सर्वे से सूचना का संकलन सुविधाजनक व प्रमाणिक हो जायेगा।सर्वे कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रमुख सचिव ने बताया कि प्रत्येक जनपद के लिये न्यूनतम 02 दल बनाये गए हैं। डिपो स्तर से यह रिपोर्ट संकलित करके क्षेत्रीय प्रबड्डधक/सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा यह रिपोर्ट 10 अक्टूबर तक मुख्यालय आ जाएगी।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के मुताबिक स्थलीय सर्वे व मार्ग के सृजन का प्रस्ताव करते हुये ध्यान दिया जाय कि सम्बन्धित मार्ग से अधिकतम 01 किलोमीटर दूरी वाले गाँव ही सेवित माने जाएंगे। इससे अधिक दूरी के ग्रामों के लिये पृथक बस सेवा संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बस सेवा के संचालन से सम्बन्धित तहसील एवं जिला मुख्यालय को संयोजित किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इसे ध्यान में रखते हुए मार्गों का प्रस्ताव इस प्रकार तैयार किया जाए कि प्रस्तावित मार्ग की कुल दूरी 100 किमी से अधिक न हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि किस सीट क्षमता की बस से सम्बन्धित मार्ग पर निरापद एवं सुरक्षित संचालन किया जा सकेगाए इसका भी सर्वे में ध्यान रखा जाय। गाँवों में बैलगाड़ी, ट्रैक्टर.ट्राली आदि के विपरीत दिशा से आने अथवा ओवरटेकिंग करने की स्थिति का समुचित संज्ञान लिया जाए, ताकि बस का संचालन सुगमता से हो सके।

## पीएनबी कर्मियों ने किया स्वैच्छिक श्रमदान

**लखनऊ।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लखनऊ मण्डल की पंजाब नैशनल बैंक की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शाखा के आस पास के क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों को साफ कर



स्वच्छता हेतु स्वैच्छिक श्रमदान किया गया। उल्लेखनीय है कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के 09 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन की एक पहल है। इस अभियान को ष्एक तारीख एक घंटाष् नाम दिया गया हैए इसके अंतर्गत 01 घंटे का स्वच्छता श्रमदान किया जाना है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक सामुदायिक भागीदारी उत्पन्न करनाए श्स्वच्छता हर किसी का व्यवसाय हैश् कि अवधारणा को सुदृढ़ करना।

# आईवीएफ उपचार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ. गीता खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिकित्सा** विज्ञान में प्रौद्योगिकी और उपचार चोली दामन का साथ है और आईवीएफ में एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद सेए समस्या का पता लगाने की सटीकताए खुराक की समयबद्धता और वास्तविक निगरानी आईवीएफ डॉक्टरों के लिए वरदान साबित होगीए डॉ. गीता खन्ना आईवीएफ विशेषज्ञ और उपाध्यक्ष आईएफएस ;इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी का दावा है। उन्होंने आगे कहा कि सफलता दर बढ़ानेए रोगी के अनुभवों को बेहतर बनाने और डेटा.संचालित अंतर्दृष्टि और स्वचालन के माध्यम से क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए एआई आईवीएफ के विभिन्न पहलुओं में तेजी से एकीकृत हो सकता है। हालाँकि उन्होंने कहा कि आईवीएफके क्षेत्र में एआई अभी भी एक अपेक्षाकृत नई तकनीक हैए लेकिन इसमें बांझपन के इलाज के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है।

डॉ. गीता खन्ना रविवार को शहर के एक होटल में इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी और अजंता होप सोसाइटी द्वारा आईवीएफ और हाई रिस्क प्रेगनेंसी विषय में हालिया रुझान पर आयोजित सीएमई में एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रही थीं।

देश भर से आईवीएफ के स्टारल्वाट्र्स ने व्याख्यान दिया जिसमें राज्य भर के 400 से अधिक स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह आईवीएफ और उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामलों में नवीनतम विकास पर चर्चा करने के लिए डॉण् गीता खन्ना और उनकी टीम द्वारा आयोजित एक मेगा शैक्षणिक कार्यक्रम था। इस अवसर पर अन्य प्रतिष्ठित आईवीएफ विशेषज्ञों में डॉ. केडी नायर, अध्यक्ष आईएफएसए डॉ. सुरवीन घुम्मन, सचिव आईएफएस, डॉ. सोनिया मलिक, मुंबई से डॉ. जतिन शाह, दिल्ली से डॉ. कुलदीप जैन, अहमदाबाद से डॉ. जयेश अमीन, डॉ. श्वेता मित्तल, वरिष्ठ संकाय सर शामिल थे।

## जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े मारपीट का वीडियो वायरल

**मोहनलालगंज।** जमीनी विवाद में रविवार को मोहनलालगंज के टिकरासानी गांव में दो पक्षों में जमकर कहासुनी के बाद नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

मोहनलालगंज के टिकरासानी निवासी वीरेन्द्र पाल और रामकुमार पाल के परिवार के बीच जमीनी विवाद को लेकर पुरानी रंजिश है। रविवार को निशा सहन में बांस बांध रही थी। जिसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरु हो गया। कुछ ही देर में नौबत मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने दोनों पक्ष से जख्मियों को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया दोनो पक्षों में सहन को लेकर विवाद हुआ है। डाक्टरी रिपोर्ट के आधार पर दोनों पक्षों की तहरीर पर एफ्आईआर दर्ज की जा रही है।

# स्वच्छता से ही स्वस्थ होगा भारत



**रायबरेली।** अक्टूबर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद स्मारक मुंशीगंज व सुपर मार्केट स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर 1 घंटे का श्रमदान किया गया। जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि स्वस्थ भारत की कल्पना स्वच्छ भारत से ही की जा सकती है स्वच्छता हमारे तन मन और जीवन में है स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला लोकसभा संयोजक आरबी सिंह जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह विशाल पांडे शिवेंद्र सिंह विवेक शुक्ला विश्व प्रकाश पाठक अभिषेक वर्मा अखिलेश तिवारी सोनू सिंह सचकांत शुक्ला अली हैदर नकवी अनीता श्रीवास्तव सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे के कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने की शहीद स्मारक के बगल में स्थित सई नदी में भी स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया।

## अवैध शस्त्र व जिंदा कारतूस समेत शातिर अपराधी गिरफ्तार

**नसीराबाद, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के अंतर्गत नसीराबाद पुलिस ने शातिर अपराधी को एक अवैध शस्त्र व दो जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ धर दबोचा। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है (बिदित हो कि पकड़े गये आरोपी पर पूर्व भी मे कई गंभीर मामले दर्ज है। रविवार को नसीराबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान के आरोपी को थाना क्षेत्र के अशरफपुर मटटन नाला के पास से अवैध शस्त्र व दो जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानेदार ने बताया कि अभियुक्त रवी कुमार मौर्य पुत्र राम प्रसाद निवासी पूरे मितई मजरे लहेगा थाना नसीराबाद को अवैध शस्त्र व दो जिंदा कारतूस 12 बोर समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भाजपा महानगर के 100 वार्डों में चला स्वच्छता अभियान

● महान विभूतियों के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर चलाया स्वच्छता अभियान सेवा बस्तियों में किया संपर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**विश्व** के लोकप्रिय नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विगत 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता महाअभियान अंतर्गत रविवार को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर पूरे देश में पूर्वाह्न 10 से 11.00 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। इस अभियान के अंतर्गत रविवार को भाजपा महानगर की ओर से महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में सभी 90 वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, साथ ही इस अभियान में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

उप्र सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टांप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग रविंद्र जायसवाल ने रविवार को सुबह एक घंटा मलदहिया चौराहा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल जी की मूर्ति तथा आस.पास झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर श्रमदान करते हुए प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा सेवा और समर्पण की पार्टी है। इसका उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम करना है। राकेश शर्मा, नवीन कपूर, मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा, पार्षद सुशील गुप्ता, सुजीत गुप्ता, सचिन सोनकर आदि मौजूद रहे। दक्षिणी विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने दुर्गाकुंड वार्ड में बनकटी हनुमान मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के सपने को सरकार करके ही हम बापू को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### सेवा बस्तियों में भी किया संपर्क

विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने चेतगंज वार्ड तथा ईश्वरगंगी वार्ड के औसानगंज रानी फाटक सेवा बस्ती में लाभार्थियों से संपर्क किया तथा उनका हाल.चाल जाना। जहां पूर्ववर्ती सरकारों में जाति विशेष के लोगों को ही योजनाओं का लाभ मिलता था, वहीं अब बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचाने का पार्टी कार्य कर रही है। रामनगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में वार्डों में कार्यकर्ताओं के साथ शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के पूर्व दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए अपने आसपास के स्थलों को स्वच्छ व साफ किया।

# महिला महाविद्यालय स्वच्छता से श्रेष्ठता की ओर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**महात्मा** गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने श्स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महिला महाविद्यालय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता से श्रेष्ठता की ओर साप्ताहिक कार्यक्रम के उद्घाटन में आज प्रथम दिवस पर महिला महाविद्यालय परिवार द्वारा श्रम दान का आयोजन किया गया तथा अध्यापकों एवं छात्राओं की एक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई ।महिला महाविद्यालय एकाशी हिन्दू विश्वविद्यालय में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोण् अरुण कुमार सिंहए छात्र अधिष्ठाता डॉण् अनुपम कुमार नेमाए संयुक्त कुलसचिव ;सामान्य प्रशासनद्ध डॉण् नंदलाल एवं महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोण् रीता सिंह ने किया। प्रोण् अरुण सिंह ने बताया कि विशेष रूप से स्वच्छता गतिविधियों के लिए समर्पित अभियान है। स्वच्छता के लिए श्रमदान हम सबकी जिम्मेदारी है। सफाई के लिए हम सभी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है । यह विशाल स्वच्छता अभियान महाविद्यालय के प्रांगण समेत समवेत रूप से हर स्थान को स्वच्छ एवं स्वस्थ करेगा। छात्र अधिष्ठाता प्रोण् अनुपम कुमार नेमा ने सफाई और स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि आज महाविद्यालय का कोना-कोना चमक रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोण् रीता सिंह ने कहा कि इस विशाल स्वच्छता अभियान का उद्देश्य कूड़े के असुरक्षित स्थानए अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ करना है। स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने पहले भी लोगों को जागरूक किया था और आज भी स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं।

# महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर निकली स्वच्छता रैली और गोष्ठी हुई

● नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**महात्मा** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के धनपालपुर स्थित पंचायत भवन पर रविवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, वाराणसी व युवक मंगल दल, धनपालपुर और हरियाली फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिन एक घंटा के तहत श्रमदान, गोष्ठी, स्वच्छता रैली प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता जन जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि प्रशांत कक्कड़ए मीडिया संचार अधिकारी पीआईबी व करियर गुरु रविंद्र सहाय तथा ग्राम प्रधान कैलाश मौर्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली धनपालपुर गांव में घूम कर घर.घर स्वच्छता का संदेश देते हुए जागरूक करते हुए पुनः पंचायत भवन स्थित कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान दिशा क्रिएशन वाराणसी द्वारा गांव में जगह.जगह नुक्कड़ नाटक व गीत के माध्यम से स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ लालजी द्वारा प्रश्नोत्तरी कर दस विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को हरियाली फाउंडेशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। संचालन नंदकिशोर राजभर ने किया।

## बेहतरीन नॉइज़ कैंसिलिंग का आनंद लें

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सोनी** के डब्ल्यूएफएक हजार एक्सएम फाइव ट्रू ली वायरलेस ईयरबड्स के साथए उत्कृष्टता के एक नए स्तर का अनुभव करें। बहुप्रशंसित एक हजार एक्स श्रृंखला के बेहतरीन उत्पाद का प्रतिनिधित्व करते हुएए यह अत्याधुनिक मॉडलए परफेक्शन को पुनर्परिभाषित करता है और अद्वितीय बेहतरीन नॉइज़ कैंसलेशन ;शोर हटाने की प्रक्रियाद्धए उन्नत इमर्सिव साउंड का अनुभव और सोनी की अब तक की सबसे असाधारण कॉल क्वालिटी प्रदान करता है। अब आप खुद को अपने पसंदीदा संगीत में डुबो लेंए क्योंडब्ल्यूएफ1000 एक्सएम पांच आपके और आपकी धुनों के बीच एक सहज संबंध बनाता है। सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशकए सुनील नय्यर ने कहा ने हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे ईयरबड्स में ऐसी विशेषताएं शामिल हैंए जो श्रोताओं को उन्नत इमर्सिव साउंड का अनुभव प्रदान करती हैं।

## क्विक न्यूज

### संजय गाँधी अस्पताल मुंशीगंज के बहाली के बाद मुख्यमंत्री से बात करेंगे: डॉ संजय सिंह



**अमेठी।** संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज का लाईसेंस बहाल करने पर भाजपा बिधान सभा अमेठी प्रत्याशी डॉ संजय सिंह ने मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेगे। पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी ने 1982 मे संजय गाधी चिकित्सालय मुंशीगंज अमेठी की बुनियाद रखी। पहले पूर्वांचल मे इससे सस्ता और बेहतर चिकित्सालय नही था। अस्पताल के लाइसेंस बहाली के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेगे। अस्पताल बन्द नही होगा। लोगो को सस्ता इलाज मिलता रहेगा। स्थानीय राजर्षि रणञ्जय सिंह फार्मेसी कालेज अमेठी मे पत्रकारो से वार्ता मे कही। गौरतलब है कि कि भाजपा सांसद बरूण गाँधी ने संजय गाँधी चिकित्सालय के लाईसेंस बहाली के पत्र लिखा। अमेठी बिधान सभा प्रत्याशी डॉ संजय सिंह ने भी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से अस्पताल के लाइसेंस बहाली की बात करने का दावा किया है। सपा आम आदमी पार्टी ने भी अस्पताल बहाली का समर्थन कर चुके हैं।

### डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीम पीएमईजीपीए ओडीओपीए एमवाईवाईए एमएमजीआरवाईए तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की प्रगति में सुधार लाए जाने को कहा तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मत्स्य पालकों का अधिक से अधिक केसीसी बनाया जाएए उन्होंने आकांक्षात्मक विकास खण्डों में संकल्प सप्ताह मनाए जाने के दौरान कैंप लगाकर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की प्रगति बढ़ाकर राज्य औसत से अधिक करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए तथा वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ाए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् अंशुमान सिंहए उपायुक्त उद्योग राजीव पाठकए उपनिदेशक कृषि एलबी यादवए एलडीएम सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

### एक तारीख एक घंटा एक साथ आयें सभी: प्रो दिनेश कुमार गर्ग

**वाराणसी।** एक तारीख एक घंटा एक साथ आयें सभी आज देशभर में स्वच्छता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर तथा गांधी जयंती के पूर्व स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीयता एवं स्वच्छ भावए स्वस्थ जीवन का सद्भाव जागृत हो। उक्त विचार संपूर्णानंद संस्कृत विवि, वाराणसी में आज पूर्वाह्न 10.00 बजे आयोजित स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विनयाधिकारी प्रो दिनेश कुमार गर्ग ने व्यक्त किया। छात्र कल्याण संकाय के अध्यक्ष प्रो हरिशंकर पाण्डेय ने कहा कि शास्त्रों में भी वर्णित है कि हमारे पूर्वजों अत्यंत दूरदर्शी थे। हजारों वर्षों पूर्व वेदों व पुराणों में महामारी की रोकथाम के लिये परिपूर्ण स्वच्छता रखने के लिए स्पष्ट व्यक्त किया गया है। हमारे पूर्वज अत्यंत दूरदर्शी थे। हजारों वर्षों पूर्व वेदों व पुराणों में महामारी की रोकथाम के लिए परिपूर्ण स्वच्छता रखने के लिए स्पष्ट निर्देश दे रखें है।

### सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

**वाराणसी।** कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंकए जो वित्त वर्ष 2023 के लिए फंड की लागतए खुदरा जमा और सीएएसए जमा की दृष्टि से भारत के अग्रणी एसएफबी में से एक है ने आईपीओ के लिए अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के यहाँ दाखिल किया है। बैंक ने 2016 में भारत के पहले लघु वित्त बैंक के रूप में परिचालन शुरू किया और वित्तीय वर्ष 2023 तक एसएफबी के बीच 99042: के प्रत्याभूत ऋण के उच्चतम अनुपात के साथ अन्य एसएफबी की तुलना में कई परिसंपत्ति वर्गों में बड़े खाते के साथ सबसे विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो है।

### बाइक चोर मोबाइल व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**नसीराबाद,रायबरेली।** नसीराबाद पुलिस ने एक बाइक चोर को मोबाइल व एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त काफी समय से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अरबिन्द कश्यप पुत्र राम हेत कश्यप निवासी परैया नमकसार को गांधी नगर छतोह मार्ग से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त काफी अरसे से मोटरसाइकिलें मोबाइल आदि चोरी करके बेचते थे। पुलिस ने एक मोटर साइकिल व एक मोबाइल नारजो 50 ए बरामद किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने जुर्म कबूल किया। इस बावत प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि।पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक मोटर साइकिल व एक मोबाइल नारजो 50ए, बरामद की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक, हेड,कांस्टेबल अवधेश यादव ,कास्टेबल विशॅन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

## आरेडिका में चला वृहद स्वच्छांजलि अभियान

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 16.09.2023 से 02.10.2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2023 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके के अन्तर्गत आज 01.10.2023 को महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आवासीय परिसर एवं फैक्ट्री परिसर में वृहद साफ-सफाई अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि स्वच्छता पखवाड़ा - 2023 के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1 अक्टूबर के दिन 10 बजे से सभी देशवासियों से स्वच्छता के लिए कम से कम 1 घण्टा श्रमदान करने की अपील की है। जिससे हम अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा और सुन्दर बना सकें।कार्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत केन्द्रीय विद्यालय के अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं के श्रमदान से विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारी और कर्मचारी ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

# स्वच्छता पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना ने रविवार को सुबह 10 बजे से रिहंद टाउनशिप के सब्जी मण्डी और टीएसी कार्यालय के पास स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत की दिशा में कदम बढ़ाना है। एनटीपीसी रिहंद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, 01 घंटे के श्रमदान के साथ, सभी कर्मचारी और टाउनशिप के नागरिकों ने सफाई का काम किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, महाप्रबंधक प्रचालन और अनुरक्षण पंकज मेदिरत्ता ने सभी उपस्थित जनसमुदायों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता में सहयोग के लिए आग्रह किया। शपथ लेते समय, कर्मचारी ने अपने-अपने कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। श्री मेदिरत्ता ने कहा कि स्वच्छता के प्रति उठाया गया यह कदम टाउनशिप परिसर को स्वच्छ रखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि अपने घर की तरह देश को भी साफ रखना हमारा कर्तव्य है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परियोजना के अन्य महाप्रबंधक यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

# सोनभद्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने में दें सहयोग: मण्डलायुक्त

● नोडल व जिलाधिकारी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**सोनभद्र।** नोडल अधिकारी मण्डलायुक्त डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अन्तर्गत कार्यक्रम की शुरूआत की गयी, मण्डलायुक्त के नेतृत्व में म्योरपुर ब्लाक के सेन्धुरा मकसरा गांव व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज नगर पालिका अन्तर्गत बढ़ौली चौक चौराहे से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गयी, इस अभियान के दौरान विधायक सदर भूपेश चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष राबर्ट्सगंज रूबी प्रसाद, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चन्द्र यादव, अधिशसी अधिकारी विजय कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने झाड़ू लगाकर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी निभाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने म्योरपुर ब्लाक के सेन्धुरा मकरा गांव में जुट से बने थैलों का वितरण किये और लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक के थैला आदि का प्रयोग न करें, प्लास्टिक के प्रयोग से अनेक प्रकार बीमारियॉ होने की संभावना रहती है, जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सभी मिलजुल कर अमूल्य सहयोग दें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य से कूड़ा, करवट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर साफ-सफाई करके अपने गांव, शहर व अपने कार्यालय को स्वच्छ, सुन्दर हरित बनाना है, उन्होंने कहा कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इस अभियान की मानीटरिंग हेतु नोडल अधिकारियों की तैनाती भी की गयी है।

# भाजपा कार्यकर्ता समाज के उत्थान व विकास के लिए कर रहे हैं कार्य: नन्दलाल

**सोनभद्र।** गांधी जयन्ती के पूर्व दिवस पर स्वच्छता कार्यक्रम में राबर्ट्सगंज नगर के विवेकानन्द प्रेक्षागृह मे स्थित स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति की साफ सफाई व रामसरोवर तालाब पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं के साथ परिसर की स्वच्छता कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रथम लक्ष्य स्वच्छता व उत्तम स्वास्थ्य है, क्योंकि स्वस्थ्य शरीर मे ही स्वस्थ्य मन का वास होता है, और स्वच्छता से ही हम अपने व अपने परिवार का स्वास्थ्य ठीक रख सकते है, प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन सेवा कार्य तय है, प्रत्येक दिन कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग के उत्थान व विकास के लिए कार्य कर रहे है मोदी जी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए समर्पित है। मन की बात के माध्यम से मोदी जी ने सभी जनमानस व कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि गांधी जयन्ती के अवसर पर खादी ग्रामोद्योग से कोई न कोई वस्तु अवश्य खरीदें जिससे की खादी सामग्रियों को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर अशोक कुमार मौर्या,कृष्णमुरारी गुप्ता, रमेश जायसवाल, कमलेश चौबे, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, बलराम सोनी, दिशान्त द्विवेदी, उत्कर्ष पाण्डेय, विनीत तिवारी, प्रिन्स पाण्डेय, आशीष केशरी, रविन्द्र केशरी, बृजेश श्रीवास्तव, विनीत गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अंत्येष्टि स्थल पर चला सफाई अभियान

**सोनभद्र।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बेठीगांवनिस्फमें सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया, महिला ग्राम प्रधान नीलम त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बेलन नदी के तट पर बने अंत्येष्टि स्थल परिसर में सफाई की, सामूहिक रूप से झाड़ू लगाया गया, इसके साथ ही अंत्येष्टि स्थल जाने वाले मार्ग तथा आस पास उगी झाड़ियों की सफाई की गई।

## झमाझम हुई बारिश से सकलडीहा में सड़कों पर जलभराव

**सकलडीहा/चन्दौली।** पिछले कई दिनों से चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना दूभर होगया था। गर्मी व उमस के कारण शहर से लेकर गांव के लोग परेशान थे। लोगों की रातों की नींद हराम होगया था। शनिवार और रविवार को हुई झमाझम बारिस से लोगों को काफी राहत महसूस हुआ है। फसलों के लिये बारिश फायदेमंद है। लेकिन सड़कों पर जलभरॉव की स्थिती होगया है। सप्ताह भर से सुबह से लेकर शाम तक चिलचिलाती धूप और उसम से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। उपर से बिजली कटौती के कारण गर्मी में लोगों की नींद हराम होगया था। दो दिन से हो रही बारिश से लोगों ने राहत महसूस किया। लेकिन बारिश के कारण सड़कों पर जलभरॉव होगया है। कस्बा के केके सोनी, संजय सेठ, राकेश रस्तोगी, मोनू चौधरी ने बताया कि बारिश के कारण काफी राहत हुई है।

# सेवा मिशन के अन्तर्गत चला वृहद सफाई अभियान

● सरदार पटेल चौराहा भरूहना पर केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग, विधायक नगर सदस्य विधान परिषद के द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई अभियान में किया गया प्रतिभाग



**मीरजापुर।** 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग भारत सरकार अनुप्रिया पटेल, सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज भूषण सिंह, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के द्वारा सरदार पटेल चौराहा भरूहना पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान मे प्रतिभाग कर शुभारम्भ किया गया। इसके पूर्व केन्द्रीय मंत्री के द्वारा सरदार पटेल चौराहे पर उपस्थित लोगो को स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा हर वर्ष 100 घंटे यानी सप्ताह में दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने के प्रति शपथ दिलायी। केन्द्रीय मंत्री ने सरदार पटेल चौराहा पर स्थित लौह पुरूष सरदार बलल्भ भाई पटेल के मूर्ति की साफसफाई करने के पश्चात मूर्ति स्थापित वाले पूरे पार्क की सफाई की गयी। तत्पश्चात सड़को पर झाड़ू लगाकर सफाई किया गया। सफाई अभियान के पश्चात केन्द्रीय मंत्री जी द्वारा सरदार पटेल जी मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया गया।

उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 के पूर्व किसी के द्वारा सफाई अभियान ध्यान नही दिया गया जबकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्वच्छता के प्रति विशेष लगाव रहा हैं। महात्मा गांधी के सपनो को साकार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहली बार लाल किले से खड़े होकर देश में स्वच्छता के लिये योगदान देने का आग्रह किया। देश स्वच्छ बनाने के साथ-साथ शौचालय निर्माण के महत्व को भी लोगो को समझाया। तत्श्चात स्वच्छ भारत अभियान शुरू हुआ। यह अभियान पूरे देश में जनभागीदारी के माध्यम से इस कार्यक्रम को केवल सरकारी कार्यक्रम न रखकर जन आन्दोलन का रूवरूप दिया गया और देश के करोड़ो लोग इस अभियान मे जुड़ते चले गये। प्रधानमंत्री जी कार्यकाल से अब तक देश वासियों के भीतर जो चेतना एवं स्वच्छता के प्रति सबके मन में भाव उत्पन्न हुआ तत्पश्चात देश स्वच्छता की दृष्टि देश आगे बढ़ा। आज बच्चों सहित सभी के मन में अपने आस पास धार्मिक स्थल, रेलवे स्टेशनो सहित अनेक स्थानो पर साफ रखना कितना आवश्यक है सबके अन्दर यह भाव जागृत हुआ हैं। उन्होने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को निरंतर बढ़ाया जाय तथा देश के कोने में आज करोड़ो शौचालयो का निर्माण कराते हुये लोगो को शौचालय के उपयोग के प्रति जागरूक भी किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगो के लिये शौचालय की बहुत आवश्यता थी, जिसकी मूल भूत आवश्यकता अभी तक पूरा नही हो सका था परन्तु प्रधानमंत्री जी आम जन मानस के साथ महिलाओं के प्रति ध्यान देते हुये तथा उनकी गरिमा संरक्षित करने के प्रति उन्होने इस दिशा में केन्द्रित किया।

## मणिपुर में अशांति

### दु:खद घटना

**मणिपुर** में दो छात्रों की दु:खद हत्या के कारण अशांति पैदा हो गई है। आमतौर से देश-दुनिया में मणिपुर को अपनी आकर्षक दृश्यावलियों व जीवन्त संस्कृति के लिए जाना जाता है। लेकिन दो मैतेई छात्रों की दु:खद हत्या के कारण यहां फिर अशांति फैल गई है। वर्तमान समय में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच इन हत्याओं ने स्थानीय जनता का गुस्सा भड़का दिया है और वह न्याय की मांग कर रही है। 20 वर्षीय फिजाम हेमजित तथा 17 वर्षीय हिजाम लिथोइनगैंबी की लाशें हाल में मिलीं, जबकि वे 6 जुलाई, 2023 से गायब थे। इनकी हत्या का आरोप कुकी उग्रवादियों पर है। इस संबंध में दो फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गए हैं जिनमें से एक में उनकी लाशें दिखाई गई हैं और दूसरे में उनको दो सशस्त्र उग्रवादियों के बीच डरा हुआ दिखाया गया है। इसकी प्रतिक्रिया में हजारों छात्र इम्फाल की सड़कों पर 26 सितंबर को उतरे। हेमजित और लिथोइनगैंबी के गायब होने व हत्या की घटना ऐसे समय हुई है जब राज्य काफी समय से व्यापक हिंसा का शिकार है। हिंसा के कारण सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून-अफस्पा का विस्तार मणिपुर में 6 महीने और कर दिया गया है। हालांकि, यह तथ्य उल्लेखनीय है कि इस विस्तार में इम्फाल घाटी तथा असम सीमा से सटे केवल 19 थाना क्षेत्रों को शामिल किया गया है। अफस्पा का विस्तार ऐतिहासिक रूप से मणिपुर में विवादास्पद मुद्दा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छात्रों के हत्यारों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी व उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महत्वपूर्ण रूप से केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई की एक टीम उसके विशेष निदेशक अजय भटनागर के नेतृत्व में इम्फाल भेजी गई है जो दो छात्रों के कथित अपहरण और हत्या की जांच करेगी। यह कदम मणिपुर सरकार द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के बाद उठाया गया है ताकि पूरे मामले की गहन व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार ने राज्य में इंटरनेट सेवायें स्थगित कर दी हैं तथा स्कूल व कालेज बंद रहेंगे।



इस दु:खद घटना पर अनेक राजनीतिक प्रतिक्रियायें आई हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री एन. बीरेन्द्र सिंह की सरकार को भंग करने की मांग करते हुए उसे 'अक्षम' बताया है। मणिपुर की हिंसा वास्तव में गंभीर समस्या है और पूरे देश को इसके समाधान की चिन्ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री बीरेन्द्र सिंह केन्द्र सरकार के पूरे सहयोग से समस्या से निपटने के प्रयास कर रहे हैं और काफी सीमा तक सफल भी रहे हैं। ऐसे में केवल 'संकुचित राजनीतिक' दृष्टिकोण से उनकी सरकार भंग करने की मांग उचित नहीं है। मणिपुर की समस्या के गहन, तटस्थ व न्यायोचित विश्लेषण की जरूरत है। यह समस्या पहले की सरकारों की दशकों से जारी 'यथास्थितिवादी' व 'तुष्टीकरण' नीतियों का परिणाम है। इनके चलते जहां सीमापार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई और राज्य की जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास किया गया, वहीं नशे के व्यापारियों, हथियारों के स्मगलरों व संगठित अपराधियों में कुछ राजनेताओं की मिलीभगत से राज्य के प्राकृतिक संसाधनों व सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की होड़ लग गई। इससे राज्य के बहुसंख्यक समुदाय में गंभीर असुरक्षा की भावना पैदा हुई। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने तथा अपराधियों पर नियंत्रण के कठोर कदमों को अब कुछ तत्व 'मानवाधिकार उल्लंघन' के रूप में पेश कर रहे हैं। उम्मीद है कि राज्य व केन्द्र सरकार ऐसे 'निहित स्वार्थी' तत्वों पर लगाम लगाने में सफल होंगे तथा राज्य में जल्दी ही शांति व समृद्धि का माहौल बनेगा।

# तेजी से विलुप्त होते पवित्र उद्यान

**देश में 'पवित्र उद्यान' तेजी से गायब होते जा रहे हैं। इसका कारण परंपरागत विश्वासों में आ रही कमी है जिससे इनके संरक्षण में सहायता मिलती थी।**



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, द पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



प्रख्यात कवि वायलार रामवर्मा ने अनेक रोमांटिक व क्रांतिकारी कविताओं की रचना की है। इनके शीर्षक 'पुझाकल', 'मलाकल', 'पूवनांगल', 'भूमिक्कू किट्टिया श्रीधनांगल', आदि हैं। इनका अर्थ नदियां, पहाड़, उद्यान तथा धरती माता द्वारा दिए उपहार है। 1969 की ब्लाकबस्टर फिल्म 'नाडी' एक कथा पर आधारित थी जो केरल की सबसे लंबी नदी पेरियार के तटों पर घटित होती है। वायलार ने इन गीतों की रचना बहुत पहले उस समय की थी जब पर्यावरणविद व परिस्थितिकीविद चर्चा का विषय नहीं बने थे।

लगभग 6 दशक बाद हम देख रहे हैं कि इस धरती ग्रह पर व खासकर भारतवर्ष में रहने वाले लोग धरती माता द्वारा दिए उपहारों को बहुत क्रूरता के साथ नष्ट कर रहे हैं। भारत में 1950 के दशक में वन क्षेत्र लगभग 40 प्रतिशत था, पर अब सदाबहार वन हमेशा के लिए नष्ट हो गए हैं। खासकर देश के वर्षा वन विकास के नाम पर नष्ट किए जा रहे हैं। दु:ख की बात है कि वर्तमान नीतियों के कारण न विकास हो रहा है और न वन बच रहे हैं। अपने नेताओं के जन्म दिवस व अन्य अवसरों पर विभिन्न दलों के राजनेता सैकड़ों-हजारों पौधे लगाते हैं, पर टीवी कैमरों व पत्रकारों के उस स्थान से चले जाने के बाद ये पौधे फलने-फूलने के बजाय सूख कर कूड़ेदानों में चले जाते हैं। इन पौधों की देखभाल की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं व नेताओं द्वारा अपनी पार्टी सुप्रीमो जयललिता के जन्मदिवस के अवसर पर हर साल लगाए गए पौधों की संख्या पर गौर किया जाए तो पूरा राज्य अब तक जंगल में बदल गया होता। लेकिन विडंबना है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

भारत की वन संपदा लगातार 'विकास' के नाम पर नष्ट होती जा रही है। ढांचागत विकास, शहरीकरण, औद्योगीकरण व वाणिज्यीकरण का शिकार आमतौर से पेड़-पौधे व वन होते हैं। केरल से संसद सदस्यों का एक समूह सबरीमाला तक रेलवे लाइन बिछाने के लिए आंदोलन कर रहा है। हरियाली व वनों से भरे पश्चिमी घाटों के एक पहाड़ पर यह पवित्र तीर्थस्थान स्थित है। इसे केवल नवंबर से जनवरी के बीच त्योहार के मौसम में ही जनता के लिए खोला जाता है। प्रस्तावित रेल लाइन के कारण सैकड़ों हेक्टर जंगल नष्ट हो जाएगा जिसे 'पवित्र उद्यान' के नाम से जाना जाता है। राजस्व खुफिया के पूर्व प्रमुख तथा देश में 'सुपर स्ल्यूथ' के नाम से लोकप्रिय बी.वी. कुमार ने पैदल पश्चिमी घाटों की यात्रा की थी। उनको यह देख कर बहुत आश्चर्य हुआ था कि अन्नामलाई पहाड़ों की चोटियों पर उच्च-गुणवत्ता वाली भांग उगाई जा रही है। उनका मानना है कि इस 'सामग्री' के कोच्ची तक परिवहन में सुविधा प्रदान करने के लिए ही रेलवे लाइन की मांग की जा रही है। वनों के विनाश के साथ ही वन संपदा के लुटेरे व उसका वाणिज्यिक लाभ उठाने के लिए प्रयासरत निहित स्वार्थी तत्व देश भर में स्थानीय समुदायों द्वारा लगाए तथा संरक्षित 'पवित्र उद्यानों' को भी नष्ट करने पर आमादा हैं।

'पवित्र उद्यान' देश की एक महत्वपूर्ण विरासत हैं और ये सूरत से सिल्चर तथा कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न स्वरूपों में पाए जाते हैं। इन पवित्र उद्यानों या 'मिनी-जंगलों' का क्षेत्र 2 से 25 हेक्टर तक हो सकता है। ये उस क्षेत्र की प्राकृतिक जैव-विविधता का संरक्षण करते हैं। इन वनों में अन्य जीवों व वनस्पतियों के अलावा अनेक विरले औषधीय पौधे, झाड़ियां व पेड़ पाए जाते हैं। इनमें से कुछ 'पवित्र उद्यान' शहरों व कस्बों के किनारे स्थित हैं। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी इन पवित्र उद्यानों का सम्मान तथा उनकी पूजा करते हैं और किसी को भी वहां जाने नहीं देते हैं। स्थानीय समुदायों के अनेक बुजुर्ग लोग बच्चों को इन 'पवित्र उद्यानों' से जुड़ी कहानियां सुनाते हैं। लेकिन अब ये पवित्र उद्यान अनेक कारणों से बड़ी तेजी से नष्ट होते जा रहे हैं। इस बारे में अनेक पर्यावरणविदों व परिस्थितिकीविदों ने गंभीर चिन्ता जताई है।

इस संबंध में चेन्नै के 'सीपीआर इन्वायरमेंटल एजुकेशन सेंटर' ने गहन और विस्तृत अध्ययन किया है। डा. नन्दिता कृष्णा की अध्यक्षता में हुए इस अध्ययन से पता चला है कि 'पवित्र उद्यान' बहुत खतरनाक तेजी से नष्ट होते जा रहे हैं। विडंबना है कि इनको नष्ट करने में अनेक नागरिकों का ही हाथ है। ये पवित्र उद्यान स्थानीय देवी-देवताओं व पेड़ों की आत्माओं के प्रति स्थानीय जनता की श्रृद्धांजलि है। अनेक लोगों ने देवी-देवताओं की मिट्टी की मूर्तियां लगाई हैं और उनकी पूजा अपने संरक्षकों के रूप में की जाती है। भारतवर्ष में 'प्रकृति पूजा' की समृद्ध एवं प्राचीन परंपरा रही है जिसने प्रकृति के संरक्षण में अभूतपूर्व व असाधारण भूमिका निभाई है। इस संबंध में डा. नंदिता कृष्णा ने अपने शोध पत्र में लिखा है, 'पवित्र उद्यानों को मिले सम्मान का स्तर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में अलग-अलग है। कुछ वनों में सूखी पत्तियों तथा गिरे हुए फलों को भी नहीं छुआ जाता है। लोगों का विश्वास है कि किसी प्रकार की बाधा से स्थानीय देवी-देवता नाराज हो जाएंगे जिसके कारण बीमारियां या प्राकृतिक आपदायें आ सकती हैं अथवा फसलें खराब हो सकती हैं।

उदाहरणार्थ, पूर्वोत्तर भारत के गारो व खासी आदिवासी पवित्र उद्यानों में किसी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करते हैं। अन्य स्थानों पर सूखी पत्तियां या सूखी लकड़ी उठाई जा सकती है, पर जीवित पेड़ या उसकी शाखायें कभी नहीं काटी जाती हैं। उदाहरण के लिए, मध्य भारत में रहने वाले गोंड पेड़ काटने पर प्रतिबंध लगाते हैं, पर पेड़ से गिरे हुए हिस्सों का उपयोग करते हैं।' सी.पी. रामास्वामी अय्यर की प्रपौत्री डा. कृष्णा अपने पैतृक निवास में रहती हैं जिसका नाम 'द ग्रोव' रखा गया है।

अक्सर उद्यानों के साथ ही तालाब, झरने या जलधारायें होती हैं। इनसे स्थानीय जनता की पानी की आवश्यकतायें पूरी होती हैं। पवित्र उद्यानों का वानस्पतिक आच्छादन जल स्रोतों को जीवन्त बनाए रखने में सहायक होता है। पवित्र उद्यानों का यह वानस्पतिक आच्छादन क्षेत्र में मृदा का स्थायित्व बनाए रखने के साथ ही मृदा क्षरण रोकता है। हालांकि, पूरे देश के 'पवित्र उद्यानों' के बारे में कोई समग्र व व्यापक अध्ययन नहीं हुआ है, पर विशेषज्ञों का अनुमान है कि पूरे भारत में पवित्र उद्यानों की संख्या 1,00,000 से 1,50,000 के बीच हो सकती है। देश भर के पवित्र उद्यानों को अनेक कारणों से गंभीर संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, अध्ययनकर्ताओं का मानना है कि देश के एक भाग या एक वन क्षेत्र में पवित्र उद्यानों पर संकट की प्रकृति दूसरे क्षेत्र में पाए जाने वाले पवित्र उद्यानों पर खतरे से भिन्न हो सकती है। लेकिन सामान्य रूप से पाया गया है कि परंपरागत विश्वास व्यवस्था की कमी के कारण पवित्र उद्यानों पर संकट मंडरा रहा है। परंपरागत विश्वास देश के विभिन्न भागों में 'पवित्र उद्यानों' के संरक्षण में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन परंपरागत विश्वासों की अवधारणा पर ही पवित्र उद्यानों का अस्तित्व निर्भर करता है। लेकिन विडंबना है कि आज की भौतिकवादी दुनिया की अंधी दौड़ में इन व्यवस्थाओं व कर्मकांडों को 'अंधविश्वास' कहा जाता है।

देश में अधिकांश बड़े जंगलों के क्षेत्रफल में आई कमी का कारण इनमें लगातार बढ़ता मनुष्यों का हस्तक्षेप है। मजेदार बात है कि अनेक वन आज प्रकृति पूजा के आदिम स्वरूपों के 'संस्कृतिकरण' के कारण भी खतरों का सामना कर रहे हैं। 'संस्कृतिकरण' की इसी प्रक्रिया के कारण जनता का बड़ा हिस्सा 'प्रकृति पूजा' के बजाय मंदिरों में की जाने वाली पूजा की ओर आकर्षित हो रहा है। हालांकि, इससे हमारी जनसंख्या का बड़ा हिस्सा प्रकृति से दूर होता जा रहा है तथा इससे प्रकृति व खासकर 'पवित्र उद्यानों' का संरक्षण प्रभावित हो रहा है। वनों व पवित्र उद्यानों पर खतरे का एक बड़ा कारण 'यूपेटोरियम ओडोरेटम', 'लैंटाना कमारा' व 'प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा' जैसी जंगली प्रजातियां हैं। हमें पवित्र उद्यानों का संरक्षण करने के लिए वैज्ञानिक मिजाज व सेक्युलर पहचान छोड़ने की जरूरत नहीं है। लेकिन हमें धरती की रक्षा के लिए प्रकृति के संरक्षक वनों व पेड़-पौधों की सुरक्षा भी जरूर करनी होगी।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी

" दुनिया भर में बढ़ती बेरोजगारी का विश्व अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकता है। "


सुनील गोयल


डिम्पल खोखर

आईएलओ ग्लोबल एम्प्लॉयमेंट ट्रेंड्स फॉर यूथ 2022: एशिया एंड द पैसिफिक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 15 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं की बेरोजगारी दर 2022 में 14.9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि है। वैश्विक औसत के समान। जबकि यह दर पिछले वर्ष की दर (15.5 प्रतिशत) से कमी दर्शाती है, यह 2019 में महामारी-पूर्व बेंचमार्क 13.3 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है।

क्षेत्रीय समुच्चय से परे, बेरोजगारी दर और अन्य श्रम बाजार संके तकों के विकास में उप-क्षेत्रों और देशों के बीच महत्वपूर्ण अंतर हैं। दक्षिणी और पूर्वी एशिया दोनों में, 2022 में युवा बेरोजगारी दर पूर्व-महामारी बेंचमार्क से 1 प्रतिशत अंक से कम होने का अनुमान है, जबकि दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में, इसी दर को 2 प्रतिशत अंक अधिक होने का अनुमान है। . श्रीलंका में, जो वर्तमान में भुगतान संतुलन और संप्रभु ऋण संकट का सामना कर रहा है, 2021 की दूसरी तिमाही में युवा बेरोजगारी 30.0 प्रतिशत थी, जबकि वियतनाम में, जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं की विविधीकरण रणनीतियों से लाभान्वित हो रहा है क्योंकि कोविड-19 लॉकडाउन चीन कायम है, उसी तिमाही के लिए संबंधित दर 5.5 थी। प्रतिशत.

क्षेत्र में युवा पुरुषों को युवा महिलाओं (12.7 प्रतिशत) की तुलना में काफी अधिक बेरोजगारी दर (16.0 प्रतिशत) का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, जब श्रम के कम उपयोग के अधिक व्यापक माप की जांच की जाती है, यानी, युवा बेरोजगारी और संभावित श्रम बल (एलयू 3 दर कहा जाता है) की संयुक्त दर, पुरुषों और महिलाओं के बीच का अंतर कम हो जाता है, जो उच्च संभावित श्रम बल दर वाली युवा महिलाओं की ओर इशारा करता है। युवा पुरुषों की तुलना में। महामारी के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं रहने वाले युवाओं का अनुपात भी बढ़ गया, जो 1.5 प्रतिशत अंक बढ़कर 2020 में 24.8 प्रतिशत तक पहुंच गया – जो वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत से अधिक है। जबकि युवा पुरुषों की तुलना में युवा महिलाओं के लिए एनईईटी दरें लगभग 2.5 गुना अधिक हैं, महामारी के प्रसार ने ने पुरुषों के बीच एनईईटी दर को युवा महिलाओं (0.7 प्रतिशत अंकों की वृद्धि) की तुलना में अधिक (2.1 प्रतिशत अंक)तक बढ़ाने का काम किया, जिससे लिंग में कमी आई एनईईटी दर में अंतर यह विकास दक्षिण एशिया के रुझानों से प्रेरित था, जहां युवा महिलाओं के लिए 0.9 प्रतिशत अंक की तुलना में पुरुष एनईईटी दर में 2.7 प्रतिशत अंक की वृद्धि दर्ज की गई है।

2022 की पहली छमाही में बिगड़ती आर्थिक स्थिति से क्षेत्र के युवाओं के बीच एनईईटी दर में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे रोजगार प्रक्षेप पथ और प्रभावित व्यक्तियों की आय पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। एनईईटी दरों में लिंग अंतर श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और रोजगार-से-जनसंख्या अनुपात (ईपीआर) से निकटता से संबंधित है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में युवा महिलाओं को बहुत कम एलएफपीआर और ईपीआर का अनुभव होता है : वर्ष 2022 में संपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं के लिए एलएफपीआर 26.3 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि युवा पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 46.6 प्रतिशत के लगभग है, जबकि क्षेत्र की युवा महिलाओं में यह 23.0 प्रतिशत है। 39.1 प्रतिशत युवाओं की तुलना में रोजगार में होने का अनुमान है। दक्षिणी एशिया क्षेत्र, 29.9 प्रतिशत अंक पर, क्षेत्र में सबसे अधिक एलएफपीआर लिंग अंतर है।

युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार रुझान 2022 में, आईएलओ ने समावेशी और टिकाऊ हरित, डिजिटल और देखभाल परिवर्तनों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत उपायों के आर्थिक और रोजगार प्रभावों को मापने के लिए एक मैक्रो-इकोनोमेट्रिक मॉडल का उपयोग किया।

इमारतों और उपकरणों में ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने, नवीकरणीय ऊर्जा में बदलाव के माध्यम से विद्युत ऊर्जा उत्पादन को डीकार्बोनाइज़ करने और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और संबंधित बुनियादी ढांचे (जिसे कहा जाता है) का विस्तार करने के उद्देश्य से हरित नीति उपायों के एक पैके ज के रोजगार प्रभावों का अनुकरण करने वाला मैक्रो-इकोनोमेट्रिक मॉडलिंग हरित परिदृश्य), 2030 तक, सामान्य व्यवसाय परिदृश्य के सापेक्ष 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए दुनिया भर में अतिरिक्त शुद्ध 8.4 मिलियन नौकरियां पैदा कर सकता है। जिसमें एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 5.8 मिलियन (या 69.0 प्रति) की हिस्सेदारी है। प्रतिशत) उन नौकरियों का। क्षेत्र में सार्वभौमिक (90 प्रतिशत) इंटरनेट ब्रॉडबैंड कवरेज (जिसे डिजिटल परिदृश्य कहा जाता है) प्रदान करने के उद्देश्य से नीतिगत उपायों से बेसलाइन के सापेक्ष 2030 तक युवाओं के लिए 2.1 मिलियन नौकरियों की शुद्ध वृद्धि होने का अनुमान है। वैश्विक कुल का तीसरा।

हरित परिदृश्य की तुलना में यह कम वैश्विक हिस्सेदारी इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम इंटरनेट कवरेज अंतर का प्रतिबिंब है। एसडीजी 3 (स्वास्थ्य पर) और एसडीजी 4 (शिक्षा पर) के प्रासंगिक लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल प्रावधान और शिक्षा कवरेज में निवेश बढ़ाने के लिए निर्देशित नीतिगत उपायों से युवाओं के लिए 2030 तक एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लोग सामान्य व्यवसाय परिदृश्य की तुलना में अतिरिक्त शुद्ध 8.5 मिलियन नौकरियां पैदा होने की उम्मीद लगाई जा रही है। यह वैश्विक कुल का लगभग आधा प्रतिनिधित्व करता है, जो आवश्यक देखभाल सेवाओं के कवरेज में वृद्धि को उजागर करता है

## आप की बात

### ट्रूडो के तेवर

**भारत सरकार** के कड़े दृष्टिकोण तथा विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा वैश्विक मंचों पर खरी-खरी सुनाने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के तेवर ठंडे हो गए हैं। अतीत में दिखावे के तौर पर भारत कनाडा के संबंध भले ही सामान्य रहे हों मगर इतिहास गवाह कि खालिस्तानियों को पनाह देकर उसने संबंधों को हमेशा तनावग्रस्त बनाए रखा है। भारत ने इसको लेकर पहले भी कई बार सख्त रुख दिखाया, मगर पाकिस्तान की तरह कनाडा भी दोहरा चरित्र निभाता रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत यात्रा के दौरान जितनी चिकनी चुपड़ी बात की थी एक निराधार बयान से उसकी सच्चाई सामने आ गई है। इसका बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों ने भी विरोध कर ट्रूडो को आइना दिखाया जरूर है मगर भारत को कनाडा को कड़ा सबक सिखाना चाहिए ताकि वहां आतंकी गतिविधियों के साथ ही पून्नू जैसे आतंकियों का पालन-पोषण बंद हो। भारतीय एजेंसियों ने पंजाब में खालिस्तान-समर्थकों पर व्यापक कार्रवाई की है, लेकिन विडंबना है कि पंजाब में शासन कर रही आम आदमी पार्टी-आप इस मामले पर चुप है। खालिस्तानी-समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई पर सभी राजनीतिक दलों को सरकार का जोरदार समर्थन करना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू,** इन्दौर

### शून्य संवेदनशीलता

**उज्जैन** में नाबालिग लड़की के साथ रेप की दिल दहलाने वाली घटना और उसका सहायता के लिए घर-घर भटकना और हर घर से दुत्कार कर दिया जाना सिद्ध करता है कि अब हमारे भीतर अच्छाइयां मर चुकी है और किसी को भी दुखी देखकर हमारी संवेदनाएं जागृत नहीं होती है। आश्चर्य की बात तो है कि उन घरों की महिलाओं को भी उसे पर दया नहीं आई। यदि हमारी संवेदनशीलता इसी तरह शून्य होती रही तो हममें और रोबोट में कोई फर्क नहीं रह जाएगा। अगर कोई कुछ नहीं कर सकता था तो कम से कम 100 नंबर डायल करके पुलिस को तो बुला ही सकता था। अब तो सूचना देने वाले को पुलिस किसी भी तरह से परेशान नहीं कर सकती है, ऐसे कानून बन चुके हैं। मगर आज भी दुर्घटना में तड़पता हुआ आदमी अपने प्राणों के भीख मांगता है और लोग उसकी रील बनने लगते हैं। रेप की सजा मृत्यु दंड तक सख्त होने के बावजूद यदि अभी बलात्कार होते हैं तो अपराध व दंड के पूरे परिदृश्य की समीक्षा करना जरूरी हो गया है। कानून को हाथ में लेना ठीक नहीं है, लेकिन किसी को अपराध करते देख कर उसका विरोध व पीड़ित की सहायता करना समाज को सीखना पड़ेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बच्चों पर दबाव

**कोटा** पूरे देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं के कोचिंग केन्द्र के रूप में तो विख्यात है ही, अब कोटा आत्महत्या के प्रेरणा स्थल के रूप में भी ख्याति प्राप्त कर रहा है। आईएएस, पीसीएस जैसी परीक्षाएं पहले भी होती थीं किन्तु आत्महत्या की एक भी घटना सुनने में नहीं आती थी न ही आज जैसे कोचिंग संस्थानों की बाढ़ थी। तीन-चार दशक पहले तक बड़े नगरों में भी कोचिंग संस्थान का नाम सुनने में नहीं आता था। उस समय छात्र स्वयं अपने भविष्य का मार्ग चुनता था और अपने परिश्रम से परीक्षा में सफल होने का प्रयास करता था। उसके ऊपर न तो अभिभावकों का दबाव रहता था और न ही किसी से स्पर्धा का भाव। लेकिन आज प्राप्तांकों के कीर्तिमान के लिए बच्चे पर नर्सरी से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया जाता है। 10 वीं में आते-आते माता पिता विषयों के चयन में बालक पर अपनी इच्छा थोपनी शुरू कर देते हैं। इसके परिणामस्वरूप बालक मानसिक रूप से पराधीन हो जाता है। बच्चों पर बढ़ता दबाव उनकी आत्महत्याओं का कारण है। इसे रोकने के लिए बच्चों को पुन: उनकी पसंद के अनुसार क्षेत्र चुनने का अवसर दिया जाना चाहिए।

–**नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### महबूबा की खीझ

**पीडीपी अध्यक्ष** महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह अपने करीबी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रही है। भारत सरकार जम्मू कश्मीर में विकास के जो काम कर रही है, उसकी कल्पना कई दशकों से कोई कर भी नहीं सकता था। इन कार्यो से प्रदेश की जनता बहुत खुश है और उसे अपना भविष्य उज्जवल दिख रहा है। इन विकास कार्यों और जनता, खासकर नौजवानों की उनमें सहभागिता से महबूबा व अब्दुल्ला परिवार की नींद हराम हो गई है। उनको लगता है कि यदि जम्मू कश्मीर में विकास की यही गति बनी रही तो उनके वंशवादी शासन की कभी वापसी नहीं हो सकेगी। इस बयान से महबूबा ने अपनी खीझ निकाली है। क्या कोई इस तथ्य से इनकार कर सकता है कि अब्दुल्ला व महबूबा परिवारों ने न केवल कश्मीर के प्राकृतिक संसाधन लूटे, बल्कि भारत सरकार से मिलने वाली अधिकांश धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी। जम्मू कश्मीर की जनता अब ऐसे नेताओं को पूरी तरह खारिज कर चुकी है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# भाजपाइयों ने स्वच्छता अभियान के तहत जगह-जगह किया श्रमदान

● सांसद केसरी देवी पटेल, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा पार्षद किरन जायसवाल ने स्वच्छता प्रहरियों को किया सम्मानित

● पार्षद किरन जायसवाल की अगुवाई में निकाली गयी स्वच्छता रैली और संदेश यात्रा

**संवाददाता।** प्रयागराज


दीन दयाल उपाध्याय पार्क में इकट्ठा हुए भाजपाई, की साफ सफाई।

**भाजपा** महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आज प्रयागराज महानगर के सभी वार्डों में स्वच्छता के लिए, श्रमदान किया गया। साथ ही रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित भी किया गया। स्वच्छता अभियान को लेकर युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोहित पप्पू पांडेय के संयोजन में बालसन चौराहा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पार्क पर सफाई की गई।

इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी एवं महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया। सांसद केसरी देवी पटेल और भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी द्वारा संगम तट पर सफाई की गई। वहीं भाजपा पार्षद किरन जायसवाल के द्वारा बाई का बाग पार्क और क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित करते हुए स्वच्छता का संदेश देने हेतु रैली निकाली गई। इसी क्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी द्वारा द्वारा महान धनुर्धर एकलव्य प्रतिमा पार्क और महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ कीर्तिका अग्रवाल द्वारा रामबाग वार्ड में सफाई की गई। अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश कुमार सोनकर एवं श्याम चंद्र हेला के संयोजन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और रेलवे स्टेशन के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पिछड़ा मोर्चा द्वारा महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा और मंडल अध्यक्ष अमन गुप्ता ने मीरापुर एवं सदियापुर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। अल्पसंख्यक मोर्चा के संयोजक सुशील जैन द्वारा रामबाग पुल के नीचे सफाई की गई।

इसी क्रम में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तीर्थराज पांडेय ने नागवासुकी मंदिर और पार्षद अनुपमा पांडेय ने वार्ड नंबर 89 में पार्षद रितेश मिश्रा ने अपने वार्ड आजाद स्क्वायर में पार्षद मयंक यादव पार्षद रूद्र सेन जायसवाल पार्षद नीरज गुप्ता ने वार्डों में सफाई अभियान चलाया। इसके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्षों और पार्षदों के द्वारा अपने क्षेत्र के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया।

स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय उपाध्याय अवधेश चंद्र गुप्ता कमलेश कुमार डॉ एलएस ओझा वरुण केसरवानी श्याम चंद्र हेला राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल श्याम प्रकाश पांडेय सचिन मिश्र राजू पाठक रीता सिंह सुमन केसरवानी चंद्रा अहलूवालिया सीमा सागर किरन पूर्वी मनोज मिश्रा अजय अग्रहरि ज्ञानेंद्र मिश्रा भरत निषाद अनिल भट्ट अजय सिंह विजय श्रीवास्तव गौरव गुप्ता कौशिकी सिंह दीनानाथ कुशवाहा दिलीप केसरवानी रणविजय सिंह ज्ञान बाबू केसरवानी संजय कुशवाहा शत्रुघ्न जायसवाल कुंजन त्रिपाठी सिद्धार्थ पांडेय रजत पांडे एवं वार्ड में रहने वाले सभी मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ प्रकल्प विभाग के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत जिले भर में चला श्रमदान कार्यक्रम

● स्वच्छता ही जीवन का है मूल आधार-आयुक्त

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**गांधी** जयंती से एक दिन पूर्व रविवार को जिले भर में महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए स्वच्छता ही सेवा-2023 कचरा मुक्त भारत 01 घण्टे श्रमदान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 02 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन आन्दोलन उत्सव के तहत ''स्वच्छ भारत दिवस'' के रूप में मनाया जाना है इसके तहत आज जनपद के विकास खण्ड इकौना अन्तर्गत स्थित ऐतिहासिक सीताद्वार मंन्दिर परिसर में विधायक रामफेरन पाण्डेय जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी/देवीपाटन मण्डल गोण्डा के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र जिलाधिकारी कृतिका शर्मा मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह एवं अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने झाड़ू लगाकर श्रमदान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान आयुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विसर्जन स्थल पर लीगेसी वेस्ट सीताद्वार मंदिर झील एवं रैन बसेरे के पास साफ-सफाई कर श्रमदान दिया तथा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं आम जनमानस को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

इस दौरान आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का मूल आधार है



किसी भी समाज के लिए स्वच्छता सामाजिक रूप से भी आवश्यक है और स्वास्थ्य के लिए भी आवाश्यक है। इसलिए साफ-सफाई अपनाकर ही बीमारियों से बचा जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री जी के मंशानुसार महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा-2023 कचरा मुक्त भारत कार्यक्रम को जनआन्दोलन के रूप में मनाया जा रहा है जो बहुत ही सराहनीय है। इस इसका उद्देश्य सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश भर में जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगामी दिनों में जिले के सभी अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों एवं सभी ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की जायेगी।

इस अभियान के माध्यम से विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता अपनाने हेतु जागरूक किया जायेगा। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले को साफ-सुथरा रखने के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े से जुड़कर सभी जनपदवासी स्वयं को स्वच्छता के प्रति समर्पित करें और जनपद को स्वच्छ रखें।

# आज धूमधाम से मनाई जाएगी गांधी जयंती

**प्रयागराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित एक दिन गांधी जयंती मोहनदास करमचंद गांधी की जयंती का उत्सव है। जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है। महात्मा गांधी का जन्म 1869 में पोरबंदर गुजरात में हुआ था और इस साल यह उनकी 154वीं जयंती है। महात्मा गांधी के सम्मान में स्कूलों कॉलेजों और यहां तक कि सरकारी संस्थानों में प्रार्थना सेवाओं और सांस्कृतिक कायर्क्रमों के साथ यह दिन मनाया जाता है। गांधी जयंती के अवसर पर कुंडली भाग्य के पारस कलनावत उर्फ राजवीर भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे उर्फ लक्ष्मी कुमकुम भाग्य के कृष्णा कौल उर्फ रणबीर और रब से है दुआ की अदिति शर्मा उर्फ दुआ जैसे ज़ी टीवी कलाकारों ने देश की आज़ादी के लिए बापू द्वारा दिए गए बलिदान पर अपने विचार साझा किए। ज़ी टीवी के कुंडली भाग्य में राजवीर का रोल निभा रहे पारस कलनावत ने कहा मैं गांधी के असीम ज्ञान से प्रेरित हूं जो हमें ऐसी बहुत सी महत्वपूर्ण चीजें सिखाता है जो मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं। सबसे पहले तो सच्चा और ईमानदार होना हमारी ज़िंदगी में एक मार्गदर्शक की तरह होता है यह हमें ज़िंदगी में महान चीजें हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकता है। उन्होंने अपना जीवन हमेशा सत्य की खोज में बिताया। हमें याद दिलाया कि अंत में सत्य की जीत होती है। उन्होंने हमें यह भी सिखाया कि बदलाव हमसे शुरू होता है। भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा आज जब हम महान महात्मा गांधी के जन्म का उत्सव मना रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने बढ़ाया मनोबल, समाजसेवियों ने किया रक्तदान

● सेवा सप्ताह श्रमदान के बाद लोगो के जीवन बचाने के लिए भी किया गया कार्य

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में



चिकित्साधिकारी डा0 रामानुज कन्नौजिया की उपस्थिति में फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। रक्तदान शिविर में कई गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि रक्तदान करना जनकल्याण का काम है, हमारे रक्तदान से किसी का अमूल्य जीवन बच सकता है, लोगों को समय-समय पर रक्तदान करने एवं रक्तदान के प्रति जागरुक करने की अपील की गई। रक्तदाताओं में समाजसेवी कैलाशपति रूंगटा, अशोक कुमार गुप्ता, योगेन्द्र सिंह, कौस्तुभ कुमार, अमित आनन्द, रामदास विश्वकर्मा, डॉ0 आर0पी0 मौर्य सहित रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# प्रभावी मंत्री ने झाड़ू लगाकर दिया संदेश, स्वच्छता अपनाएं

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**राज्यमंत्री** ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 एवं प्रभारी मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम ने 'स्वच्छता ही सेवा-2023' कार्यक्रम एवं कचरा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत रविवार को श्रमदान कर ''एक तारीख, एक घण्टा स्वच्छता के लिये'' अभियान में प्रतिभाग करते हुए झाड़ू लगाया एवं कूड़े की सफाई किया। मंत्री द्वारा विकास भवन परिसर एवं अम्बेडकर पार्क मटिहना में पहुँचकर साफ-सफाई अभियान में श्रमदान किया गया। स्वच्छता अभियान में मंत्री के साथ सांसद प्रवीण निषाद, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान ने बढ़ चढ़ कर श्रमदान करते हुए झाड़ू एवं फावड़े के साथ परिसर एवं पार्क की साफ-सफाई किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, सीडीओ संत कुमार ने श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। मंत्री द्वारा विकास भवन परिसर में श्रमदान करते हुए परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा विकास भवन में नवनिर्मित वीडियों कॉफ्रेसिंग कक्ष का लोकार्पण किया तथा जनपद के विकास खण्ड मुख्यालयों से वी0सी के माध्यम से विकास खण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायतों में चलाये जा रहें स्वच्छता अभियान सहित विकास एवं जनकल्याणकारी/लाभार्थीपरक योजनाओं आदि के बारे



में जानकारी भी ली गयी। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी द्वारा मंत्री एवं सांसद सहित विधायकगण को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री द्वारा नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड 01 में अम्बेडकर पार्क में पहुॅचकर बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा सफाई नायको/नायिकाओं सहित उपस्थित महिलाओं बहनों एवं बेटियों को सूक्ष्म जलपान वितरित किया गया। इस अवसर पर सांसद सहित सभी विधायकगण, अधिकारियों ने सफाई अभियान में प्रतिभाग किया गया। मंत्री द्वारा जनपद के नगर पालिका एवं समस्त नगर पंचायतों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत कराये गये कार्यों के बारे में ई0ओ0 विनय मिश्र एवं डी.पी.आर.ओ. से जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक निरंन्तर प्रक्रिया है जो हम सभी के दैनिक दिनचर्या में शामिल है हमें अपने कार्यालय, घर, परिसर सड़कों को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाये रखने में निष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए।

# न्यायिक कर्मचारियों को एक समान वेतनमान को दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** प्रयागराज

● दिवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का 42वां प्रांतीय अधिवेशन आयोजित

**दिवानी** न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का 42वां प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति उच्चतम न्यायालय पंकज मित्तल और विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय प्रयागराज संजय कुमार पचौरी एवं न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय आशुतोष श्रीवास्तव और जनपद न्यायाधीश प्रयागराज संतोष राय महासचिव कर्मचारी यूनियन उच्च न्यायालय बृजेश शुक्ला रहे। प्रान्तीय अधिवेशन में मुख्य रूप से गैर न्यायिक कर्मचारी को न्यायिक कर्मचारी का दर्जा देने और पूरे देश के जनपद न्यायालयों में कार्यरत कर्मचारियों को इन्फ्रा सुविधाएं आवासीय व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पूरे देश में जनपद न्यायालयों में बढ़ती पत्रावलियों की संख्या के आधार पर अतिरिक्त पदों का सृजन करने तथा पूरे देश में न्यायिक कर्मचारियों को एक समान वेतनमान प्रदान करने हेतु समिति का गठन करने हेतु मुख्य अतिथि को ज्ञापन सौंपा गया। अधिवेशन में मुख्य रूप से प्रांतीय संरक्षक संदीप चौहान प्रांतीय अध्यक्ष निपेन्द्र सिंह प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सचिव अवनीश राय उपाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी नीरज शुक्ला प्रशासनिक अधिकारी विनोद सिंह राकेश मिश्रा अफजल हसन नरेन्द्र मौर्या प्रदीप मिश्रा मुनौव्वर आलम सतीश त्रिपाठी अवनीश श्रीवास्तव सहित प्रदेश के प्रत्येक जनपद से कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह जानकारी एल बी पाण्डेय संयोजक की ओर से दी गयी।

# स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**संवाददाता।** प्रयागराज

**स्वच्छता** ही सेवा के अवसर पर आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंर्तगत नागवासुकी मंदिर दारागंज पर जन जागरूकता और स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला गंगा समिति गंगा टास्क फोर्स नगर निगम भारतीय वन्य जीव संस्थान प्रयागराज के अधिकारी और कार्यक्रताओं द्वारा गंगा तट पर स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम अयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक महावीर कौजालगी लेफ्टेनंट कर्नल सुशील गुहानी जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह जोनल अधिकारी संजय ममगाई उप निदेशक संगीता उप निदेशक कुंज मोहन वर्मा उप निदेशक एस पी राम कृष्णा कृष्णा कुमार मौर्य जेआरएफ श्वेता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में महावीर कौजलगी ने कहा स्वच्छता के प्रति यह एक अच्छा सराहनीय कदम है। प्रकृति में संतुलन और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ही आवश्यक है। लेफ्टिनेंट



कर्नल सुशील गुहानी ने साफ सफाई के लिए सभी को प्रेरित किया। जोनल अधिकारी संजय मुमगोई ने नगर निगम द्वारा स्वच्छता के कार्यों पर चर्चा की। जिला परियोजना अधिकारी ने उपस्थित सभी से आग्रह किया की गंगा घाट में कूड़ा और प्लास्टिक बैग का प्रयोग ना करें। अंत में सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई और नदी को प्रदूषण मुक्त कराने हेतु सभी प्रेरित किया। गंगा तट से पालीथीन कचरा पुराने माला फूल तस्वीरों को निकाल कर उसे नगर निगम प्रयागराज द्वारा निस्तारित कराया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के टीम नगर निगम भारतीय वन्य जीव संस्थान टीम मौजूद रही।

# कोर कार्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा दिवस

● महाप्रबंधक कोर प्रमोद कुमार ने अधिकारियों के साथ की साफ सफाई

**संवाददाता।** प्रयागराज

**केन्द्रीय** रेल विद्युतीकरण संगठन में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कोर के कर्मचारियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता पखवाड़े के दौरान बड़ी संख्या में स्वच्छता से संबन्धित गतिविधियां की गईं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर कोर के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अगुआई में अधिकारियों और कर्मचारियों ने रविवार को दस बजे से ग्यारह बजे तक कार्यालय परिसर एवं रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता संबंधी श्रमदान किया। श्रमदान कोर की समस्त परियोजनाओं में भी पूरे उत्साह के साथ किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत 16 सितम्बर को महाप्रबंधक कोर प्रमोद कुमार द्वारा कोर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ की गई। इसी क्रम में स्वच्छ कार्यालय अभियान के तहत 18 से 19 सितम्बर तक कार्यालय के सभी विभागों तथा परिसर में वृहद साफ सफाई की गई। 20 से 22 सितम्बर तक स्वच्छ आवासीय परिसर के अन्तर्गत सभी आवासीय कॉलोनियों में स्वच्छता


साफ सफाई करते जीएम कोर प्रमोद कुमार।

अभियान चलाया गया। स्वच्छ नीर अभियान के अन्तर्गत 25 और 26 सितम्बर को परिसर के सभी वाटर ट्रीटमेंट एवं फिल्ट्रेशन संयंत्रों ओवरहेड टैंकों जल निकायों और पेयजल प्रणालियों का निरीक्षण किया गया। स्वच्छ प्रसाधन अभियान 27 से 29 सितम्बर 2023 के दौरान पानी की उपलब्धता पाइप रिसाव आदि की जांच की गई और प्रसाधनों की वृहद सफाई की गई। इसके अलावा सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए जागरूकता सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध और कपड़े के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कोर के सभी प्रमुख स्थानों पर पोस्टर स्टैंडी और बैनर लगाए गए एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी संदेश प्रदर्शित किए गए। कोर हमेशा से स्वच्छता के प्रति प्रयत्नशील रहा है और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान दे रहा है। यह जानकारी कोर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी एस के द्विवेदी ने दी।

# सौ वर्ष पूरा कर चुके मतदाताओं को सम्मानित किया गया

**संवाददाता।** कोंछा बाजार अयोध्या

**निर्वाचन** आयोग के दिशानिर्देश पर रविवार को तहसील क्षेत्र के 100 वर्ष पूरा कर चुके मतदाताओं को नायब तहसीलदार तहसीलदार ने फूल माला व अंगवस्त्र देकर मिठाई खिलाते हुऐ सम्मानित किया। सम्मान पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे।

2 अक्टूबर गांधी जयंती के पूर्व निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश पर रविवार को बीकापुर तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा जलालपुर भग्गू के मजरे पूरे सधई तिवारी निवासिनी 104 वर्षीय बुजुर्ग स्मृता पत्नी आफतदीन ,असरेवा निवासिनी 101वर्षीय बुजुर्ग रमराजी पत्नी भवानीफेर ,जाना बाजार निवासिनी 100वर्षीय बुजुर्ग शिव कुमारी पत्नी माधव लाल , करनपुर पूरे झिगान तिवारी का पुरवा निवासी 100 वर्षीय बुजुर्ग छोटेलाल पुत्र मेड़ई को ग्राम प्रधान क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो नायब तहसीलदार के साथ



सभी बुजुर्गों के घर पहुंचे बीकापुर तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने फूल माला अंगवस्त्र देकर मिठाई खिलाते हुए उन्हें सम्मानित किया तथा उनका हाल-चाल पूछा। उनसे पेंशन राशन कार्ड सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी लिया।सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहने वाले बुजुर्गों को ग्राम प्रधान सहित सभी जिम्मेदारियों को अतिशीघ्र सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की जिम्मेदारी सौपी।तथा ताहडीह निवासिनी 101वर्षीय बुजुर्ग सुनीता पत्नी हृदय राम को नायब तहसीलदार बीकापुर गरिमा वर्मा ने फूल माला अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मान सम्मान पाकर बुजुर्गों के चेहरे खुशी से खिल उठे बुजुर्गों ने सम्मान पाकर घर पहुंचे अधिकारियों कर्मचारियों को हृदय से आशीर्वाद दिया। इस दौरान जलालपुर भग्गू ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार बीएलओ संगीता सहित ग्राम प्रधान क्षेत्रीय लेखपाल उमेश यादव कानूनगो शोभाराम यादव नायब तहसीलदार राम खेलावन सहित संवंधित ग्राम प्रधान एवं ग्राम वाशी उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन चिंतौरा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर

**स्वच्छता** ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 1 तारीख 1 घंटा स्वच्छता के लिए कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी अंबेडकर नगर,सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम प्रांजल यादव की अध्यक्षता में व जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में काशीराम आवास अकबरपुर, प्राथमिक विद्यालय चिंतौरा विकास खण्ड टांडा तथा पंचायत भवन चिंतौरा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वच्छ शहर और गांव बनाने हेतु सार्वजनिक कार्यों को प्रेरित करने के लिए, प्रधानमंत्री द्वारा 01 अक्टूबर, को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 01 घंटे के श्रमदान का आहवान किया गया है, जो बापू जी के लिए उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर एक स्वच्छांजलि होगी।

इस स्वच्छता अभियान का मुख्य फोकस कूड़ा-करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर वास्तविक रूप से सफाई गतिविधियों को करने पर होगा, ताकि उसके बाद गांव-शहर स्वच्छ दिखें।

सचिव द्वारा काशीराम आवास में सभी से शपथ दिलाया गया तथा सफाई अभियान चलवा कर परिसर की साफ सफाई की गई। सचिव, जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सफाई किया गया। सचिव द्वारा प्राथमिक विद्यालय चिंतौरा में सर्वप्रथम सफाई अभियान चलाकर विद्यालय परागण की साफ सफाई की गई तथा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

# राम मंदिर निर्माण के कार्य से संतुष्ट दिखे संत-महंत

**संवाददाता।** अयोध्या

**भगवान** श्री राम के जन्म भूमि पर बन रहे भव्य मंदिर को देखकर संत हुए गदगद कहा कि अभी तक दक्षिण भारत के मंदिरों को कहा जाता था की बहुत ही सुंदर बने हुए हैं लेकिन श्री राम जन्मभूमि पर बंद है रामलाल के भव्य मंदिर सभी मंदिरों से अच्छा बनकर तैयार हो रहा है। 16 जनवरी से 24 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रस्तावित है इसके पूर्व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माणाधीन श्री राम लला के मंदिर दर्शन के लिए संतो को आमंत्रित किया और लगभग 300 अधिक संत श्री राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचकर निर्माण अधीन मंदिर का दर्शन किए और इस अनुभूति को शेयर करते हुए कहा कि अयोध्या में बन रहा है अभूतपूर्व सुंदर प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर। रामलला की 5 साल के बालक की 3 मूर्ति को राजस्थान के श्वेत संगमरमर और कर्नाटक के ग्रेनाइट के पत्थरों से बनाया जा रहा है। इसे अक्टूबर में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इनमें से किसी एक मूर्ति का चयन संत और



राम मंदिर ट्रस्ट मिलकर तय करेगा। इसमें जो रामलला की मूर्ति तय होगी, उसकी ही प्राण-प्रतिष्ठा होगी। सियाराम किला पीठाधीश्वर महंत करुणानिधान शरण महाराज ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे सुंदर बन रहा है जिसको देखकर के मन गदगद हो जाता है और हृदय में सुखद अनुभूति होती है कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे आराध्य प्रभु श्री राम की जन्म भूमि पर हमारे पूर्वजों द्वारा किए गए संघर्षो का प्रतिफल हम संत और सनातन समाज के लोग प्राप्त कर रहे हैं। निर्मणाधीन मंदिर निरीक्षण में मुख्य रूप से चक्रवर्ती सम्राट दशरथ जी के राजमहल बड़ा स्थान के पीठाधीश्वर महंत बिंदुग्द्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा पूर्व सांसद ब्रह्महर्षी महंत डॉ रामविलास वेदांती ,जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, महंत रामानंद दास, दंत धावन कुंड मंदिर के पीठाधीश्वर महंत विवेक आचारी, महंत शशिकांत दास हनुमानगढ़ के मुख्य पुजारी रमेश दास सहित सैकड़ो संत महंत उपस्थित रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने सभी संतो महंतों को मंदिर के निर्माण की एक-एक बारी क्यों से अवगत कराया।

# सफाई में जुटा पूरा जिला, जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने लगाई झाड़ू

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी





**महात्मा** गांधी की 154वीं जयंती से पहले रविवार को जनपद खीरी में प्रधानमंत्री जी के आह्वाहन पर एक तारीख, एक घंटा, एक साथ सफाई अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चला।

जनपद खीरी में शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्य कर मिनिष्ती एस, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, विधायक सदर योगेश वर्मा, एडीएम संजय सिंह, प्रभारी सीडीओ एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवींद्र सिंह समेत पूरा प्रशासनिक अमला इस अभियान के तहत सड़कों पर उतरा और स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग दिया। जनप्रतिनिधियों अफसर एवं आमजन ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की।

रविवार को तय समय के मुताबिक नोडल अधिकारी, डीएम, एडीएम तहसील व विकासखंड लखीमपुर के ग्राम सैधरी पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक सदर योगेश वर्मा के साथ ग्राम सैधरी समेत महेवागंज पुल पर स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान करते हुए साफ सफाई की। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्मिकों का मनोबल भी बढ़ाया।

इस दौरान सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने भी बढ़ चढ़कर श्रमदान किया। इसके बाद अफसरो का काफिला नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मोहल्ला गोटैयाबाग पहुंचा, जहां उन्होंने वाल्मिक मंदिर के पास श्रमदान करते हुए साफ सफाई की। इस दौरान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने नोडल अफसर, विधायक एवं डीएम का पुष्प देकर स्वागत किया।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि गांधी जयंती के उपलक्ष्य में यह एक विशाल स्वच्छता अभियान है। यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा – स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान की एक कड़ी है। नोडल अफसर ने कहा कि आज इस पुनीत मौके पर श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने और मन में यह धारणा रखें कि न गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देगें।

डीएम ने कहा कि हम सब के प्रयास से ही स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हम सभी का एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने हेतु सदैव सजग रहने एवं उसमें अपना कतिपय श्रमदान भी करें।

नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मोहल्ला गोटैया बाग में स्थित वाल्मीकि मंदिर परिसर में विधायक सदर योगेश वर्मा ने मौजूद अफसरो, कार्मिको एवं आमजन को स्वच्छता का संकल्प दिलाई। इस दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह, ईओ संजय कुमार, कमांडेंट होमगार्ड दिनेश कुमार पांडेय,

मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से 1 दिन पूर्व शासन के दिशा निर्देश पर 1 अक्टूबर को प्रातः काल 10ः00 बजे से लेकर 11ः00 तक श्रमदान के रूप में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तहसील मे एसडीएम,नगर पालिका के अध्यक्ष/ अधिशाषी अधिकारी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी, विकासखंड कार्यालय, कोतवाली मोहम्मदी सहित अन्य कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया, तहसील मे उपजिलाधिकारी डा.अवनीश कुमार के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर कुलदीप सिह, डॉक्टर मोहित वीर सिंह, अमित श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा, वही कोतवाली मोहम्मदी में प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह एस.एस.आई सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने श्रमदान किया, विकासखंड कार्यालय मे विकासखंड अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में श्रमदान करके स्वच्छता अभियान चलाया गया, गौर तलब है इस अभियान में सामाजिक संगठनों से लेकर अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने कोई भूमिका नहीं निभाई, वही नगर में सभासदों के माध्यम से अपने-अपने वार्ड में कोई श्रमदान नहीं किया गया

# उत्साह, उल्लास, उमंग से मना अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस जिलेभर में सम्मानित हुए वरिष्ठ और शतायु मतदाता

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**वरिष्ठ** मतदाताओं के बहुमूल्य अनुभवों से अन्य मतदाताओं विशेषकर युवाओं को जागरूक एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से खीरी में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस उत्साह, उल्लास, एवं उमंग से मनाया गया। कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसका शुभारंभ नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्य कर मिनिष्ती एस. ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही जिले की गोला गोकर्णनाथ, पलिया, मोहम्मदी, मितौली, धौरहरा और निघासन तहसील में एसडीएम की अगुवाई में सम्मान कार्यक्रम हुआ।

नोडल अधिकारी एवं डीएम ने वरिष्ठ एवं शतायु मतदाताओं का माल्यार्पण, पुष्प, शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्यकर मिनिष्ती एस. ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। मतदान के जरिए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में वरिष्ठ, शतायु मतदाताओं ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वरिष्ठ मतदाताओं के बहुमूल्य अनुभवों से अन्य मतदाता विशेषकर युवा जागरूक एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होगे। इसलिए वरिष्ठ मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग सदैव प्रयासरत है। जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वृद्धजनों के मतदान को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए आयोग प्रयासरत है। जिस समय मतपत्र का प्रयोग करके मतदान किया जाता था उसके पश्चात वर्तमान में आधुनिक मतदान प्रणाली के साक्षी रहने वाले इन वरिष्ठ और शतायु मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जनपद से लेकर बूथों तक सम्मानित कर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। बैठक में एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, कमांडेंट होमगार्ड, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, अतुल सेन सिंह, अश्विनी कुमार, सुनील कुमार, एडीईओ तौसीफ अहमद सहित बड़ी संख्या में वृद्ध मतदाता एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहा।

## एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन




**बरेली।** सहायक निदेशक सेवायोजन श्री त्रिभुवन सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, माडल कैरियर सेन्टर, राजकीय औद्योगिक संस्थान, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन बरेली एवं क्लासिक कालेज ऑफ लॉ, बरेली के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन बिथरी चौनपुर विधानसभा के अन्तर्गत क्लासिक कालेज ऑफलॉ,बदायूँ रोड, बरेली में दिनांक 30.09.2023 को प्रातः 10:00 बजे से किया गया। उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल 17 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त रोजगार मेले में हीरो स्पेयर पार्टस लि0, जे0के0 ऑटोमोबाइल एंड इलैक्ट्रानिक्स, पुखराज हेल्थ केयर लि0, अशोका लिजेन्ड ऑटो सर्विस, एस0बी0आई0 क्रेडिट कार्ड, टाटा मोटर्स, आदि अन्य कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले का उदधाटन प्रातः 10:00 बजे सहायक निदेशक(सेवायोजन) श्री त्रिभुवन सिंह, एवं क्लासिक कालेज ऑफ लॉ,बरेली के श्री शिरीष मेहरोत्रा, सेक्रेट्री, द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त रोजगार मेले में कुल 795 बेरोजगारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें से 685 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया जिसके सापेक्ष 211 का चयन किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि डा0 राघवेन्द्र शर्मा, मा0 विधायक बिथरी चौनपुर, बरेली द्वारा दीप प्रजव्वित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## बुजुर्गों की बीमारी में दवा के साथ अपनेपन का एहसास भी स्वास्थ्य लाभ के लिए जरूरी: सीएमओ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**एनसीडी** के अंतर्गत एनपीएचसीई कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्गों की देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं चल रही है। इन्हीं के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए वर्ल्ड जिरियाट्रिक डे पर वृद्धजनों के मौलिक अधिकारों को विश्व में पहुंचाने की थीम पर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ऑन जॉब ट्रेनिंग कर रहे छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने की। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने शिरकत की। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता और वरिष्ठ परामर्शदाता एसके मिश्रा सहित जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि एनपीएचसीई कार्यक्रम शासन का बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। बुजुर्गों की देखभाल को लेकर चलाया जा रहा यह कार्यक्रम जिले में भी व्यापक रूप से चल रहा है। जिला अस्पताल सहित सभी सीएससी और पीएचसी पर कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्गों को तमाम सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान है। हमें बुजुर्गों के साथ थोड़ा समय जरूर बिताना चाहिए, सिर्फ आधे घंटे का समय भी उनके लिए महत्वपूर्ण साबित होता है। उनकी सभी जरूर का ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बीमार होने पर दवा के साथ अपनेपन का एहसास भी उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के समय में लोग व्यस्तता का हवाला देकर बुजुर्गों से दूर होते हैं, जबकि हमें इस पर भी विचार करना चाहिए कि जीवन चक्र में वह समय हमारे साथ भी जरूर आएगा। इस दौरान सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में बुजुर्गों की देखभाल और इलाज के लिए जिरियाट्रिक फिजिशियन शिखर बाजपेई के साथ-साथ फिजियोथैरेपी और काउंसलिंग सहित संबंधित दावों की पूर्ण उपलब्धता है और उन्हें इस कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य लाभ भी दिए जा रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरेली।** रात के समय तेजी से आ रहे किसी वाहन ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी 50 वर्षीय डोरी लाल पुत्र गेंदन लाल की बीती रात लगभग 10 बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र में गरगईया गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया की डोरी लाल खेती करता था और कल दिन में अपने किसी काम से रिछा गया था जहां से रात में वापस मोटरसाइकिल पर घर लौटते समय गरगईया गांव के पास तेजी से आ रहे किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे डोरी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजकर उसके घर वालों को सूचना दे दी अस्पताल पहुंचने से पहले ही डोरी लाल ने दम तोड़ दिया डॉक्टर ने उसे अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया जिला अस्पताल पहुंचे घर वालों ने लाश की पहचान कर ली जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाली रकम ऑनलाइन की खरीदारी

**बरेली ।** एटीएम में एक युवक का किसी ने कार्ड बदल लिया उसने न सिर्फ एटीएम से रुपये निकाले बल्कि एक लाख की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया मामले की शिकायत पुलिस से की गई जो जांच में जुट गई ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाकरगंज निवासी गुड़िया ने बताया कि उनका बैंक खाता सिविल लाइन्स स्थित एक बैंक में है उनका बेटा अनस 21 सितंबर की शाम पांच बजे एटीएम से रुपये निकालने रेलवे क्रासिंग के पास स्थित एटीएम में गया था यहां पांच हजार रुपये निकालने के बाद जब वह एटीएम से बाहर निकाल रहा था इसी दौरान एटीएम के अंदर खड़े दो व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने उसे झांसा देखकर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया वह व्यक्ति सिक्योरिटी गार्ड की तरह कपड़े पहना था अनस जब घर पहुंचा तो मोबाइल पर खाते से रुपये निकलने के संदेश आने लगे जब तक एटीएम बंद कराया गया तब तक आरोपी ने एक लाख 40 हजार रुपये निकाल लिए संदेश से पता चला कि 40 हजार रुपये एटीएम से निकाले गए है और बाकी रुपये की शॉपिंग की गई है।

## महिला से लूट गया पर्स बरामद लुटेरा गिरफ्तार

**बरेली।** एक महिला का पर्स लूट कर फरार हुए एक लुटेरे को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने उसके पास से लूट गया फोन भी बरामद किया । प्रेम नगर थाना क्षेत्र में रामलीला ग्राउंड के पास 24 अगस्त को सड़क पर जा रही एक महिला से मोटरसाइकिल सवार एक युवक पर्स छीन कर फरार हो गया जिसमें एक मोबाइल फोन व 206 रुपए थे महिला ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई तब पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और आज मुखबिर की सूचना के बाद नर्सरी रोड हार्टमैन पुल के पास से राजेंद्र नगर के ए ब्लॉक निवासी हर्षल सिंह पुत्र स्वर्गीय राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर महिला से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया।

## क्विक न्यूज

### तहसीलस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**ओयल।** युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल के परागण में दो दिवसीय तहसील स्तरीय स्पोर्ट फोर स्कूल एथलीट्स प्रतियोगिताएं संपन्न हुई! विशिष्ट अतिथि के रूप में ओयल देहात प्रधान पति राकेश सिंह मौजूद रहे जिनका स्वागत प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद वर्मा द्वारा पुष्प गुछ एवं बेंच लगाकर किया ! समापन सत्र में संपन्न हुई 100 मीटर बाधा दौड़ के परिणाम सीनियर वर्ग बालिका में क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय स्थान रिचा वर्मा,लकी सुधा, वहीं बालक वर्ग मे गुरमीत,सौरभ अमित रहे! जूनियर बालक वर्ग में अजीम,नितिन,ज्ञानेंद्र वहीं बालिका वर्ग में प्रिया,डाली,गीता रहे! सब जूनियर बालक वर्ग में सक्षम,आकाश, अतीक वहीं बालिका वर्ग में रागिनी, लवदीप, खुशप्रीत रहे! विजय खिलाड़ियों को पुरस्कार देने का कार्य खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय ने किया! हर तहसील के स्कूलों से आए हुए प्रधानाचार्ययों भरपूर सहयोग किया! धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव का संचालन रामकिशोर सैनी द्वारा किया गया! दिनांक 4,5,6 अक्टूबर को जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन भी युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल मे होना है!

### स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सीएमओ ऑफिस में अधिकारियों कर्मचारियों ने किया श्रमदान

**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत गांधी जयंती के उपलक्ष में सीएमओ ऑफिस में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत पूरे कार्यालय परिसर में साफ सफाई की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया। डीपीएम अनिल यादव ने बताया कि सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में पूरे जिले में यह अभियान सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर चलाए जा रहा है। सीएमओ ऑफिस में एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता व एसीएमओ डॉ राम किशन, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा व डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी सहित डीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा श्रमदान किया गया।

### पीएचसी ओयल और सीएचसी नकहा का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में चलाए जा रहे अभियान स्वच्छता ही सेवा में स्वास्थ्य विभाग ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही आयुष्मान भव- मेले के निरीक्षण के दृष्टिगत सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सीएचसी नकहा का निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष में सीएमओ आफिस, जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप केदो पर स्वच्छता ही सेवा पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया है। उनके द्वारा आयुष्मान भव- मेले के दृष्टिगत सीएचसी नकहा का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान सीएचसी मेला संचालित मिला और विश्व बुजुर्ग दिवस को मनाया जा रहा था। जहां पर आने वाले मरीजों को दवाओं के साथ-साथ आवश्यकता अनुसार उनकी जांच की जा रही थी। विशेष कर बुजुर्गों के लिए शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की सुविधा भी की गई थी।

### शराब पीने के लिए रुपये न देने पर मारी गोली

**बरेली ।** घर के दरवाजे पर बैठे युवक से मोहल्ले के दो लोगों ने शराब पीने के लिए रुपये मांगे और रुपये न देने पर तमंचे से फायर कर दिया जिससे गोली एक युवक के पैर में जा लगी पुलिस ने दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव करगैना निवासी अफसर हुसैन ने बताया कि 29 सितंबर की रात आठ बजे उनका बेटा मो अयान अपने घर के दरवाजे पर बैठा था इस दौरान यहां करगैना का ही रियाज अहदम और अशरफआ गए दोनों अयान से शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे अयान ने रुपये देने से इनकार कर दिया तो उन्होंने तमंचा निकाल लिया अशरफने दबोच लिया और रियाज ने तमंचे से फायर कर दिया गोली अयान के दाएं पैर में लगी गोली की आवाज सुनकर मौके पर सदव व नाशिर आ गए और हमलावर पुलिस में शिकायत करने पर धमकी देते हुए फरार हो घायल हो उपचार के लिए एक अस्पताल ले जाया गया पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की और हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### ट्रेन में यात्रा कर यह युवक दुर्घटना में घायल

**बरेली।** ट्रेन की बोगी के दरवाजे पर बैठकर यात्रा कर रहा एक युवक प्लेटफार्म और बोसगी के बीच पैर आने से घायल हो गया । रेलवे पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला एजाज नगर गोटिया निवासी शरीफउर्फबब्बू को आज दोपहर इलाज के लिए रेलवे जंक्शन से घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि शरीफअपने किसी काम से कल रुड़की गया था जहां से आज सुबह वह घर वापस लौटने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था लेकिन जब उसकी टीम रामपुर के मिलक रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी तभी बोगी के दरवाजे पर बैठे शरीफके दोनों पर प्लेटफार्म और बोगी के बीच आने से घायल हो गए।

## यूपीसीए की बैठक में अपैक्स कौंसिल सदस्य

# संजीव कुमार को बनाया गया विश्व कप ऑपरेशन कमेटी का सदस्य

**संवाददाता।** गाजीपुर




**जनपद** निवासी अपैक्स कौंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह को लखनऊ स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपाई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले अतिमहत्वपूर्ण 05 अंतर्राष्ट्रीय मैच के सफल आयोजन हेतु गठित ऑपरेशन कमेटी का सक्रिय सदस्य बनाया गया। जिसको लेकर जनपद क्रिकेट प्रेमी उत्साहित दिखे। रविवार को कानपुर स्थित कमला क्लब में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की दो दिवसीय आम वार्षिक बैठक में निदेशक मंडल सहित अपैक्स कौंसिल के सदस्य तथा समस्त जिला क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। यूपी टी20 श्रृंखला की अपार सफलता के बाद आयोजित बैठक मे जहाँ एक तरफ राज्य क्रिकेट के चहुमुखी विकास तथा आगामी कार्यक्रमों में चर्चा की गई वहीं दूसरे तरफ आगामी आई.सी.सी. विश्व कप के सफल आयोजन हेतु भी समितियों का गठन किया गया। बैठक में अपैक्स कौंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह को लखनऊ स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपाई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले अतिमहत्वपूर्ण 05 अंतर्राष्ट्रीय मैच के सफल आयोजन हेतु गठित ऑपरेशन कमेटी का सक्रिय सदस्य बनाया गया। उनके ऑपरेशन कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर क्रिकेट में रुचि रखने वाले क्रिकेट-प्रेमियों सहित मंडल के सभी वर्ग खिलाडियों में हर्ष का वातावरण बन गया है। इसपर जब श्री सिंह ने बात हुई तो उन्होंने कहा कि सदा की तरह इस बार भी वह अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने नए उत्तरदायित्व सौंपे जाने पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन तथा भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के समस्त अधिकारियों के प्रति आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

## अंजुमनों का रास्ता रोकने के आरोप में 42 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ

**संवाददाता।** बरेली

**अंजुमनों** का रास्ता रोककर बवाल करने वाले 44 लोगो के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली जिसमें दो नामजद समेत 42 अज्ञात महिला और पुरुष शामिल हैं पुलिस वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से उनकी पहचान करने में जुट गई । बारादरी थाना क्षेत्र मे 27 सितंबर को जगतपुर से आने वाली कुछ अंजुमनें जगतपुर चौराहे से भाड़ों वाली गाली से होते हुए मीरा की पेठ आकर सैलानी जाती है एसआई दुष्यंत गोस्वामी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अंजुमने अपने परम्परागत रास्ते जगतपुर चौराहे से होते हुए भाड़ों वाली गली जा रही थी इस दौरान रवि चक्की के पास दूसरे समुदाय के यज्ञदत्त मिश्रा और प्रदीप कुमार शर्मा उर्फकाके समेत 30 से 40 अज्ञात महिला और पुरुषों ने अंजुमनों को रास्ता रोककर माहौल खराब करने का प्रयास किया जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती थी ।जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान अंजुमन के रूट को लेकर एक पक्ष के लोगों ने नई परंपरा बताकर रास्ते से निकलने का विरोध कर दिया था इस दौरान महिलाएं सड़क पर बैठ गई इसके बाद दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और जमकर हंगामा हुआ इससे पहले माहौल अधिक खराब होता पुलिस और आरएएफके जवान दीवार बनकर खड़ा हो गए थे दो घंटे तक हुए हंगामे के बाद पुलिस ने भीड़ को लाठी फटकार कर खदेड़ दिया और अंजुमनों को उनके निर्धारित रूट से निकालकर मामला शांत कराया गया।

## पीएम ने कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर डांडी की शिक्षिका से किया संवाद

**संवाददाता।** बरेली

**मा0** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली स्थित भारत मंडपम से आज देश भर के आकांक्षात्मक विकास खण्डों से वर्जुअल संवाद स्थापित किया। देश भर से चयनित 500 विकास खण्डों के विकास हेतु 40 इंडीकेटर्स निर्धारित किये गये हैं। जिन पर कार्य कर विकासखण्डों की स्थिति को बेहतर बनाया जा रहा है। जिसमें से एक इंडीकेट शिक्षा है। शिक्षा के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व जनपद बरेली ने किया। जनपद बरेली के परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं तैयार करने में बरेली प्रदेश में नंबर वन जिला बन गया है। जिले के सभी 2,546 परिषदीय स्कूलों में एलईडी स्क्रीन लगने से अब सभी स्कूलों में बच्चे स्मार्ट क्लास ले सकेंगे।मा0 प्रधान मंत्री जी के इस वर्जुअल संवाद का लाइव प्रसारण राजकीय इन्टर कालेज के नवनिर्मित ऑडीटोरियम हॉल में किया गया। जहॉ मा0 प्रधानमंत्री जी ने आकांक्षी ब्लाकों के संबोधन के दौरान बरेली के बहेड़ी ब्लाक के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर डंडी की शिक्षिका रंजना अग्रवाल से वर्चुअल संवाद किया। मा प्रधानमंत्री जी ने शिक्षिका से पूछा कि आपके विकास खण्ड में आयोजित चिन्तन शिविर में आपको सबसे अच्छी बात क्या लगी। शिक्षिका द्वारा बताया गया कि चिन्तन शिविर में बताया गया कि समाज के विकास में समस्त घटक एक साथ मिलकर कार्य करेंगे तो विकास निश्चित होगा, इस विकास के मूल मंत्र ने मुझे बहुत प्रभावित किया। मा0 प्रधानमंत्री जी ने पूछा कि विद्यालय में लर्निंग आउटकम बढ़ाने के उद्देश्य से आप द्वारा क्या कार्य किये जा रहे हैं। शिक्षिका ने बताया कि मेरे द्वारा ऐक्टिवेट बेस लर्निंग, बाल सभा व प्रर्थना सभा में विभिन्न गतिविधियॉ करवायी जाती हैं साथ ही योग, कहानियों व स्मार्ट क्लास आदि के माध्यम से टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए बच्चों को शिक्षा दी जा रही है जिससे बच्चे सीख रहे हैं और उनमें आत्म विश्वास जाग रहा है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने पूछा कि स्मार्ट क्लास न होने की स्थिति में आप किस प्रकार सिखाएंगी।

# प्रधानमंत्री का दिया गया स्वच्छता संदेश बन गया है जन आंदोलन : जिला अध्यक्ष

**संवाददाता।** गाजीपुर



**सेवा** पखवाड़ा अंतर्गत राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पुर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह,लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा के नेतृत्व में नगर मंडल तथा भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रविवार को पुर्वाह्न सरयू पांडेय पार्क पहुंच कर उनके प्रतिमा एवं चबुतरे की धुलाई,पोछाई कर पार्क मे पड़े कचरे को झाड़ू लगाकर साफ किया। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि 15अगस्त 2014 को लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिया गया स्वच्छता संदेश आज जनांदोलन बन चुका है और व्यक्ति के अंदर स्वच्छता के प्रति संवेदना जागृत हुई है। लोकसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि स्वच्छता अभियान के विशेष अवसर पर महात्मा गांधी के विचारों के प्रति जन जन मे फैली भावना देश के विकास और समृद्धि को नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्य व्यवहार से देश वासियों के मन और हृदय मे जो स्थान बनाया है। वह भारतीय राजनीति तथा देश के समृद्धी का मुल विश्वास भरा आधार है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता चाहे स्थान की हो चाहे विचारों की यह भारतीयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जहां स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जनांदोलन बना कर हमारे दिनचर्या से जोड़ दिया है। स्वच्छता के प्रति जागरूक दुकानदारों को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कचरा पात्र का वितरण कर कचरे को फैलने से रोकने का अनुरोध किया। इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेश बिन्द, मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता,भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्वप्रकाश अकेला, अविनाश सिंह, हर्षित सिंह, दुष्यन्त अग्रहरि, नितिश दूबे,जयसूर्य भट्ट,अजय कुशवाहा, गर्वजीत सिंह, जावेद अहमद, प्रीति गुप्ता, काशीनाथ तिवारी,रितेश पांडेय,शिवम तिवारी, शुभम् विश्वकर्मा, अजीत सिंह,रितेश पांडेय,हर्षजीत सिंह आदि उपस्थित थे। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अभिनव सिन्हा ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं संग नगर के सिकंदरपुर मुहल्ले में सफाई किया। तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज पुरा देश स्वच्छता के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता के प्रति ज्यादा जोर रहा है। इस अवसर पर शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता, विश्व प्रकाश अकेला,मनिष सिंह बिट्ठू, अविनाश सिंह, शिवम् पांडेय, अजीत सिंह,गर्वजीत सिंह,आदि ने सफाई कर के स्वच्छता के प्रति लोगों को संदेश दिया। वही मनिहारी में पुर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बरहट प्राथमिक विद्यालय तथा दुर्गा मंदिर पर झाड़ू,पोछा लगाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# जनांदोलन के रूप में उभरकर आया स्वच्छता अभियान

## राजनीतिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने जगह-जगह सफाई के लिए श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

● ग्रामीण अंचलों में भी दिखा स्वच्छता सप्ताह की मुहिम से उपजा उत्साह

**संवाददाता।** उरई, जालौन





**शासन** के निर्देशों के क्रम में प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग उत्तर प्रदेश सरकार धर्मवीर प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की उपस्थिति में व्यापक स्तर से जिला परिषद से लेकर अंबेडकर चौराहे तक स्वच्छता श्रमदान किया गया।

प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी निभाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य कूड़ा करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थान पर साफ सफाई करके अपने गांव शहर व कार्यालय को सुंदर स्वच्छ बनाना है। नगर पंचायत एट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंडलायुक्त आदर्श सिंह ने 1 अक्टूबर को श्रमदान कर एक तारीख एक घंटा स्वच्छता के लिए अभियान में प्रतिभाग करते हुए झाड़ू लगाया एवं कूड़े की साफसफाई की गई।

रामपुरा में देश भर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता अभियान के क्रम में यहां जनपद में भी नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता की मुहिम में लोगों का खासा उत्साह दिखाई दिया सरकारी कर्मचारी और यहां तक की ग्राम प्रधान तथा स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई रामपुरा विकासखंड के ग्राम टीहर में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव की अगुवाई में सैकड़ो स्कूली बच्चों ने गांव में स्वच्छता को कायम बनाने की दिशा में अपनी सहभागिता दी।

### पीएम मोदी ने स्वच्छता अभियान को बनाया जनांदोलनः आरके सिंह पटेल



**चित्रकूट।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़े में सामूहिक रूप से एकता व दृढ़ संकल्प दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता आवाहन से प्रेरित होकर सांसद आरके सिंह पटेल, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता समेत राष्ट्रव्यापी अभियान में शिवरामपुर गांव व रामघाट में सफाई अभियान में हिस्सा लिया। रविवार को जिले के तहसील, ब्लाक व गांवों में जनप्रतिनिधियों एवं विभागों के विभागाध्यक्ष व कर्मचारियों ने अभियान में सहभागिता निभाई। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि गांव-गली, पड़ोस, पार्क, नदी, झील या अन्य सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर इस जन आंदोलन को सफल बनायें। सांसद ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मौजूद अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई।

# साफ-सफाई से बड़ी कोई नेमत नहींः सचान

● सभी निकायों के 174 वार्डों में श्रमदान कर की सफाई

**संवाददाता।** फतेहपुर



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के पूर्व रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिले की सभी निकायों के 174 वार्डों में श्रमदान कर एक घंटे साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में कैबिनेट व जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। कैबिनेट मंत्री ने सफाई में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। जिले के सभी निकाय के कुल एक हजार एक सौ चालीस सफाई कर्मचारियों को अभियान में लगाया गया। नगर पालिका परिषद फतेहपुर के अर्न्तगत श्रमदान कार्यक्रम में जिले के प्रभारी व कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, नोडल अधिकारी/गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, चेयरमैन राजकुमार मौर्य के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष भाजपा मुखलाल पाल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने तांबेश्वर चौराहा के बगल व अटल बिहारी पार्क के सामने श्रमदान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। नगर पालिका परिषद बिंदकी स्थित ज्वाला जी मंदिर परिसर में सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक बिन्दकी जय कुमार जैकी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, ईओ समेत अन्य सफाई कर्मियों ने श्रमदान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### जिलाधिकारी ने स्वच्छता कार्यक्रम में लिया हिस्सा



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट के बगल कलेक्ट्रेट में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक सफाई करके गांधी जयन्ती के पूर्व स्वच्छांजलि दी। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा भी झाड़ू लगाकर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी निभाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य कूड़ा करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर साफ सफाई करके अपने गांव, शहर व कार्यालय को स्वच्छ, सुन्दर, हरित बनाना है।

# किसान अपना अनाज बेचने के लिए बिचौलियों के जाल में न फंसेंः डीएम



**जालौन,** उरई। किसान बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें। खरीफकी फसल में मोटे अनाज और धान को किसानों से खरीदने के लिए मंडी में केंद्र खोला गया है। किसान केंद्र पर आकर अपनी फसल को बेचें। यह बात डीएम राजेश पांडेय ने मंडी परिसर में खोले गए क्रय केंद्र का निरीक्षण करते हुए किसानों से कही। खरीफ की फसल में धान व मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा व मक्का आदि किसानों से एमएसपी की दर पर खरीदने के लिए गल्ला मंडी परिसर में सरकारी क्रय के द्र खोला गया है। रविवार को क्रय के द्र का शुभारंभ व निरीक्षण करते हुए डीएम राजेश पांडेय ने कहा कि किसान अपना अनाज बेचने के लिए बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें। बल्कि किसान पंजीकरण के उपरांत निर्धारित समय व तारीख पर सीधे केंद्र पर आकर अपना अनाज बेच सकते हैं। उन्होंने केंद्र प्रभारी को भी निर्देश देकर कहा कि किसानों को अपना अनाज बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर कार्रवाई होना तय है। इस दौरान डीएम ने किसान संतोष सिकरी राजा, छोटे राजा कुसमरा, देवेंद्र सिंह महिया से फसल को लेकर जानकारी ली।

# रतन पटेल बने उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चित्रकूट जिलाध्यक्ष



**चित्रकूट।** संगठन के प्रति निष्ठावान कर्तव्यनिष्ठ, पत्रकार हित चिंतक ,आपसी समन्वय स्थापित करने वाले मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण,कर्मठ, उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार रतन पटेल को उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन(उपजा) का जनपद चित्रकूट का जिला अध्यक्ष नियुक्त जाने पर रविवार को जोरदार स्वागत किया गया। संगठनात्मक ढाचे को मजबूत करने में जुटे उपजा के चित्रकूटधाम मंडल संयोजक अनिल कुमार सोनी के रविवार को चित्रकूट दौरे के दौरान चित्रकूट जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार शानू गुप्ता ने उन्हें अंग वस्त्र व भगवान कामद नाथ स्वामी का चित्र भेंट किया। संगठन के प्रति निष्ठावान संघर्षील वरिष्ठ पत्रकार रतन पटेल को उपजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर जीसी श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र जैन ने चित्रकूट जिले में संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# कचरामुक्त भारत के तहत अमरौधा में प्रभातफेरी निकालकर किया जागरूक

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**कचरा** मुक्त भारत योजना के तहत के रविवार को क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों एवं राजकीय कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। शिक्षण संस्थाओं से प्रभातफेरियां निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। जबकि कार्यालयों में झाड़ू लगाकर परिसर की साफ-सफाई की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल कचरा मुक्त भारत योजना के तहत क्षेत्र के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में जागरूकता के लिये तरह-तरह के कार्यक्रम संपन्न हुए। उच्च प्राथमिक विद्यालय करियापुर में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में कचरा मुक्त भारत का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौध भी रोपित किया। वहीं संविलियन विद्यालय चौरा में भोगनीपुर के पूर्व विधायक विनोद कटियार की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधानाध्यापक नीरज गुप्ता, संतोष सैनी, एडीओ पंचायत रामप्रकाश पाठक मौजूद रहे। वहीं कसबा अमरौधा के श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा की अगुवाई में स्वच्छता से संबंधित प्रभातफेरी निकाली गई।

### नगर पंचायत कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**रूरा, कानपुर देहात।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद प्रथम आगमन पर नगर पंचायत कार्यालय में चैयरमैन रामजी गुप्ता के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढाते हुये अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। चैयरमैन राम जी गुप्ता ने नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला के आगमन पर नगर पंचायत कार्यालय में पौधा भेंटकर स्वागत किया। स्वागत के बाद अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ से पीएम मोदी व सीएम योगी की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाने के साथ वर्ष 2024 में आसन्न लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया।

## क्विक न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर नेत्र शिविर आयोजित हुआ

**हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा नेत्री संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा की देखरेख में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम में किया गया। शिविर में 80 वृद्धों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 10 लोगो के मोतियाबिंद की शिकायत मिली जिनको ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई।डा.सुरेश कोरी ने बताया कि माह नवम्बर में निशुल्क ऑपरेशन किये जायेंगे और दवा व चश्मे निशुल्क दिये जायेगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील पाठक ने कहा कि सभी लोगो को बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिये, इस क संध्या वर्मा ने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हो जो बृद्ध लोगो की सेवा करने का अवसर मिला।

### चोरी की तीन वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

**फतेहपुर।** भाजयुमो महामंत्री समेत तीन अलग-अलग स्थान पर हुई चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार किया है। एक साथी फरार है। पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात और नगदी बरामद की है। पुलिस लाइन के सभगार में अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने घटनाओ का खुलासा करते हुए बताया की शनिवार की दोपहर भाजपा नेता प्रसून तिवारी के साईं सिटी जेल रोड स्थित घर से अज्ञात चोर लाखों के जेवर और 25 हजार नगदी चुरा ले गया था। आरोपी बगल के सीसीटीवी में कैद हुआ था। फोटो के आधार पर कोतवाल शमशेर बहादुर, स्वाट प्रभारी रवीन्द्र श्रीवास्तव अपनी टीम के तलाश में जुट गए। रविवार को भिटौरा बाईपास से पुलिस टीम ने शातिर अशोक बेलदार निवासी बाकरगंज को गिरफ्तार किया। आरोपी का एक साथी दिनेश फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के जेवरात और ग्यारह हजार पांच सौ रुपया नगद बरामद किए।

### अग्रसेन जयंती पर निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

**पुखरायां, कानपुर देहात।** बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा के तत्वाधान में पुखरायां कस्बे में महाराज अग्रसेन जयंती को भव्य रूप से मनाए जाने की तैयारी की गई है। जिसके चलते बैठक का आयोजन किया गया और मौजूद लोगों को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौपी गईं। अग्रवाल सभा पुखरायां के पदाधिकारी उमंग अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती को 8 से 15 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# जिलाध्यक्ष व चैयरमैन ने अंडरपास का फीता काटकर किया शुभारम्भ

● बहुप्रतीक्षित अंडरपास के आरंभ से पैदल व दोपहिया वाहनों को मिली भारी राहत

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**बहुप्रतीक्षित** मिनी अण्डरपास का विधिवत शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व चैयरमैन रामजी गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने मौजूद रहकर अंडरपास के शुभारम्भ पर खुशी व्यक्त की। पैदल यात्रियों, दोपहिया वाहन सवारों को अब भीषण जाम से निजात मिल गयी है। चैयरमैन रामजी गुप्ता के अथक प्रयासों से बीते पचास वर्षों से बदहाली व गन्दे नाले में तब्दील हो चुके मिनी अण्डपास को दोबारा शुरू कर दिया गया। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व चैयरमेन ने फीता काटकर मिनी अण्डरपास को आम जनता को सौंपा। कस्बे के दक्षिणी हिस्से में स्थित डेरापुर रोड से थाना, व अस्पताल होते हुये टेलीफेन एक्सचेंज व सीएचसी के बीच से गुजरे रास्ते से अण्डरपास तक पहुंचा जा सकता है वहीं उत्तरी दिशा से लोग प्राइमरी स्कूल से अण्डरपास की यात्रा कर अपने गंतव्य की ओर पहुंच सकते हैं।

### अकबरपुर की नबीपुर पौधशाला में मना वानिकी नव वर्ष

**कानपुर देहात।** आज दिनांक 1 अक्टूबर 2023 सम्पूर्ण प्रदेश में वानिकी नव वर्ष 2023-24 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद कानपुर देहात में भी नगर पंचायत अकबरपुर में स्थापित की गयी नबीपुर पौधशाला, नगर वाटिका नबीपुर में उक्त कार्यक्रम का आयोजन गौरवपूर्ण ढंग से सम्पन्न किया गया। एके द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी, कानपुर देहात के मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक सिंह, जिलाधिकारी, एवं माउन्टेन व्यू पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं छात्र/छात्राओं तथा अन्य प्राथमिक विद्यालय सिठमरा के स्कूली छात्र/छात्राओं व पर्यावरण शिक्षक नवीन दीक्षित व सैकड़ों लोगो द्वारा साफ-सफाई कर श्रमदान करते हुये स्वच्छांजली अर्पित की गयी।

# समाजसेवियों व पत्रकारों को किया गया सम्मानित



**फर्रुखाबाद।** प्रिंट एवम् इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन के बैनर तले पत्रकारों एवम समाजसेवियों का अभिनंदन समारोह भोलेपुर स्थित सिटी न्यूज चैनल कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाजसेवियों में हाजी अहमद अंसारी, मोहन अग्रवाल, डा..राहुल तिवारी, जितेंद्र सिंह राजावत को शाल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पत्रकारों में सर्वेंद्र कुमार अवस्थी इंदू पंजाब के सरी, अनिल प्रजापति सिटी न्यूज, अब्दुल कयूम ,ताहिर खां बज्जू जनमान्यता टुडे पत्रिका, मोहन लाल गौड़ पायनियर, इंतखाब अख्तर राष्ट्रीय सहारा आदि को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र दिए गए।

# वट फाउंडेशन ने समाजसेवी व वृद्ध जनों को किया सम्मानित



**बांदा।** वट फाउंडेशन संस्थान ने चित्रकूट के प्रख्यात समाज सेवी गोपाल जी सहित आठ लोगों को वृद्धजन को रतन पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें मुख्य अतिथि पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता उमाशंकर पांडे जीने दीप प्रज्वलित करके प्रोग्राम की शुरुआत की। उमाशंकर पांडे ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए वृद्ध जनों के साथ नवयुवकों और बच्चों एवं महिलाओं को अच्छा व्यवहार करना चाहिए। कोशिश यह करें कि अपने बुजुर्गों को कुछ समय दें। उनकी जरूरत का ध्यान देना चाहिए। उन्हें इग्नोर नहीं करना चाहिए। उनको कुछ समय अपने बच्चों और बहू को बेटों को देना चाहिए। आज का बुजुर्ग सिर्फ यही चाहता है मेरा बेटा मेरी बहू मेरा नाती या मेरी नागिन मेरे पास कुछ समय बैठे बातें करें दुनिया में क्या हो रहा है उसके बारे में बताएं। क्योंकि वृद्ध जन सब जगह जा नहीं सकते उसे तरह से घूम नहीं सकते उसे तरह से गाड़ी नहीं चला सकते उसे तरह से साइकिल नहीं चला सकते उसे तरह से मोबाइल फोन पर बातचीत नहीं कर सकते क्योंकि कहीं ना कहीं शारीरिक दुर्बलता भी रुकावट आती है।

# पावर ग्रिड उपकेंद्र द्वारा किया गया जागरूकता शिविर का आयोजन



**फतेहपुर।** पावर ग्रिड उप केंद्र के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पूर्ववर्ती कार्यक्रम पीडीपी पब्लिक इंटेस्ट डिस्कोजर और प्रोटेक्शन ऑफ इन फॉर्म्स के नेटवर्क में नैतिक सतर्कता जागरूकता भिटौरा कैम्प ब्लाक के ग्राम सभा गौरा कला में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पावर ग्रिड के उप महाप्रबंधक अनूप दत्त मिश्रा, अरविंद कुमार पाटिल, पवन कुमार, परी संपत्ति प्रबंधन सुरेंद्र कुमार एवं विवेक कुमार हुसैनगंज थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान माता प्रसाद क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पीडीपी के विषय में जानकारी प्रबंधक राजेंद्र सिंह थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाटिल एवं विवेक कुमार पॉवरबीट के द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम में आए हुए ग्रामीणों को पीडीपी के प्रावधानों आवेदन करने का तरीका और शिकायत करने के लिए जरूरी बिंदुओं आदि के विषय में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप महाप्रबंधक अनूप मिश्रा के द्वारा पीडीपी पब्लिक इंटेस्ट डिस्कोजर एंड प्रोटक्शन ऑफइनफॉर्म्स के विषय में तथा लोगों को एक सतर्क और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया जिससे वह अपने अधिकारों का सजगता से प्रयोग कर सके ।

# पीएनबी मंडल कार्यालय इटावा में मना स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम




**इटावा।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय इटावा द्वारा रविवार को महात्मा गांधी की 154वी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख एन आर बंजारा ने स्वच्छता के महत्व के बारे में सबको बताया। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख देवेन्द्र कुमार गुप्ता, रिकवरी हेड शंकर कुमार,ए लोन पॉइंट हेड चंदन कुमार एवं श्याम बिहारीए श्री मनीष कुमार यादव ए श्री संजय पांडे एवं मंडल कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्माचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अनुभाग के प्रबंधक श्री नवीन दीक्षित की देखरेख में किया गया।

# स्वच्छता अभियान के साथ दिया साफ-सफाई का संदेश

### विद्यालयों में नौनिहालों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ







**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी द्वारा टाउन कर्मियों को साफ-सुथरा रखने के लिए शपथ दिलानें के उपरान्त नगर में साफ-सफाई अभियान चलाया गया रविवार को समधन नगर में चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने पंचायत कर्मियों को नगर को साफ-सुथरा रखने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पंचायत कर्मी व सभासद सहित तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं नगर में स्थित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के संकुल शिक्षक संजीव कुमार राजपूत के नेतृत्व में साफ-सफाई को लेकर स्कूली बच्चों ने नगर के मुख्य सड़क पर रैली निकाली गई। इस मौके पर मंजूलता, जावेद अख्तर, सत्यवती मौजूद रहे। उधर समधन क्षेत्र ग्राम झूसीनागर स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालय के अध्यापकों ने साफ सुथरा रखने के लिए शपथ ली गई। उसके बाद साफ सफाई अभियान चलाया गया। बच्चों को फल वितरित किए गए।

### ईओ, सभासदों व कर्मियों ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान

शासन के निर्देशानुसार नगर के समस्त वार्डों में अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में महा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें अधिकारियों से लेकर कर्मियों व सफाई कर्मियों ने झाड़ू लगाकर एवं कूडा बीनकर श्रमदान किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने नागरिकों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।रविवार को शासनादेश के अनुपालन में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के नेतृत्व में पालिका कर्मियों एवं सफाई कर्मियों द्वारा नगर के बार्डों में साफ सफाई करवाई गई। जिसमें कर्मियों सहित नागरिकों ने भी श्रमदान किया।

### जिला जेल में अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर जागरूक किया

स्वच्छता दिवस के अवसर पर क्लीन जेल एण्ड ग्रीन जेल के तहत कारागार पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कारागार परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देते हुये स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि स्वच्छता मानव जीवन के लिये बेहद जरूरी है। रविवार को शासन के निर्देशानुसार जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जेल अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा स्वच्छता अपनानें व राष्ट्रीय एकता बनाने पर विशेष बल दिया गया।

# भाजयुमो ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया श्रमदान

**वाराणसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रामनगर मण्डल अर्जुन शर्मा योगी के नेतृत्व में रामनगर मण्डल के लाल बहादुर शास्त्री प्रतिमा स्थल के समीप व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह रहे युवाओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से भारत को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए भारत के हर नागरिक को स्वच्छता की ओर बढ़कर श्रमदान करना चाहिए अजय प्रताप सिंह ने कहा स्व महात्मा गांधी जी एवं स्व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के पूर्व हम सभी कार्यकर्ता नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर आम जनमानस को भारत स्वच्छ बनाने का संदेश देंगे भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान का कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से पूरे भारत में किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंहए भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा योगी पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू साहनी बलिराम पांडेयएजय किशन जायसवालए आकाश साहनी रमेश साहनी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर भाग लिया।

# नहीं मिला एचटी लाइन हटाने का बजट, जोखिम में मासूमों की जान

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**जिले** में 86 प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूलों के ऊपर से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन को हटाने के लिये बजट आवंटित न होने से हजारों मासूमों के सिर पर मौत का खतरा मंडराता रहता है। फिलहाल विद्युत विभाग ने छियासी में 46 विद्यालयों का आगणन तैयार कर 60 लाख 44 हजार रुपये बेसिक शिक्षा विभाग से मांग की है,मगर शासन से बजट प्राप्त न होने के कारण मामला ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार शासनादेश के मुताबिक हाईटेशन (एचटी)लाईन के नीचे संचालित 86 परिषदीय विद्यालयों का चिंहाकन किया गया था, जिसमे ब्लाक कुरारा मे 16,मौदहा में 23,सुमेरपुर में 25,गोहांड में 16,राठ में छह विद्यालय चिंहित किये गये थे। इन विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हजारों बच्चों पर विद्युत लाइन टूट कर गिरने का खतरा मंडराता रहता है। इसके पहले कई स्थानों में घटनाएं भी हो गयी है। जिसमे विद्युत विभाग को विद्युत लाइन हटाने के लिये कहा गया था जिसमे वमुश्किल विजली विभाग में एक सर्वे कर फिलहाल 46 विद्यालयों का आगणन 60.44 लाख रुपये बनाकर बीएसए को दिया था। मगर शासन से इस पर कोई विचार नही किया है जिससे मामला अधर में लटका हुआ है।

### अनुरक्षण माह में जर्जर विद्युत व्यवस्था की जायेगी दुरुस्त

**हमीरपुर।** जिले में आज से यानी एक अक्टूबर से विद्युत अनुरक्षण माह संचालित किया जा रहा है। इस माह में विद्युत लाइन को पूरी तरह चुस्त दुरुस्त किया जायेगा। पोल ट्रांसफार्मर, जर्जर तारों को बदला जायेगा। मुख्य अभियंता राजीव कपूर ने बताया कि मंडल में विद्युत व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिये कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है जिसमे गांव व शहर में अक्सर होने वाले फाल्ट, खराब पोल के अलावा जो भी यांत्रिक कमी होगी उसे ठीक कर लिया जायेगा। ताकि सिंचाई के सीजन में किसानों को बिजली को लेकर कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

# तुर्किए की राजधानी अंकारा में आत्मघाती हमला

●हमलावर मुठभेड़ में मारे गये

भाषा। अंकारा



**तीन महीने का** ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होने से कुछ घंटे पहले तुर्किए की राजधानी अंकारा में रविवार को एक आत्मघाती हमलावर ने एक विस्फोट किया। वहीं, दूसरा हमलावर पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह जानकारी देश के गृह मंत्री ने दी। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के संबोधन के साथ संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होने थी, जिससे पहले यह हमला हुआ। मंत्री अली एरलिकाया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गृह मामलों के मंत्रालय के प्रवेश द्वार के समीप हुए इस हमले में दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हुए हैं।एरलिकाया ने बताया कि हमलावर एक वाणिज्यिक वाहन में सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। एरलिकाया ने संवाददाताओं से कहा, हमारे साहसी पुलिस अधिकारियों ने वाहन से बाहर निकलते ही आतंकवादियों पर जवाबी कार्वाई की। उनमें से एक ने खुद को उड़ा लिया जबकि दूसरे को खुद को उड़ाने से पहले ही उसके सिर में गोली मार दी गई। उन्होंने कहा, आतंकवाद, उनके सहयोगियों, (मादक पदार्थ) तस्करों, गिरोहों और संगठित अपराध संगठनों के खिलाफ हमारी लड़ाई दृढ़ संकल्प के साथ जारी रहेगी। हमलावरों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कुर्दिश और धुर वाम चरमपंथी समूहों तथा इस्लामिक स्टेट समूह ने अतीत में देशभर में इस तरह के घातक हमलों को अंजाम दिया है।एर्दोआन ने संसद में दिए भाषण में कहा, जिन दुष्टों ने नागरिकों की शांति और सुरक्षा को निशाना बनाया है, वे कभी अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाएंगे और न ही ऐसी हिमाकत कर पाएंगे। राष्ट्रपति ने अपनी दक्षिणी सीमा को हमलों से सुरक्षित करने के लिए सीरिया के साथ लगती सीमा के 30 किलोमीटर के क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। तुर्किए ने इस्लामिक स्टेट और कुर्दिश मिलिशिया समूह, जिसे वाईपीजी के नाम से जाना जाता है की गतिविधियों को रोकने के लिए 2016 से ही उत्तरी सीरिया में घुसकर कई कार्वाई की है और क्षेत्र के बड़े हिस्से को नियंत्रित किया है। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू की खबर के मुताबिक दो हमलावरों ने मध्य प्रांत केसेरी में पशु चिकित्सक से वाहन छीन लिया।

## पाकिस्तान : हमले में पुलिसकर्मी की मौत, दो आतंकवादी ढेर

लाहौर। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने पंजाब प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आतंकवादी हमले को नाकाम करने का रविवार को दावा किया, जिसमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो अति वांछित आतंकवादी मारे गए। पंजाब पुलिस प्रमुख उस्मान अनवर ने एक बयान में कहा कि रविवार तड़के मियांवाली में कुंडल गश्ती चौकी पर हुए हमले में एक पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। (लाहौर से लगभग 300 किमी दूर) मियांवाली में कुंडल पंजाब राजमार्ग गश्ती चौकी में पंजाब के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) की सहायता से चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने कल रात लगभग 11 बजकर 45 मिनट पर 12 से 15 आतंकवादियों के हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

# ब्रिटेन का संग्रहालय शिवाजी के वाघ नख को भारत की यात्रा पर ले जाने के लिए करार करेगा

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन स्थित** विक्टोरिया एंड अल्बर्ट (वी एंड ए) संग्रहालय अगले सप्ताह महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकता है, जिसमें 17वीं सदी के बाघ नख को एक प्रदर्शनी के लिए भारत ले जाया जाएगा। ऐसा माना जाता है कि यह वाघ नख छत्रपति शिवाजी महाराज का था। वर्ष 1659 में युद्ध के दौरान महान मराठा नेता ने अपने हाथ में छुपाए हुए बाघ नख से अपने प्रतिद्वंद्वी एवं बीजापुर सल्तनत के सेनापति अफजल खान को मार गिराया था। यह माना जाता है कि यह वाघ नख ईस्ट इंडिया कंपनी के एक अधिकारी जेम्स ग्रांट डफ के कब्जे में आ गया, जिन्हें वर्ष 1818 में सतारा राज्य का राजनीतिक एजेंट नियुक्त किया गया था। इस वाघ नख को डफ के एक वंशज ने संग्रहालय को उपहार में दिया था। संग्रहालय के प्रवक्ता ने कहा, विक्टोरिया एंड अल्बर्ट एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के वरिष्ठ नेतृत्व का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। प्रवक्ता ने कहा, अफजल खान पर छत्रपति शिवाजी महाराज की विजय की कहानी पौराणिक है, इसलिए हमें खुशी है कि 350वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के हिस्से के रूप में वाघ नख भारत जाएगा। हमें उम्मीद है कि इसका प्रदर्शन इतिहास में नए शोध के लिए भी उपयोगी हो सकता है। इस एमओयू पर मंगलवार को हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इसके बाद वाघ नख को इस साल के अंत में एक तय अवधि के लिए भारत भेजे जाने की उम्मीद है। संग्रहालय के अनुसार, डफ के स्कॉटलैंड लौटने के बाद वाघ नख को एक फिटेड केस में रखा गया। फिटेड केस पर लिखा है : शिवाजी का वाघ नख जिससे उन्होंने मुगल सेनापति को मार गिराया। इसे ईडन के जेम्स ग्रांट डफ को मराठों के पेशवा द्वारा तब दिया गया था, जब वह सतारा के राजनीतिक एजेंट थे।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका-भारत संबंध साझा विचारों और मूल्यों पर बने हैं: वर्मा

**वाशिंगटन।** अमेरिका-भारत संबंध साझा विचारों और मूल्यों पर स्थापित हुए है और उनमें सबसे ऊपर लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता है। बाइडन प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही।भारतीय संस्कृति की विविधता तथा जीवंतता तथा भारत-अमेरिका संबंधों का जश्न मनाने के लिए भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रबंधन और संसाधन मामलों के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा विचारों और साझा मूल्यों पर स्थापित हुए है।इन्होंने कहा, सबसे ऊपर लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता है। महात्मा गांधी ने 1942 में तत्कालीन राष्ट्रपति रूजवेल्ट को पत्र लिखा था कि उन्हें थोरो और इमर्सन के लेखन से बहुत लाभ हुआ है और कुछ साल बाद, डॉ. मार्टिन लूथर किंग ने लिखा, यह गांधी और उनका प्रेम और अहिंसा से मैंने सामाजिक सुधार का तरीका खोजा तथा गांधी का दर्शन ही एकमात्र नैतिक तथा व्यावहारिक रूप से सही तरीका था, जो प्रताड़ित लोगों के लिए स्वतंत्रता के संघर्ष में खुला था। इंडियन हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में बाइडन प्रशासन के शीर्ष भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों और पूरे अमेरिका से भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता शामिल हुए।

### भारतीय-अमेरिकियों ने अमेरिका में अपनी पहचान बनाई : नीरा टंडन

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारतीय-अमेरिकियों ने अमेरिका में खुद की पहचान बनाई है और राष्ट्रपति जो बाइडन की सरकार के तहत इस समुदाय के सदस्य पूरे प्रशासन में हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत के आधिकारिक आवास इंडिया हाउस में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में संयुक्त राज्य घरेलू नीति परिषद की निदेशक नीरा टंडन ने कहा, प्रवासी भारतीयों की ताकत के कारण हमारे व्यक्ति-से-व्यक्ति और समुदाय-से-समुदाय स्तर पर इतना मजबूत संबंध है। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार वाशिंगटन पहुंचीं, तो क्लिंटन प्रशासन में कुछ ही लोग थे जो भारतीय-अमेरिकी थे, लेकिन आज भारतीय-अमेरिकी पूरे प्रशासन में हैं। उन्होंने कहा कि जब हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बात करते है, तो यह भी जानना चाहिए कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय का संचालन भारतीय-अमेरिकी आरती प्रभाकर करती है। इंडिया हाउस में एकत्र सैकड़ों भारतीय अमेरिकियों की तालियों के बीच टंडन ने कहा, जब आप दो दिन पहले लोकतंत्र पर राष्ट्रपति के अद्भुत भाषण में उनके शब्द सुनते है, तो वे शब्द विनय रेड्डी द्वारा लिखे गए होते है। वास्तव में इन दिनों आप व्हाइट हाउस में पत्थर नही फेंक सकते और किसी भारतीय अमेरिकी को मार नही सकते। नेशनल साइंस फाउंडेशन के 15वें निदेशक सेथुरमन पंचनाथन ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार मजबूत लोकतंत्र को संभव बनाते है। यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन की डिप्टी सीईओ निशा देसाई बिस्वाल ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध सिर्फ सरकार-से-सरकार के स्तर पर नही है, बल्कि इससे आगे जाकर व्यक्ति से व्यक्ति और कारोबार से कारोबार के स्तर तक विस्तृत है।

### दुनिया के अन्य देशों में धूम मचाएंगे एमसी स्क्वायर

**चंडीगढ़।** मशहूर हरियाणवी हिप हॉप सेनसेशन एमसी स्क्वायर अपने लेटेस्ट रिलीज माशूका के साथ एक बार फिर संगीत जगत में धूम मचाने के लिए वापस आ गए है। हरियाणा के लोक संगीत विशेष रूप से रागनी में अपनी जड़ों के प्रति सच्चे रहते हुए एमसी स्क्वायर इस पारंपरिक शैली में एक कंटेम्परेरी ट्विस्ट दिया हैए जो कि इसे म्यूजिकल मास्टरपीस बनता है। ये दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है, यह एक ऐसा मिश्रण है जो कल्चरल बाउंड्री को पार करने के लिए तैयार है। माशूका् एक म्यूजिकल जर्नी है जो एकतरफा प्यार की एक सम्मोहक स्टोरी को बयां करती हैए जहां एक युवक अपनी प्रेमिका का प्यार जीतने के लिए अपना दिल खोल देता है। एमसी स्क्वायर के हार्ट हीटिंग रैप के बोल एक शानदार कहानी बयां करते हैंए जिसमें वह अपनी प्रेमिका का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करने और प्यार की तलाश में अपनी कार में अनगिनत घंटे बिताने के संघर्ष को व्यक्त करता है। हरियाणवी और हिप हॉप एलिमेंट्स के अपने सिग्नेचर ब्लेंड के साथए एमसी स्क्वायर एक ऐसा ट्रैक पेश किया है है जो न केवल भावनात्मक रूप से गूंजता है बल्कि बेहद आकर्षक भी है। अपने नए ट्रैक के बारे में उत्साहपूर्वक बात करते हुए एमसी स्क्वायर ने कहा कि सबसे पहले मैं लाडो के लिए मिले प्यार से अभिभूत हूं। माशूकाश् के साथए यह एक भावनात्मक यात्रा है। यह प्यार की निरंतर खोज और उस रिलेशन को बनाने के लिए हम किस हद तक जाने को तैयार है, इसके बारे में है। यह मेरी सिग्नेचर स्टाइल, हरियाणवी जड़ों के साथ-साथ मॉर्डन हिप हॉप का मिश्रण है जो मुझे प्रभावित करता है। मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि मेरे फैंस इस फ्यूजन का एक्सपीरियंस करे।

### रूस समर्थक पूर्व प्रधानमंत्री ने स्लोवाकिया संसदीय चुनावों में जीत दर्ज की

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के पूर्व प्रधानमंत्री एवं लोकवादी नेता रॉबर्ट फिको और उनके वामपंथी दल ने देश के संसदीय चुनावों में जीत दर्ज की है। चुनाव प्रचार के दौरान रूस समर्थक रुख रखने और अमेरिका विरोधी संदेश देने के बाद मिली इस जीत को उनकी जबरदस्त राजनीतिक वापसी के तौर पर देखा जा रहा है।स्लोवाक सांख्यिकी कार्यालय ने रविवार तड़के तक करीब छह हजार मतदान केंद्रों पर डाले गए 99.2 प्रतिशत मतों की गणना की, जिसके अनुसार फिको और उनके वामपंथी दल डायरेक्शन-स्लोवाक सोशल डेमोक्रेसी (एसएमईआर) को कुल मतों में से सर्वाधिक 23.3 फीसदी मत प्राप्त हुए है।इस चुनाव को रूसी युद्ध का सामना कर रहे पड़ोसी देश यूक्रेन की मदद के संदर्भ में स्लोवाकिया के लिए परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा था। फिको की जीत यूरोपीय संघ और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) की नाजुक एकता को और नुकसान पहुंचा सकती है।फिको (59) ने वादा किया था कि अगर वह सत्ता में वापसी के अपने प्रयास में सफल हो जाते है तो वह यूक्रेन को स्लोवाकिया द्वारा दिए जा रहे सैन्य समर्थन को वापस ले लेंगे।कुल 55 लाख की आबादी वाला देश स्लोवाकिया, रूस द्वारा युद्ध छेड़े जाने के बाद से यूक्रेन का कट्टर समर्थक रहा है। वह अपने पड़ोसी देश को हथियार दान कर रहा था और उसने युद्ध के दौरान शरणार्थियों के लिए अपनी सीमाएं खोल दी थी।चुनाव में किसी भी दल को बहुमत प्राप्त नही होने पर गठबंधन सरकार गठित करने की आवश्यकता होगी।। चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हुआ था, जिसमें उदारवादी और पश्चिम समर्थक नए दल प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया 17 फीसदी मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### मालदीव में विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज ने जीता राष्ट्रपति चुनाव

**माले (मालदीव)।** मालदीव में विपक्ष के उम्मीदवार मोहम्मद मुइज ने 53 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करते हुए शनिवार को राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी। इस चुनाव को एक जनमत संग्रह के तौर पर देखा जा रहा था कि देश में भारत या फिर चीन में से किस क्षेत्रीय शक्ति का अधिक प्रभाव रहेगा। मिहारू न्यूज की खबर के अनुसार, निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को 46 फीसदी वोट हासिल हुए और मुइज को उनसे 18,000 से अधिक मत मिले। आधिकारिक नतीजों की घोषणा रविवार को की जा सकती है। मुइज ने जीत के बाद एक बयान में कहा, आज के नतीजे के साथ हमें देश के भविष्य का निर्माण करने का मौका मिला है। मालदीव की आजादी सुनिश्चित करने की ताकत मिली है। यह वक्त अपने मतभेदों को दूर रखने और एकजुट होकर काम करने का है। हमें एक शांतिपूर्ण समाज की आवश्यकता है। मुइज ने सोलिह से पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को घर में नजरबंद करने के बजाय जेल भेजने का भी अनुरोध किया। यह जीत मुइज के लिए हैरान करने वाली है, क्योंकि वह एक वैकल्पिक उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे थे। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन और भ्रष्टाचार के जुर्म में सजा काट रहे यामीन को चुनाव लड़ने से रोक दिया था, जिसके बाद मुइज ने आखिरी वक्त में नामांकन दाखिल किया था। मुइज की पार्टी के एक शीर्ष अधिकारी मोहम्मद शरीफ ने कहा, आज का परिणाम हमारे लोगों की देशभक्ति को दर्शाता है। यह हमारे सभी पड़ोसियों और द्विपक्षीय साझेदारों से हमारी स्वतंत्रता एवं संप्रभुता का पूरा सम्मान करने का आह्वान करता है। राष्ट्रपति पद के लिए सितंबर की शुरुआत में हुए मतदान के पहले चरण में मुख्य विपक्षी उम्मीदवार मुइज और मौजूदा राष्ट्रपति सोलिह में किसी को भी 50 फीसदी से ज्यादा वोट नही मिल पाए थे। सोलिह 2018 में पहली बार राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। वह दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव मैदान में उतरे थे और मुइज के इन आरोपों से जूझ रहे है कि उन्होंने भारत को देश में अनियंत्रित मौजूदगी की अनुमति दी थी। मुइज की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को चीन समर्थक माना जाता है। सोलिह का कहना है कि मालदीव में भारतीय सेना की मौजूदगी सिर्फ और सिर्फ दोनों सरकारों के बीच हुए एक समझौते के तहत पोतगाह निर्माण के लिए है और इससे उनके देश की संप्रभुता को कोई नुकसान नही पहुंचेगा। मुइज ने वादा किया था कि अगर वह चुनाव जीत जाते है, तो मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस भेजेंगे और देश के कारोबारी संबंधों को संतुलित करेंगे।

### नवाज शरीफ की पार्टी उनके स्वदेश आने से पहले जमानत के लिए अदालत का रुख करेगी : खबर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन)उनके इस महीने के उत्तरार्द्ध में स्वदेश लौटने से पहले जमानत के लिए लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) का रुख करेगी। मीडिया में रविवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई। नवाज (73) ने हाल में कहा था कि वह 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने को लेकर उत्साहित है। इसके साथ ही उनका करीब चार साल का स्वनिर्वासन समाप्त हो जाएगा। नवाज के जनवरी 2024 में होने वाले चुनाव में पार्टी का नेतृत्व किए जाने की उम्मीद है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक जमानत के लिए एलएचसी का रुख करने का फैसला नवाज के लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने से बचाने के लिए किया गया है क्योंकि उन्हें भगोड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका है। उसने कहा कि यह स्पष्ट नही है कि पार्टी कब जमानत के लिए अदालत का रुख करेगी।

### मालदीव: पूर्व राष्ट्रपति को जेल से निकालकर नजरबंद किया गया

माले। मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव में मोहम्मद मुइज के निर्वाचित होने के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को जेल से निकालकर घर में नजरबंद कर दिया गया है। पूर्व राष्ट्रपति यामीन अपने कार्यकाल (2013 से 2018 तक) के दौरान रिश्वतखोरी और धनशोधन के आरोपों के तहत जेल में बंद है। मुइज पूर्व राष्ट्रपति यामीन की पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। जेल से घर में नजरबंद करने का स्थानांतरण आदेश निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़ के अनुरोध पर दिया है। मुइज़ 17 नवंबर को शपथ लेंगे।

### 24 पाकिस्तानी भिखारी मुल्तान में गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान में कथित 24 भिखारियों को मुल्तान हवाई अड्डे पर सऊदी अरब जाने वाली उड़ान से उतारा गया जो उमरा करने के बहाने खाड़ी देश जाने की कोशिश कर रहे थे ताकि वहां भीख मांग सकें। मीडिया में रविवार को प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने शनिवार रात को मुल्तान हवाई अड्डे पर सऊदी अरब जाने वाली उड़ान से आठ कथित भिखारियों को उतारा जो उमरा के बहाने अरब देश जा रहे थे। पंजाब सूबे के मुल्तान हवाई अड्डे पर गत कुछ दिनों में यह दूसरी घटना थी।

### भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला अमेरिका का दूसरा शहर बना फ्रेस्नो

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में फ्रेस्नो जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला दूसरा अमेरिकी शहर बन गया है। सिटी काउंसिल ने अपनी नगरपालिका संहिता में दो नई श्रेणियां जोड़ने के बाद इस संबंध में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इससे पहले, फरवरी में सिएटल जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला देश का पहला शहर बन गया था। इसके बाद, अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य ने ऐसा ही एक विधेयक सितंबर में पारित किया। अमेरिकी टेलीविजन नेटवर्क एनबीसी ने शुक्रवार को बताया कि यह कदम देशभर में चलाए जा रहे नागरिक अधिकार आंदोलन के बीच उठाया गया है, जिसकी अगुवाई मुख्यतः दक्षिण एशियाई अमेरिकी कर रहे है। एनबीसी ने फ्रेस्नो सिटी काउंसिल की उपाध्यक्ष एन्नालीसा पेरिया के हवाले से कहा, मुझे नागरिक अधिकारों की सुरक्षा का स्तर बढ़ाने पर एक बार फिर हमारे शहर पर गर्व है। उन्होने कहा, हम मानते है कि भेदभाव रातोंरात खत्म नही होता लेकिन हमारे शहर ने जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ नागरिक अधिकार सुरक्षा को मजबूत करने की भेदभाव रोधी नीति पारित करने का साहसी कदम उठाया है।

### स्पेन के मर्सिया शहर में एक नाइटक्लब में आग से 13 लोगों की मौत

मैड्रिड। स्पेन के दक्षिणपूर्वी शहर मर्सिया में एक नाइटक्लब में आग लगने से 13 लोगो की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्पेन की सरकारी समाचार एजेंसी ईएफई के अनुसार आग थिएटर नाइट क्लब में सुबह करीब छह बजे लगी और तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गई। अभी आग लगने के कारणों के बारे मे पता नही चला है। मर्सिया की अग्निशमन सेवा ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें दमकल कर्मी नाइट क्लब के अंदर आग की लपटों पर काबू पाने की कोशिश करते दिख रहे है। पुलिस और आपातकालीन सेवाएं शवों की तलाश और उनकी पहचान करने मे लगी है। अधिकारियों के अनुसार मृतक संख्या बढ़ सकती है। शहर परिषद ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है।

# अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली आर्थिक मदद में की कटौती

●भविष्य को लेकर उठ रहे सवाल

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी संसद** ने सरकारी कामकाज के सुचारू संचालन के लिए एक अनुदान विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें युद्धग्रस्त यूक्रेन को दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती की गई है। संसद के इस फैसले से, अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली मदद पर खतरा मंडराने लगा है। हालांकि यूक्रेन समर्थक सांसदों का कहना है कि वे हार नहीं मानेंगे। फिर भी, कई सांसदों ने स्वीकार किया है कि यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता को संसद से मंजूरी दिलाना कठिन होता जा रहा है क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद मदद का विरोध कर रहे हैं। इस सप्ताह संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में अनुदान विधेयक पर मतदान होने के बाद आगे की राह मुश्किल होने के संकेत मिल रहे हैं। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के आधे सदस्यों ने यूक्रेन को हथियार खरीदने और सैनिकों को प्रशिक्षित करने के लिए दी जाने वाली 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मदद के खिलाफ मतदान किया। हालांकि बाद में अलग से इस धनराशि को मंजूरी दे दी गई, लेकिन यूक्रेन को सहायता देने का विरोध करने वालों की संख्या बढती जा रही है। इसके बाद शनिवार को प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष और कैलिफॉर्निया से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद केविन मैकार्थी ने 17 नवंबर तक सरकारी कामकाज चालू रखने के लिए पारित अनुदान विधेयक में से यूक्रेन को दी जाने वाली अतिरिक्त सहायता में कटौती कर दी। ऐसा करके उन्होंने उस लंबित पैकेज को रोक दिया, जिसके तहत यूक्रेन को छह अरब अमेरिकी डॉलर दिए जाने हैं। अमेरिकी संसद के इस कदम से, रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को अमेरिका की ओर से मिल रहे अटूट समर्थन में धीरे-धीरे बदलाव के संकेत मिल रहे हैं और इससे स्पष्ट हो गया है कि रिपब्लिकन पार्टी यूक्रेन को और मदद मुहैया कराने के पक्ष में नहीं है। यूक्रेन को दी जाने वाली मदद में कटौती का फैसला पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की वाशिंगटन में अमेरिकी सांसदों से मुलाकात के बाद किया गया है। मुलाकात के दौरान जेलेंस्की ने सांसदों को आश्वासन दिया था कि यूक्रेन की सेना युद्ध जीत रही है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि युद्ध में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त सहायता की जरूरत होगी।

## ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने यूक्रेनी सैनिकों को यूक्रेन में ही प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के नए रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने सुझाव दिया है कि यूक्रेनी सैनिकों का ब्रिटिश सैन्य प्रशिक्षण पश्चिमी यूक्रेन में स्थानांतरित किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण वर्तमान में ब्रिटेन के सैन्य अड्डों पर दिया जा रहा है। रक्षा मंत्री शाप्स ने समाचार पत्र संडे टेलीग्राफ के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने यूक्रेनी सैनिकों का सैन्य प्रशिक्षण यूक्रेन में ही कराने के संबंध मे सेना के साथ चर्चा की है। वहीं, रूसी राजनेताओं ने तुरंत इस प्रस्ताव की आलोचना की। पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने दावा किया कि ग्रांट शाप्स चीजों को तीसरे विश्व युद्ध की ओर धकेल रहे है। रूसी नियंत्रण वाले पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र के प्रमुख के सलाहकार यान गैगिन ने भी शाप्स के विचार को खारिज कर दिया। गैगिन ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को बताया, भले ही ब्रिटिश प्रशिक्षक यूक्रेन में इसके सशस्त्र बलों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करें, लेकिन इसका कोई परिणाम नही निकलेगा। इस बीच, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ब्रिटिश सेना को यूक्रेन में तैनात किए जाने संबंधी अटकलों को खारिज कर दिया है। सुनक ने कहा, ब्रिटेन के किसी सैनिक को मौजूदा संघर्ष में लड़ने के लिए नही भेजा जाएगा। ऐसा नही हो रहा है। वर्ष 2022 की शुरुआत से यूक्रेन के करीब 23,500 रंगरूटों ने ब्रिटेन के विभिन्न सैन्य अड्डों में युद्ध प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस साल की शुरुआत में ब्रिटेन की सरकार ने अतिरिक्त 20,000 रंगरूटों को प्रशिक्षण देने की प्रतिबद्धता जताई थी। अगस्त में रक्षा मंत्री का पद संभालने वाले शाप्स ने कहा कि उन्होने काला सागर में ब्रिटेन की रॉयल नेवी द्वारा वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा में मदद करने के बारे में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी बात की है। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में अधिक विवरण नही दिया। शाप्स ने कहा कि ब्रिटेन की रक्षा उत्पादन कंपनियों को यूक्रेन में अपनी इकाई स्थापित करने पर विचार करना चाहिए।

## लंदन में महाभारत का समकालीन नाट्य मंचन शुरू

**लंदन।** लंदन में रविवार को महाभारत का समकालीन नाट्य मंचन शुरू किया गया, जिसमें कई भारतीय संगीत और नृत्य कला प्रदर्शित की जाएगी तथा इसके पात्रों में दुनियाभर के कलाकार शामिल हैं। ब्रिटेन में इस संगीत नाटक का मंचन बार्बिकन थिएटर में अगले सप्ताहांत तक चलेगा। इससे पहले कनाडा में टोरंटो के वाइ नॉट थिएटर और भारतीय मूल के सह-निर्माता मिरियम फर्नांडीज और रवि जैन द्वारा इसका वर्ल्ड प्रीमियर किया गया, जिसे आलोचकों ने काफी सराहा। यह नाटक कर्म और धर्म पर आधारित है। कर्म में प्रतिद्वंद्वी पांडव और कौरव वंश की मूल कहानी है और धर्म युद्ध को दर्शाया गया है, जो पृथ्वी को नष्ट कर देता है। वाइ नॉट थिएटर के सह-कलात्मक निदेशक फर्नांडीज ने कहा, दोनों भाग के बीच एक सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया है। अगर आप पूरा अनुभव लेना चाहते हैं तो यह सात घंटे की यात्रा है और हम कहानी की शुरुआत भीष्म प्रतिज्ञा से करते हैं और युधिष्ठिर की स्वर्ग यात्रा तक युद्ध के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं।

# सर्बिया के राष्ट्रपति ने कोसोवो के पास सैन्य जमावड़े से इनकार किया

● दुष्प्रचार अभियान का आरोप लगाया

**बेलग्रेड ( सर्बिया )।** सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक ने कोसोवो के साथ लगी सीमा पर सैन्य जमावड़े की अमेरिकी और अन्य रिपोर्ट का खंडन किया तथा एक सप्ताह पहले हुई गोलीबारी के मद्देनजर अपने देश के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाए जाने का आरोप लगाया। अमेरिका और यूरोपीय संघ दोनों ने इस सप्ताह की शुरुआत में सर्बिया की अपने पूर्व प्रांत के साथ लगती सीमा पर सैन्य तैनाती में बढ़ोतरी के बारे में चिंता व्यक्त की थी और उन्होंने सर्बिया से वहां अपनी सेना की उपस्थिति कम करने का आग्रह किया था। कोसोवो की सरकार ने शनिवार को कहा कि वह तीन अलग-अलग दिशा से सर्बिया सेना की गतिविधियों की निगरानी कर रही है। कोसोवो ने सर्बिया से तुरंत अपने सैनिकों को वापस बुलाने और सीमा क्षेत्र को विसैन्ईकृत करने का आग्रह किया। सर्बियाई राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट एक वीडियो में कहा, सर्बिया के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने हमारे सैन्य बलों की मौजूदगी के बारे में बहुत झूठ बोला है...दरअसल, वे इस बात से परेशान हैं कि सर्बिया के पास वह सब कुछ है जिसे वे अत्याधुनिक हथियार बताते हैं। पिछले रविवार को उत्तरी कोसोवो में भारी हथियारों से लैस सर्ब बंदूकधारियों और कोसोवो पुलिस अधिकारियों के बीच हिंसा के बाद तनाव बढ़ गया है।

# बाइडन ने अनुदान विधेयक पर हस्ताक्षर किए

●सरकारी कामकाज ठप होने का खतरा टला

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका में** संघीय सरकार के कामकाज के ठप होने (शटडाउन) का खतरा शनिवार देर रात उस समय टल गया, जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सरकारी एजेंसियों के संचालन को बरकरार रखने के लिए एक अस्थाई अनुदान योजना से संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। संसद में आनन-फानन में पारित किए गए इस विधेयक में यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद में कटौती करने और बाइडन के अनुरोध पर संघीय आपदा सहायता बजट बढ़ाकर 16 अरब अमेरिकी डॉलर करने का प्रावधान किया गया है। यह विधेयक आगामी 17 नवंबर तक सरकारी कामकाज के लिए वित्त मुहैया कराएगा। रूस से जारी युद्ध में यूक्रेन को सैन्य मदद उपलब्ध कराना व्हाइट हाउस की प्राथमिकता रहा है, जिसका कई रिपब्लिकन सांसद विरोध करते रहे हैं। प्रतिनिधि सभा में कई दिनों से जारी गतिरोध के बीच सदन के स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने खर्च में भारी कटौती की मांग शनिवार रात छोड़ दी और डेमोक्रेट सांसदों के सहयोग से पारित विधेयक को सीनेट की मंजूरी के लिए भेजा। बाद में सीनेट ने भी विधेयक को हरी झंडी दिखाते हुए इसे कानून का रूप देने के वास्ते राष्ट्रपति बाइडन के दस्तखत के लिए भेज दिया। बाइडन ने एक बयान में कहा, यह अमेरिका के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका किसी भी परिस्थिति में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन को बाधित करने की अनुमति नहीं दे सकता।

# जल्द समाप्त हो सकता है स्तनपाई युग

भाषा। ब्रिस्टल

**पिछले** 50 करोड़ वर्षों में हमारे ग्रह ने कुल पांच बार जीवों की विशाल महाविलुप्ति देखी है। इनमें से पर्मियन-ट्राइऐसिक विलुप्ति घटना में पृथ्वी की तत्कालीन करीब 90 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। इनमें से अधिकांश घटनाएं एक सुपरकॉन्टिनेंट के निर्माण के साथ मेल खाती हैं, जहां पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें धीरे-धीरे एक साथ आती हैं और संयोजित होती हैं। वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि पृथ्वी के महाद्वीप अगले 25 करोड़ साल में फिर से एक साथ मिलकर सुपरकॉन्टिनेंट बनाएंगे जिसे पैंजिया अल्टिमा नाम दिया गया है। इसका संकेंद्रण विषुवत रेखा के पास होगा और यह गर्म महाद्वीप होगा। ब्रिटेन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स और अमेरिका स्थित नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के कई सहयोगियों द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक पैंजिया अल्टिमा की परिस्थितियां अधिकतर स्तनधारियों के जीवित रहने के लिए विपरीत होंगी। इस सुपरकॉन्टिनेंट के बनने से अधिक ज्वालामुखी गतिविधि होगी, और बूढ़ा होता सूर्य पृथ्वी पर अधिक विकिरण उत्सर्जित करेगा। इसके परिणामस्वरूप भूमि की सतह का तापमान अत्यधिक हो जाएगा, जिससे महाद्वीप का अधिकांश भाग एक विशाल, गर्म रेगिस्तान में बदल जाएगा, जो विज्ञान-कल्पना महाकाव्य ड्यून के रेगिस्तानी ग्रह अराकिस की याद दिलाता है। वर्ष के सबसे गर्म महीनों के दौरान, अधिकांश महाद्वीप में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है, कई क्षेत्रों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर सकता है। सीओ2 में इस वृद्धि की वजह से सतह का औसत तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस होने की आशंका है जिससे पृथ्वी में निवास करने योग्य स्थान घटकर महज आठ से 16 प्रतिशत रह जाएगा। अगर हम दैनिक अधिकतम तापमान और कठोर मौसमी घटनाओं पर विचार करें तो कुछ इलाकों में तामपान 60 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जा सकता है। विपरीत परिस्थितियां- डायनासोर के समय से स्तनपाई की सफलता की सबसे अहम कुंजी उनकी परिस्थितियों के अनुकूल होने की क्षमता है। उनके पास बाहरी पर्यावरण से इतर अपने शरीर का तापमान विनियमित करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए इनसान गर्मियों में अपने शरीर के तापमान को पसीने से ठंडा कर लेता है जबकि कुत्ते तेज सांस से इस तापमान के असर को कम कर देते हैं। वहीं, हाथी अपने बड़े-बड़े कान से गर्मी को कम करते हैं।

## यह बहुत गर्म होने वाला है

मौजूदा समय में स्तनपाई मोटे तौर पर धरती के दो तिहाई हिस्से पर निवास कर सकते है। हालांकि, अन्य कारकों में बदलाव किए बिना महाद्वीपों को पुनर्व्यवस्थित करने के बाद, हमारे मॉडलिंग से पता चला कि सतह का औसत वार्षिक तापमान औद्योगिक क्रांति से पहले के औसत तापमान (लगभग 5 डिग्री सेल्सियस) से बढ़कर लगभग 24 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा। इसकी वजह से पृथ्वी पर निवास करने वाले इलाके घटकर महज 54 प्रतिशत रह जाएंगे। इसका प्राथमिक कारण पैंजिया अल्टिमा पर तापमान में वृद्धि है जिसका संकेंद्रण भूमध्य रेखा के पास होगा। हालांकि, अन्य कारक जैसे भूसतह की ऊंचाई में अंतर (अधिक ऊंचे वाले स्थान अपेक्षाकृत ठंडे होते है), बर्फ से ढके इलाकों की अनुपस्थिति और पादप के विस्तार में अंतर भी तापमान की वृद्धि में योगदान देंगे। हमारे आकलन से संकेत मिलता है कि जब पैंजिया अल्टिमा का पूर्ण रूप से निर्माण हो जाएगा तब सूर्य की चमक आज के अपेक्षा 2.5 प्रतिशत अधिक होगी। सूर्य की प्रचंडता में वृद्धि से पृथ्वी पर सतह के तापमान में और वृद्धि होगी और यह करीब 25 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा एवं इसकी वजह से धरती का केवल एक चौथाई हिस्सा ही निवास करने योग्य होगा। पैंजिया अल्टिमा के निर्माण के दौरान वायुमंडल में कार्बन डाइ ऑक्साइड (सीओ2) के स्तर को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हमारे मॉडल से संकेत मिलता है कि सीओ2 का संकेंद्रण वायुमंडल में बढ़कर 613 पार्टस पर मिलियन (पीपीएम) तक पहुंच जाएगा जो इस समय 420 पीपीएम है।

## अजरबैजान ने नागोर्नो-कराबाख के पूर्व अलगाववादी नेता के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**एरेवान।** अजरबैजान ने नागोर्नो-काराबाख के पूर्व अलगाववादी नेता अरायिक हरुत्युन्यान के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। देश के महाभियोजक ने रविवार को यह जानकारी दी। हरुत्युन्यान ने अजरबैजान के हिस्से के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता हासिल करने वाले और जातीय आर्मेनियाई आबादी बहुल क्षेत्र का मई 2020 और सितंबर के बीच नेतृत्व किया था। उस वक्त अलगाववादी सरकार ने कहा था कि आजादी के लिए तीन दशक के प्रयास के बाद वह साल के अंत तक खुद को भंग कर देगी। अजरबैजान की पुलिस ने हरुत्युन्यान के पूर्व प्रधानमंत्रियों में से एक रूबेन वर्दयान को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। नागोर्नो-काराबाख पर नियंत्रण हासिल करने के लिए पिछले हफ्ते बाकू के 24 घंटे के हमले के बाद भागे हजारों अन्य लोगों के साथ रूबेन आर्मेनिया में घुसने की कोशिश कर रहे थे।

# अब तेलंगाना बदलाव चाहता है : प्रधानमंत्री मोदी

● झूठे वादों की नही, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस काम की जरूरत

**भाषा।** हैदराबाद



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के लोग बदलाव चाहते हैं, क्योंकि उन्हें झूठे वादों की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस काम की जरूरत है।मोदी ने यहां महबूबनगर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा, तेलंगाना के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा, मैं आश्वस्त हूं कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है। तेलंगाना बदलाव चाहता है, क्योंकि आप राज्य में भ्रष्टाचार नहीं, पारदर्शी व ईमानदार सरकार चाहते हैं। तेलंगाना बदलाव चाहता है, क्योंकि अब उसे झूठे वादे नहीं, जमीन पर काम चाहिए और भाजपा सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री ने उत्साहित भीड़ से कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक हाल ही में पारित किया गया है और अब महिलाओं की आवाज को न केवल संसद में, बल्कि हर राज्य विधानसभा में पहले से अधिक मजबूत किया जाएगा।महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों व विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि तेलंगाना की बहनें जानती हैं कि उनका एक भाई दिल्ली में है, जो निरंतर उनका जीवन बेहतर करने के प्रयास में जी-जान से जुटा है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को अपनी काली कमाई का जरिया बना लिया है। उन्होंने कहा, तेलंगाना में सिंचाई परियोजनाओं के नाम पर सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने भीड़ से सवाल किया, क्या आपने सुना है कि किसी सिंचाई परियोजना का उद्घाटन हो गया, लेकिन उससे किसानों को पानी नहीं मिल रहा है? उन्होंने कहा कि ऐसा तेलंगाना में हो रहा है और यहां के किसान यह सब देख रहे हैं।प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर किसानों से किए वादों से भी मुकरने का आरोप लगाया और दावा किया कि इन खोखले वादों की वजह से कई किसानों को अपनी जान देनी पड़ी, क्योंकि राज्य सरकार ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया।उन्होंने कहा, तेलंगाना में हमारी सरकार नहीं है, फिर भी हमने यहां के किसानों की मदद करने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्षों से बंद पड़े रामागुंडम उर्वरक संयंत्र को फिर से शुरू किया, ताकि किसानों को इसका फायदा मिले।इस क्रम में प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि इसके तहत तेलंगाना के किसानों को करीब 10,000 करोड़ रुपए सीधे बैंक खाते में दिए गए हैं।बड़ी संख्या में मौजूद लोगों की भीड़ की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, आपने तो कांग्रेस और बीआरएस दोनों की नींद हराम कर दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ही उन्होंने तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने की घोषणा की है।उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इसके लिए जमीन देने के काम को 5 साल तक टालती रही, जो यह दिखाता है कि बीआरएस सरकार को आदिवासी हितों और आदिवासी गौरव की कोई परवाह नहीं है।प्रधानमंत्री ने यह आरोप भी लगाया कि तेलंगाना सरकार के कार की स्टेयरिंग दो परिवारवादी पार्टियों के पास है, जिनकी पहचान भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है।उन्होंने कहा, इन दोनों पार्टियों का एक ही फार्मूला है। परिवार की पार्टी, परिवार द्वारा संचालित पार्टी और परिवार के लिए पार्टी। ए लोग प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना रहे हैं। यह एक राजनीतिक दल को प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड कंपनी बनाकर चलाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्रेसिडेंट भी परिवार का, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी परिवार का और निदेशक से लेकर प्रबंधक और कोषाध्यक्ष के पदों पर भी परिवार का ही सदस्य होता है और सहयोगी कर्मचारी के रूप में कुछ बाहरी लोगों को दिखावे के लिए जरूर रख लिया जाता है। उन्होंने कहा, ए परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार का ही भला करने में जुटी हैं।

## वाघ नख पर आदित्य ठाकरे के सवाल बचकाने, प्रतिक्रिया देने लायक नहीं: फडणवीस

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रसिद्ध बाघ के पंजे के आकार वाले हथियार वाघ नख की प्रामाणिकता पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के सवालों को बचकाना और प्रतिक्रिया देने योग्य नहीं बताया। फडणवीस ने कहा कि (अविभाजित) शिवसेना का इस तरह के अपमानजनक सवाल पूछने का इतिहास रहा है और आरोप लगाया कि उसके नेता संजय राउत ने एक बार महान योद्धा राजा की वंशावली पर सवाल उठाया था। ठाकरे ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में पूछा था कि क्या ब्रिटेन के एक संग्रहालय से महाराष्ट्र लाया जा रहा वाघ नख स्थाई रूप से यहां रहेगा और क्या यह छत्रपति शिवाजी महाराज का था या यह उस युग का था।फडणवीस ने रविवार को यहां एक स्वच्छता कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा, शिवसेना का इस तरह के अपमानजनक सवाल उठाने का इतिहास रहा है। (राज्यसभा सदस्य) संजय राउत ने एक बार छत्रपति शिवाजी महाराज की वंशावली पर भी सवाल उठाया था। ठाकरे का सवाल बचकाना है। मैं इस पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता। राज्य के संस्कृति मंत्री सुधीर मुनगंटीवार और उनके विभाग के अधिकारी प्रतिष्ठित हथियार को वापस पाने के लिए तीन अक्टूबर को ब्रिटेन जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक में वीरशैव लिंगायत के साथ उचित व्यवहार नही हो रहा

**बेंगलुरु** कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक शमनूर शिवशंकरप्पा ने आरोप लगाया है कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार के तहत वीरशैव लिंगायत समुदाय के साथ उचित व्यवहार नही हो रहा है। उनके इस बयान से जहां सत्तारूढ़ दल के भीतर विवाद पैदा हो गया है, वही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी. एस. एदियुरप्पा ने इस बयान का समर्थन किया है।विपक्षी दल भाजपा ने कांग्रेस सरकार को निशाना बनाने का अवसर भांपते हुए उस पर आबादी के लिहाज से बड़े समुदाय की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एदियुरप्पा इसी समुदाय से आते हैं। एदियुरप्पा ने रविवार को शिवशंकरप्पा के बयान का स्वागत किया और वीरशैव लिंगायतो से एकजुट होने का आह्वान किया। इस प्रभावशाली समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था अखिल भारतीय वीरशैव महासभा के प्रमुख 92-वर्षीय शिवशंकरप्पा ने सप्ताहांत अपनी यह नाराजगी व्यक्त की, हालांकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनके इस आरोप को खारिज कर दिया है। शिवशंकरप्पा ने कहा था, समुदाय के कई अधिकारियो को (अच्छे पद) नही दिए गए है...हमारे समुदाय और उसके अधिकारियो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या लिंगायत मुख्यमंत्री होना चाहिए, उन्होंने कहा, पहले लिंगप्पा (एस. निजलिंगप्पा) और वीरेंद्र पाटिल हमारे मुख्यमंत्री थे। उनके कार्यकाल के दौरान, हमने प्रशासन चलाया, उन्होंने हमें अच्छे से रखा था। अब हमारे लोग असहाय हो गए है। उन्होने एक सवाल के जवाब मे कहा कि समुदाय को उपमुख्यमंत्री पद से संतुष्ट होने की जरूरत नही है। उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री पद कौन चाहता है...यदि संभव हो तो मुख्यमंत्री बने या फिर इसे (उपमुख्यमंत्री पद को) छोड़ दें। कहा जाता है कि वीरशैव लिंगायत राज्य की आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है और प्रदेश कांग्रेस में कई लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि राज्य मे समुदाय के वरिष्ठ नेता शिवशंकरप्पा के इस तरह के बयान से पार्टी पर असर पड़ सकता है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को शिवशंकरप्पा के दावे को खारिज करते हुए कहा था कि उनके मंत्रिमंडल मे सात लिंगायत मंत्री है। उन्होने कहा, ...अन्याय कैसे हो सकता है? किसी भी तरह के अन्याय की कोई संभावना नही है। कांग्रेस (सरकार) के तहत किसी भी धर्म या जाति को अन्याय का सामना नही करना पड़ेगा। शिवशंकरप्पा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, एदियुरप्पा ने आज कहा, शामनूर शिवशंकरप्पा वीरशैव समुदाय निकाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। उन्होंने जो भावनाएं व्यक्त की है - मै उससे पूरी तरह सहमत हूं। उन्होंने कहा, इसलिए, मै उनके बयान का स्वागत करता हूं। ऐसी स्थिति मे मै वीरशैव लिंगायत समुदाय को जागृत होने और एकजुट होने का आह्वान करता हूं। शिवशंकरप्पा के बयान का एदियुरप्पा द्वारा समर्थन किए जाने को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आज कहा, हमारी सरकार एक धर्मनिरपेक्ष सरकार है, किसी के साथ कोई अन्याय नही होगा। उन्होंने सरकारी योजनाओं की ओर संके करते हुए कहा कि ए किसी समुदाय या धर्म विशेष के लिए नही है।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने छह विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने रविवार को राज्य के छह विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोस पश्चिम बंगाल में सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल ने प्रोफेसर अचित्य साहा को मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति, प्रोफेसर बी बी परिदा को महात्मा गांधी (एम जी) विश्वविद्यालय, प्रोफेसर निखिल चंद्र राय को कूचबिहार पंचानन विश्वविद्यालय और प्रोफेसर रथिन बंद्योपाध्याय को अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति बनाया है। उन्होंने कहा कि बोस ने प्रोफेसर दिलीप मैती को विश्व बांग्ला विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी सी एम रवींद्रन को उत्तर बंग विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति नियुक्त किया है। पूर्व कुलपतियों और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसरों के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थक मंच एजुकेशनिस्ट फोरम ने नवीनतम नियुक्तियो को उच्चतम न्यायालय की शक्ति और अधिकार की खुली अवहेलना बताते हुए राज्यपाल पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अवैध कदम उठाया जाना जारी रखने का आरोप लगाया। फोरम के प्रवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा ने एक यान मे कहा, आज, उन्होने एक बार फिर कई विश्वविद्यालयो मे अपनी पसंद के व्यक्तियो को नामांकित किया है, जबकि इस प्रकार की पूरी नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय मे पश्चिम बंगाल ने चुनौती दी है। फोरम के बयान मे कहा गया है कि यह कानूनी प्रक्रिया, संबंधित विश्वविद्यालयो के अधिनियमो का सीधा उल्लंघन है और सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार को सीधी चुनौती है। बयान मे कहा गया, कुलाधिपति द्वारा नामांकित शिक्षाविदो के नाम देखकर शैक्षणिक समुदाय हैरान और आश्चर्यचकित है। दिलचस्प बात यह है कि राज्यपाल द्वारा नामांकित सभी लोग या तो राज्य के बाहर से है या पश्चिम बंगाल के उच्च शिक्षा विभाग के दायरे से बाहर से है।

### पलानीस्वामी ने कावेरी मुद्दे को लेकर द्रमुक पर साधा निशाना

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख ई के पलानीस्वामी ने रविवार को कावेरी नदी जल विवाद को लेकर तमिलनाडु मे सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को इस मामले को लेकर राज्य के लोगो की चिंता है।राज्य विधानसभा मे विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि द्रमुक कर्नाटक मे कांग्रेस सरकार का ैसमर्थनै कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके परिवार के सदस्यो द्वारा वहां संचालित व्यवसायै प्रभावित न हो।अन्नाद्रमुक महासचिव ने मुख्यमंत्री स्टालिन को ैकठपुतलीै बताते हुए उन पर दूरदर्शिता की कमी का आरोप लगाया और कहा कि उन्होने 12 जून को सलेम मे मेट्टूर बांध से पानी छोड़ा था।पलानीस्वामी ने यहां एक बयान मे कहा कि सरकार के आश्वासन पर विश्वास करते हुए कावेरी डेल्टा क्षेत्र के लगभग 1.50 लाख किसानो ने पांच लाख एकड़ भूमि पर अल्पकालिक कुरुवई की खेती की। बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि हालांकि अब, 3.50 लाख एकड़ मे खड़ी फसल मुरझा गई है और बाकी की सिंचाई कुएं के पानी से की जा रही है।उन्होने कहा, द्रमुक सरकार, जिसके पास कुशल प्रशासन का अभाव है, को क्या करना चाहिए था। उसे मेट्टूर बांध से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा कम करनी चाहिए थी और कानून के अनुसार और राजनीतिक दबाव के माध्यम से जून, जुलाई व अगस्त के महीनो के लिए कर्नाटक से कावेरी जल में से तमिलनाडु का हिस्सा सुनिश्चित करना चाहिए था। पलानीस्वामी ने कहा कि द्रमुक सरकार पूरी तरह सेै गहरी नींदै में थी, उसने मेट्टूर बांध में पानी का इस्तेमाल किया, ऐसा करने के लिए केंद्र पर उंगली उठाई, लेकिन इस मामले पर कुछ भी रचनात्मक नही किया।तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने कहा कि यदि स्टालिन कावेरी डेल्टा क्षेत्रों सहित राज्य के लोगो के बारे मेंवास्तव में चिंतितै होते, तो वह इस मामले को पड़ोसी राज्य के साथ उठा सकते थे, जब वह जून में सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण समारोह मे भाग लेने के लिए बेंगलुरु गए थे। पलानीस्वामी ने कहा कि वह तब मैत्रीपूर्ण बातचीत कर सकते थे और पानी छोड़ना सुनिश्चित कर सकते थे, जब कर्नाटक के जलाशयों में पानी का पर्याप्त भंडार था।उन्होंने यह भी कहा कि स्टालिन अपनी पार्टी को विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) मे बनाए रखने के लिए कावेरी से पानी छोड़ने को एक पूर्व शर्त बना सकते थे। इस गठबंधन में अन्य दलो के अलावा कांग्रेस भी शामिल है।पलानीस्वामी ने कहा कि वह कम से कम इंडिया के बेंगलुरु सम्मेलन से पहले इसे एक मुद्दा बना सकते थे ।

## जद (एस) विधायकों और नेताओं ने भाजपा के साथ गठबंधन को सर्वसम्मति से मंजूरी दी: कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक में** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाने को लेकर जद (एस) के भीतर असंतोष के बीच वरिष्ठ नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि रविवार को हुई पार्टी की बैठक में गठबंधन के फैसले को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई है। पिछले कुछ दिन में स्पष्ट हो रही अंतर्कलह के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने आज यहां बिदादी में अपने फार्म हाउस में पार्टी के विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों, जिला अध्यक्षों और नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक के बाद कहा, आज, सभी ने खुले तौर पर और सर्वसम्मति से (भाजपा के साथ) गठबंधन के फैसले को अपनी मंजूरी दे दी है। मैं राज्य की जनता को स्पष्ट करना चाहता हूं कि राज्य में गठबंधन किया गया है, किसी सत्ता या पद के लिए नहीं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, कोई भी हमारी पार्टी की किसी भी तरह से आलोचना करे, अंततः समय ही जवाब देगा। मैंने फैसला किया है कि मैं यहां किसी भी आलोचना पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा, क्योंकि इसकी कोई जरूरत नहीं है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने भी गठबंधन की आवश्यकता के बारे में व्यक्तिगत रूप से पार्टी के कई नेताओं से बात की। कुमारस्वामी ने कहा कि गठबंधन का एक मकसद राज्य के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि गठबंधन राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करे, ताकि कई सिंचाई परियोजनाओं की समस्याओं और कर्नाटक से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का स्थाई समाधान खोजा जा सके। भाजपा के साथ गठबंधन के बाद जद (एस) के असंतुष्ट नेताओं को लुभाने की कोशिश कर रही कांग्रेस से संबंधित एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी नेता और विधायक पार्टी के साथ एकजुट हैं और किसी के बाहर जाने का कोई सवाल ही नहीं है। इससे पहले, बैठक में कुमारस्वामी ने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वह भाजपा के साथ गठबंधन के बाद उनकी पार्टी के खिलाफ कांग्रेस के ैझूठे प्रचारै पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी की प्रतिबद्धता इस राज्य के 6.5 करोड़ लोगों के हितों की रक्षा करना है। मैं सिर्फ वोटों के लिए एक समुदाय को खुश नहीं करना चाहता। मुसलमानों को अपने हित के लिए हमारी प्रतिबद्धता को समझना चाहिए। कुमारस्वामी ने 22 सितंबर को नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी, जिसके बाद जद(एस) और भाजपा के गठबंधन की घोषणा हुई थी।

## मणिपुरी छात्र-छात्रा की हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार : मुख्यमंत्री बीरेन

**भाषा।** इम्फाल

**मुख्यमंत्री एन.** बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि मणिपुर के एक किशोर छात्र और एक छात्रा के अपहरण और हत्या के सिलसिले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के कारण पिछले सप्ताह मणिपुर में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था। सिंह ने कहा कि सरकार मामले में दोषियों के लिए मौत की सजा समेत अधिकतम सजा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी की पत्नी सहित चारों को एक विशेष उड़ान से राज्य के बाहर ले जाया गया है। मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने कहा कि मामले के सिलसिले में 11 और नौ साल की दो लड़कियों को हिरासत में लिया गया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। दोनों मुख्य आरोपी की बेटियां हैं। सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा, दो युवकों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने चूराचांदपुर जिले के हेंगलेप इलाके से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्हें विशेष विमान के जरिए राज्य से बाहर ले जाया गया है। हालांकि, उन्होंने उस स्थान के बारे में जानकारी साझा नहीं की, जहां आरोपियों को ले जाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान के दौरान सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ जैसे अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस के जवानों ने प्रमुख भूमिका निभाई। सीबीआई के विशेष निदेशक अजय भटनागर के नेतृत्व में सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने 27 सितंबर को मणिपुर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की थी। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा, जैसा कि कहा जाता है, ।

## झारखंड में भारी बारिश, जनजीवन प्रभावित

**भाषा।** रांची-रामगढ़ (झारखंड)

**झारखंड** की राजधानी रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। शनिवार शाम से कई इलाकों में भारी बारिश हुई, जो रविवार को भी जारी रहने से निचले इलाकों में पानी भर गया। एक मौसम अधिकारी ने बताया कि रांची में शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे से



रविवार शाम साढ़े पांच बजे के बीच 70 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। करम टोली चौक, रिम्स व कोकर रोड और कांके रोड समेत रांची के कई हिस्सों में यातायात बाधित हुआ और भारी बारिश के कारण कई सड़कें जलमग्न हो गईं। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने कहा, निम्न दबाव प्रणाली के कारण राज्य में व्यापक वर्षा हुई। निम्न दाब क्षेत्र फिलहाल पश्चिम बंगाल के पश्चिमी हिस्सों और झारखंड के आसपास के इलाकों में है। अगले 24 घंटों में इसके धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इस भारी बारिश को मानसूनी बारिश नहीं माना जाएगा क्योंकि झारखंड में चार महीने लंबे मानसून सीजन के दौरान बारिश की मात्रा निर्धारित करने की प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई। राज्य में 26 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि व्यापक बारिश से झारखंड में भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। रविवार को राज्य में 25 मिलीमीटर बारिश हुई।

### ओडिशा के कुछ हिस्सों में पांच अक्टूबर तक भारी बारिश जारी रहने के आसार

**भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपर स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर कम दबाव क्षेत्र के कारण ओडिशा के कुछ हिस्सों में पांच अक्टूबर तक भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी की ओर से कहा गया कि पिछले 24 घंटे में खुर्दा, पुरी, केंद्रपाड़ा और नयागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। इस दौरान खुर्दा जिले के जाटनी में राज्य में सबसे अधिक 138 मिमी बारिश दर्ज की गई, इसके बाद पुरी जिले के सत्यबाड़ी में 96 मिमी और केंद्रपाड़ा में 87 मिमी बारिश दर्ज की गई। सोमवार को सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, देवगढ़, क्योंझर और संबलपुर जिलों में भारी बारिश के आसार के चलते ऑरेंज चेतावनी जारी की गई।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि बरगढ़, सोनपुर, बोलांगीर, अंगुल, मयूरभंज, जाजपुर, भद्रक, बालासोर और केंद्रपाड़ा में भी भारी बारिश होने की संभावना है।

## मूल्यांकन में शामिल एक भी मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्य की 50 प्रतिशत उपस्थिति नहीं मिली: एनएमसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान** आयोग (एनएमसी) ने कहा है कि 2022-23 के दौरान जिन चिकित्सा महाविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया, उनमें से अधिकांश में गोस्ट फैकल्टी और सीनियर रेजिडेंट (चिकित्सक) पाए गए और एक भी संस्थान 50 फीसदी आवश्यक उपस्थिति के मानक पर खरा नहीं उतरा। गोस्ट फैकल्टी का अभिप्राय ऐसे संकाय सदस्यों से हैं जो वेतन तो पा रहे हैं लेकिन काम पर नहीं आ रहे हैं। एनएमसी ने कहा कि यह पाया गया कि उनमें से कोई भी नियमित रूप से आपात विभाग में नहीं जाते हैं क्योंकि वहां आपातकालीन मेडिसीन विभाग में आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी को छोड़कर उनसे बातचीत करने के लिए कोई नहीं था। एनएमसी के अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड (यूजीएमईबी) ने कहा, आपातकालीन चिकित्सा विभाग में तैनाती को विद्यार्थियों के लिए अंतराल अवधि माना जाता है। एनएमसी ने नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए जरूरी चीजों में से आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञता की आवश्यकता को बाहर करने के संबंध में एसोसिएशन ऑफ इमरजेंसी फिजिशियन ऑफ इंडिया (एईपीआई) की शिकायत पर एक जवाब में यह बात कही। एनएमसी ने हाल ही में अधिसूचित विनियमन में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए जरूरी चीजों में से आपातकालीन विभाग की आवश्यकता को बाहर कर दिया। इससे पहले, 23 जून के अपने मसौदे में आपातकालीन चिकित्सा विभाग उन 14 विभागों में से एक था, जिन्हें स्नातक में प्रवेश देने के लिए अनुमति प्राप्त नए मेडिकल कॉलेज में होना चाहिए। एईपीआई को दिए अपने जवाब में यूजीएमईबी ने 22 सितंबर को कहा कि आपातकालीन चिकित्सा विभागों की वास्तविक तस्वीर कागज पर दिखने वाली तस्वीर से अलग है।

### जीएसटी संग्रह सितंबर में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** देश में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब कर संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। पिछले महीने सकल जीएसटी राजस्व1,62,712 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,818 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 37,657 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 83,623 करोड़ रुपए (माल के आयात पर जमा 41,145 करोड़ रुपए सहित) और उपकर 11,613 करोड़ रुपए (माल के आयात पर जमा 881 करोड़ रुपए सहित) था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि सितंबर, 2023 में जीएसटी संग्रह पिछले साल के इसी महीने के 1.47 लाख करोड़ रुपए से 10 प्रतिशत अधिक रहा। बयान में कहा गया, समीक्षाधीन महीने के दौरान घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व सालाना आधार पर 14 प्रतिशत अधिक रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में यह चौथी बार है कि सकल जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सकल जीएसटी संग्रह 9,92,508 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल-सितंबर 2023 के दौरान औसत मासिक सकल संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपए था। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 11 प्रतिशत अधिक है। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख अभिषेक जैन ने कहा कि वित्त वर्ष 2017-18 के लिए सीमा की सामान्य अवधि 30 सितंबर को खत्म हो गई है और उक्त अवधि के लिए कर मुद्दों को निपटाने का इस वृद्धि में योगदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि अब 1.6 लाख करोड़ रुपए से अधिक का संग्रह सामान्य लगता है और त्योहारी सत्र नजदीक आने पर इसमें और बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

## भारत को और अधिक मजबूत सशस्त्र बलों की जरूरत : राजनाथ

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आधुनिक उपकरणों से लैस और अधिक मजबूत सशस्त्र बलों की जरूरत है तथा उन्होंने सेना के तीनों अंगों द्वारा वित्तीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सिंह ने दिल्ली छावनी में रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 276वें वार्षिक दिवस समारोह में उसकी कई डिजिटल पहल की शुरुआत करने के बाद ए टिप्पणियां कीं। डीएडी को रक्षा वित्त का संरक्षक बताते हुए उन्होंने आंतरिक सतर्कता तंत्र मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे न केवल समस्या से तुरंत निपटने में मदद मिलेगी बल्कि रक्षा लेखा विभाग पर लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा। सिंह ने कहा, अगर हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें आधुनिक हथियार तथा उपकरणों से लैस मजबूत सशस्त्र सेनाओं की आवश्यकता होगी। अतः हमारे पास उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का प्रभावी उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा, सेवाओं की मांग और उपलब्ध संसाधनों के आवंटन में अच्छा संतुलन होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने डीएडी को एक आंतरिक स्थाई समिति बनाने का भी सुझाव दिया जो बाजार के बारे में अध्ययन कर सके और जमीनी स्तर पर काम कर रहे अधिकरियों को बाजार के बारे में उच्च गुणवत्ता वाली सूचना उपलब्ध करा सके। सिंह ने अपने भाषण में पारदर्शी और प्रभावी वित्तीय प्रणाली के जरिए देश की रक्षा क्षमताएं बढ़ाने में संगठन के प्रयासों के लिए उसकी प्रशंसा की। लेखाविधि को किसी संगठन, व्यक्ति और राष्ट्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा, हमारी इच्छा असीमित है लेकिन उपलब्ध संसाधन सीमित हैं। रक्षा मंत्री ने जिन डिजिटल पहल की शुरुआत की, उनमें रक्षा मंत्रालय के लिए एकीकृत रक्षा वित्त डैशबोर्ड - सारांश (रक्षा मंत्रालय के लिए खातों, बजट और व्यय का सारांश) और बिस्वास (बिल सूचना और कार्य विश्लेषण प्रणाली तथा ई-रक्षा आवास) शामिल हैं। सिंह ने कई डिजिटल पहल शुरू करने के लिए डीएडी की प्रशंसा की। उन्होंने लगातार बदलते वक्त से पैदा हुई जटिलताओं से निपटने के लिए अपनी पेशेवर क्षमताओं को विकसित करने का आह्वान किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजनाथ सिंह ने इस बात पर ध्यान दिए जाने पर जोर दिया कि किसी उत्पाद को खरीदने की जरूरत है या नहीं और क्या इतने ही या इससे ज्यादा प्रभावकारिता के साथ ऐसा ही उत्पाद बाजार में कहीं और कम दाम पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस समझ से वित्तीय सलाह की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। इसके लिए उन्होंने अनुभवी लोगों के साथ एक स्थाई समिति बनाने का भी सुझाव दिया। रक्षा मंत्री ने बाजार की शर्तों के विस्तृत अध्ययन के लिए उद्योग संघों और बिजनेस स्कूल से साझेदारी करने की भी सिफारिश की।

# धावकों की स्वर्णिम दौड़, बंदूकों से लूटा सोना-चांदी

## साबले 3000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय, तूर ने फिर फेंका सोने का गोला





**भाषा।** हांगझोउ

**अविनाश** साबले एशियाई खेलों में पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरूष बन गए जबकि पुरूषों के शॉटपुट में तेजिंदर पाल सिंह तूर ने आखिरी थ्रो पर बाजी मारते हुए अपना खिताब बरकरार रखा। 29 वर्ष के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने हांगझोउ खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 8 : 19 . 50 सेकंड में रेस पूरी की। उन्होंने 8 : 22 . 79 सेकंड का एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा जो 2018 जकार्ता खेलों में ईरान के हुसैन केहानी ने बनाया था। सुधा सिंह ने 2010 ग्वांग्झू एशियाई खेलों में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं शॉटपुट में तूर ने पहले दो प्रयास में फाउल करने के बाद तीसरे प्रयास में 19 . 51 मीटर का थ्रो लगाया। उनका चौथा थ्रो 20 . 06 मीटर का रहा लेकिन पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास आखिरी थ्रो पर 20 . 36 मीटर था जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया। तूर ने जकार्ता खेलों में 20 . 75 मीटर के थ्रो के साथ पीला तमगा हासिल किया था। सउदी अरब के मोहम्मद डोडा टोलो ने 20 . 18 मीटर के साथ रजत पदक जीता जबकि चीन के लियू यांग ने 19 . 97 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में भारत की हरमिलन बैंस ने रजत पदक जीता जबकि पुरूष वर्ग में अजय कुमार सरोज को रजत और जिंसन जॉनसन को कांस्य पदक मिला। इससे पहले गत चैंपियन भारत की हेप्टाथलन खिलाड़ी स्वप्ना बर्मन चोटों से जूझने के कारण भाला फेंक स्पर्धा के बाद हेप्टाथलन स्पर्धा से पदक की दौड़ से लगभग बाहर हो गईं। भाला फेंक में 52.55 मीटर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली स्वप्ना दो दिवसीय कड़ी प्रतियोगिता की इस स्पर्धा में 45.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास ही कर सकीं। सात स्पर्धाओं की इस प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक स्पर्धा बची है। स्वप्ना ने 2018 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय हेप्टाथलन खिलाड़ी बनने के दौरान जो दो स्पर्धाएं जीती थी उनमें भाला फेंक भी शामिल था।

## ट्रैप टीम के स्वर्ण, कीनान को कांस्य



**हांगझोउ।** भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने एशियाई खेलो मे निशानेबाजी के आखिरी दिन को यादगार बना दिया जब पुरूष टीम ने स्वर्ण और महिला टीम ने रजत पदक जीता हालांकि व्यक्तिगत वर्ग मे सिर्फ कीनान चेनाई ने कांस्य पदक हासिल किया। आखिरी दिन ट्रैप मे मिले तीन पदकों के बाद भारतीय निशानेबाज सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य समेत 22 पदक लेकर लौटेंगे जो एशियाई खेलो मे उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पुरूष टीम वर्ग मे पृथ्वीराज तोडइमान, काइनन चेनाई और जोरावर सिंह संधू की भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन मे एशियाई खेलों के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने क्वालीफिकेशन दौर में 361 अंक जुटाए। खालिद अलमुदहाफ, तलाल अलरशीदी और अब्दुलरहमान अलफइहान की कुवैत की टीम ने 359 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि युहाओ गुओ, यिंकवी औ युहाओ वैग की चीन की टीम ने 354 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। कीनान और जोरावर ने छह खिलाड़ियों के फाइनल में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर जगह बनाई थी। महिला वर्ग मे मनीषा कीर, प्रीति रजाक और राजेश्वरी कुमारी की टीम भी रजत पदक जीतने मे सफल रही। महिला टीम ने 337 अंक जुटाते हुए रजत पदक जीता। किंगनियान ली, सुइसुइ वू और शिनक्यु झेंग की चीन की टीम ने विश्व रिकॉर्ड 357 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। मारिया दमित्रिएंको, एझान दोसमगामबेतोवा और अनास्तासिया प्रिलेपिना (336) की कजाखस्तान की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरूष और महिला टीम के पदकों के बाद नजरें कीनान और जोरावर सिंह तथा मनीषा कीर पर लगी थी जो छह निशानेबाजों के फाइनल मे पहुंचे थे। कीनान ने 40 मे से 32 स्कोर किया और रजत की दौड़ मे थे लेकिन आखिर में कांस्य पदक जीता। तीसरी बार एशियाई खेलो मे उतरे जोरावर 23 स्कोर करके पांचवे स्थान पर रहे और व्यक्तिगत पदक जीतने का उनका सपना फिर अधूरा रहा। महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग मे मनीषा कीर 25 मे से 16 स्कोर करके छठे स्थान पर रही। बाकू मे हाल ही मे विश्व चैम्पियनशिप के जरिए पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली राजेश्वरी कुमारी व्यक्तिगत फाइनल मे जगह नही बना सकी। वह 125 मे से 111 अंक लेकर 11वें स्थान पर रही। वही प्रीति रजक 112 अंक लेकर नौवे स्थान पर रही।




## ज्योति शीर्ष पायदान पर, महिला कंपाउंड टीम और मिश्रित क्वालीफायर में भारत पहले स्थान पर



**हांगझोउ।** अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम की अगुआई में कंपाउंड तीरंदाजो ने रविवार को यहां उम्मीदों पर खरे उतरे हुए एशियाई खेलो मे क्वालीफिकेशन मे शीर्ष स्थान हासिल किया तथा महिला और मिश्रित जोड़ी टीम स्पर्धा में शीर्ष वरीयता हासिल की। विश्व चैम्पियन ओजस देवताले और 2014 एशियाड रजत पदक विजेता अभिषेक वर्मा ने तीसरा-चौथा स्थान हासिल किया जिससे भारत ने पुरूष टीम कंपाउंड क्वालीफायर मे दूसरी वरीयता प्राप्त की। सत्ताईस साल की ज्योति ने व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में रविवार को दक्षिण कोरिया की प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी चौथे पायदान पर रहीं। इन दोनो के शानदार प्रदर्शन से भारत ने टीम स्पर्धा मे शीर्ष स्थान हासिल किया। लेकिन देवताले को थोड़ी निराशा मिली जो अनुभवी जू जाएहून (712) से तीन अंक पीछे रहे। दक्षिण कोरिया ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए जिसमे चांग चेग वेई दूसरे स्थान पर रहे। पुरूष कंपाउंड टीम ने 2117 अंक जुटाए और कोरिया के बराबर रही लेकिन कोरिया ने बेहतर 10 प्लस एक्स स्कोर (176 - 174) की बदौलत शीर्ष वरीयता हासिल की। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने भी 1413 अंक की बदौलत शीर्ष वरीयता हासिल की जिसमे वे कोरिया से दो अंक ऊपर रहे। मिश्रित टीम स्पर्धा (रिकर्व और कंपाउंड मे) एशियाड के इस चरण मे नया वर्ग है। इससे एशियाड मे 10 स्वर्ण पदक दाव पर लगे होगे जबकि 2018 मे इनकी संख्या आठ थी। ज्योति और देवताले भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहे जिससे राउंड 16 मे उनका सामना निचली रैंकिंग की संयुक्त अरब अमीरात से होगा। ओलिंपिक खेलो मे शामिल रिकर्व वर्ग के तीरंदाजो ने भी पुरूष वर्ग मे अच्छा प्रदर्शन किया।

## मिश्रित स्क्वाश में भारत का दबदबा, मनगांवकर जीते

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष टीम के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान का हराकर स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीमो ने भी यहां एशियाई खेलो के अपने पूल चरण के मुकाबले जीतकर अच्छी शुरूआत की जबकि पुरूष एकल मे महेश मनगांवकर भी अंतिम 32 का मुकाबला जीत गए। पूल ए मे दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने जेइजिन यू और हवायिओग युम की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 22 मिनट में 2-0 (11-2, 11-5) से हराया। दीपिका और संधू ने बाद मे पाकिस्तान के मेहविश अली और नूर जमां को 11- 4, 11-। से मात दी। अनाहत सिंह और अभय सिंह की जोड़ी ने भी 15 मिनट चले पूल डी के मैच में डेविड विलियम पेलिनो और वोने एलिसा डालिडा की फिलिपीन्स की जोड़ी को 2-0 (11-7, 11-5) से शिकस्त दी। अगले मैच में उन्होने पाकिस्तान की सादिया गुल और फरहान जमां को 11-3, 11- 2 से हराया।

## भारत और दक्षिण कोरिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला



**हांगझोउ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई खेलो मे पूल ए के मैच मे दक्षिण कोरिया ने।-। से ड्रॉ पर रोका हालांकि बेहतर गोल औसत के आधार पर भारतीय टीम अभी भी शीर्ष पर है। दक्षिण कोरिया के लिए 12वें मिनट में चो हाएजिन ने गोल कर दिया जबकि भारत के लिए तीसरे क्वार्टर मे नवनीत कौर ने 44वें मिनट मे बराबरी का गोल दागा। विश्व रैंकिंग मे सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 12वीं रैंकिंग वाली कोरियाई टीम से गोल औसत बेहतर होने के कारण पूल ए मे शीर्ष पर है। शीर्ष दो टीमे सेमीफाइनल मे पहुंचेगी। भारत ने पहले मैच मे सिंगापुर को 13-0 से और दूसरे मैच मे मलेशिया को 6-0 से हराया था। दोनो टीमो ने आक्रामक शुरूआत की लेकिन कोरिया ने पेनल्टी स्ट्रोक पर पहला गोल दागा। पहले क्वार्टर मे भारतीयो को कई मौके मिले लेकिन गोल मे नही बदल सके। दूसरे क्वार्टर मे भारत ने पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नही हो सका। हाफटाइम तक कोरिया की बढत बरकरार रही।

## भारतीय टीमें शतरंज स्पर्धा के तीसरे दौर में जीतीं

**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष और महिला टीम ने रविवार को यहां एशियाई खेलो की शतरंज स्पर्धा के तीसरे दौर मे अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आसान जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और पी हरिकृष्णा की शीर्ष वरीय पुरूष टीम ने कजाखस्तान को 3-। से शिकस्त दी। वही दूसरी वरीयता प्राप्त महिला टीम ने चौथी वरीय इंडोनेशिया को 3-5 - 0.5 से हराकर तीसरी जीत हासिल की। गुकेश ने जीएम रिनात जुमाबाएव को और प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए जीएम अलीशर सुलेमेनोव को पराजित किया जबकि हरिकृष्णा ने आईएम नोगरबेक काजयबेक और एरिगेसी ने आईएम रमजान झालामाखानोव से ड्रा खेला। महिला टीम मे कोनेरू हम्पी, डी हरिका और वंतिका अग्रवाल ने अपनी बाजियां जीती जबकि आर वैशाली ने ड्रा खेला।

## भारत घुड़सवारी क्रॉस कंट्री में आखिरी पायदान पर रहा

**हांगझोउ।** घुड़सवार आशीष लिमए के प्रतियोगिता से बाहर होने के बाद भारतीय टीम रविवार को घुड़सवारी क्रॉस कंट्री स्पर्धा मे पांच टीमो मे अंतिम स्थान पर रही। विकास कुमार, अपूर्व दाभाड़े और लिमए की भारतीय टीम का कुल पेनल्टी स्कोर 1070.80 था। यह स्कोर अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में काफी अधिक था। लिमए ने शनिवार को घुड़सवारी स्पर्धा के ड्रेसेज वर्ग मे शीर्ष स्थान हासिल किया था। क्रॉस कंट्री स्पर्धा मे विकास की कुल पेनल्टी 41.20 थी और दाभाड़े की 29.60 थी।

### एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश- | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 132 | 72 | 39 | 243 |
| कोरिया | 30 | 35 | 60 | 125 |
| जापान | 29 | 41 | 42 | 112 |
| भारत | 13 | 21 | 19 | 53 |
| उज्बेकिस्तान | 11 | 12 | 17 | 40 |
| थाईलैंड | 10 | 6 | 14 | 30 |

## सोनिया क्याक एकल के फाइनल में, मेधा कैनो से बाहर

**हांगझोउ।** भारत की सोनिया देवी फिरेम्बम ने रविवार को यहां एशियाई खेलों में महिला क्याक एकल 500 मीटर में दूसरे स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन मेघा प्रदीप महिला कैनो एकल 200 मीटर के फाइनल में हार गईं। सोनिया देवी सुबह के सत्र मे 2:17.351 के समय के साथ महिलाओं की क्याक एकल 500 मीटर (स्प्रिंट) हीट 2 में चौथे स्थान पर रही और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही।

## भारतीय महिला और पुरूष टीमें सेपकटक्रॉ में हारीं

**हांगझोउ।** भारतीय टीमों ने एशियाई खेलो मे सेपकटक्रॉ में निराशाजनक शुरूआत की और महिला टीमों को लगातार दो मैचों में जबकि पुरूष टीम को पहले मैच मे पराजय झेलनी पड़ी। महिला टीम को पूल मे लाओस ने 2-0 (21-14, 21-16) से हराया। इसके बाद चीन ने 2-0 (21-15, 21 -14) ने हराया। दोनों मैच 46 मिनट तक चले। पुरूषों के टीम मैच मे ग्रुप बी मे भारत को दुनिया की छठे नंबर की टीम जापान ने 50 मिनट मे 2-0 (21-14, 21-16) से मात दी

## विक्रम और कार्तिका रोलर स्केटिंग में पदक से चूके

**हांगझोउ।** भारत के विक्रम राजेंद्र इनगाले और कार्तिका जगदीश्वरन रविवार को यहां एशियाई खेलो की पुरूष और महिला रोलर स्केटिंग 1000 मीटर स्पर्धा मे क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर रहे। पुरूष फाइनल मे विक्रम मामूली अंतर से पदक से चूक गए जबकि स्पर्धा मे हिस्सा ले रहे उनके हमवतन आर्यनपाल सिंह घुमन सातवे स्थान पर रहे। फाइनल मे विक्रम ने एक मिनट 29.527 सेकेंड जबकि आर्यनपाल ने एक मिनट 30.466 सेकेंड का समय लिया।

## आदित्य कुराश में प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**हांगझोउ।** भारत के आदित्य धोपावकर का एशियाई खेलो की पुरूष 81 किग्रा कुराश स्पर्धा मे अभियान प्री क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गया जब रविवार को यहां उन्हें अफगानिस्तान के एस हसन बाइकरा रसूली के खिलाफ दो मिनट से भी कम समय में हार झेलनी पड़ी।भारत के 21 साल के खिलाड़ी को खलोल से 0-10 से हार का सामना करना पड़ा।खलोल का इस्तेमाल आसान जीत के लिए किया जाता है। अफगानिस्तान के खिलाड़ी ने आदित्य को जोरदार पटखनी दी जिससे वह अपने दोनों कंधों के बल पर मैट पर गिर गए। समीक्षा करने पर अफगान के खिलाड़ी को खलोल दिया गया जिससे मुकाबला दो मिनट से भी कम समय में खत्म हो गया। आदित्य ने चार मिनट के मुकाबले में अच्छी शुरूआत करते हुए रसूली के खिलाफ चाला (एक अंक) जुटाया था लेकिन अफगानिस्तान के खिलाड़ी ने खलोल के जरिए भारतीय खिलाड़ी की बढ़त को खत्म करते हुए जीत दर्ज की। कुराश मे भारत की उम्मीदें अब ज्योति टोक्स (महिला 87 किग्रा) और यश चौहान (पुरूष 90 किग्रा) के कंधो पर है जो सोमवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए उतरेंगे।

# निकहत के कांस्य, परवीन को ओलंपिक कोटा



● पदक भी पक्का

**भाषा।** हांगझोउ

**दो बार की विश्व** चैंपियन निकहत जरीन की लंबे समय से चली आ रही जीत की लय रविवार को यहां एशियाई खेलों के महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हारकर टूट गई जबकि परवीन हुड्डा ने 57 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर ओलंपिक कोटा हासिल करते हुए पदक पक्का किया। निकहत को सेमीफाइनल में थाईलैंड की दो बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता रकास्त चुथामत से 2-3 से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप में 63 किग्रा में कांस्य पदक जीतने वाली परवीन ने क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की सितोरा तर्डिबेकोवा को सर्वसम्मत फैसले से हराया। फॉर्म में चल रही निकहत ने अक्टूबर 2021 में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के बाद से एक भी मुकाबला नहीं गंवाया था। उन्होंने इस साल के शुरु में विश्व चैम्पियनशिप में रकास्त चुथामत को भी पराजित किया था। निकहत ने पिछले दो वर्षों में स्ट्रैंद्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट, दो विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते। लेकिन रविवार को रकास्त चुथामत इस भारतीय मुक्केबाज के खिलाफ पूरी तैयारी के साथ उतरी थीं। थाईलैंड की मुक्केबाज ने विभाजित फैसले से जीत दर्ज की। निकहत ने पहला राउंड जीत लिया था लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी ने वापसी करते हुए अगले दोनों राउंड जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। निकहत इस तरह ओलंपिक कोटे और कांस्य पदक के साथ लौटेंगी। मौजूदा एशियाई चैंपियन परवीन अपने मुकाबले में शुरू से ही लय में दिखी। उन्होंने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए 21 साल की प्रतिद्वंद्वी को बाएं और दाएं दोनों ओर से मुक्के जड़े।

## बैडमिंटन : भारत को रजत



**हांगझोउ ।** चोटिल एच एस प्रणय की कमी भारत को खली और शुरूआती दो मैच जीतने के बाद चीन के हाथो फाइनल 2-3 से हारने के कारण उसे एशियाई खेलो मे पुरूष टीम चैम्पियनशिप मे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय कमर की चोट के कारण नही खेल सके। लक्ष्य सेन ने पहला एकल और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने युगल मैच जीतकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद दारोमदार किदाम्बी श्रीकांत पर था जिन्होंने दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल मे उम्दा प्रदर्शन किया था। इस बार वह उस लय को कायम नही रख सके और हार गए। चीन ने बाकी दोनो मैच जीतकर अपना दबदबा बरकरार रखा। सेन ने दुनिया के छठे नंबर के खिलाफ शि युकी के खिलाफ पहला मैच 22-20, 14 -21, 21- 18 से जीता। इसके बाद दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी लियांग वेइ केंग और वांग चांग को 21-15,21-18 से हराया। श्रीकांत को आल इंग्लैंड चैम्पियन लि शिफेंग ने 24-22, 21-9 से हराया। दूसरे युगल मुकाबले में ध्रुव कपिला और साइ प्रतीक कृष्णा प्रसाद को दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी लियू यू चेन और यू शुआन यि ने 21-6, 21-15 से मात दी। वही प्रणय की जगह खेल रहे मिथुन मंजूनाथ को वेग होग यांग ने 21-12, 21-4 से हराया। इस हार के बावजूद भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा जिसने बैडमिंटन में दूसरा रजत पदक दिलाया। इससे पहले 2018 में पी वी सिंधू ने महिला एकल मे रजत पदक जीता था। भारतीय बैडमिंटन पुरूष टीम ने इससे पहले 1986 मे सियोल मे पदक जीता था जब प्रकाश पादुकोण और विमल कुमार टीम का हिस्सा थे।

## बास्केटबॉल में चीन से हारी भारतीय महिला टीम, क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**हांगझोउ।** भारतीय महिला टीम को रविवार को यहां एशियाई खेलो की 5र5 बास्केटबॉल स्पर्धा के अंतिम ग्रुप चरण मैच मे गत चैम्पियन चीन से हार मिली लेकिन इसके बावजूद वह क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में सफल रही। भारतीय टीम को चीन से 53-11 से हार मिली। टीम ने इससे पहले इंडोनेशिया (66-46) और मंगोलिया (68-62) पर जीत दर्ज की थी। बास्केटबॉल मे क्वार्टरफाइनल क्वालीफिकेशन ग्रुप चरण समाप्त होने के बाद टीमो की संयुक्त रैंकिंग के अनुसार होता है जिसमे शीर्ष आठ रैंकिंग की टीमें जगह बनाती है। भारत की इस समय छठी रैंकिंग है। भारत पांचवी बार एशियाई खेलो की बास्केटबॉल स्पर्धा मे हिस्सा ले रहा है।

## चीन ने वॉलीबॉल में भारत को हराया

**हांगझोउ (चीन)।** भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम रविवार को यहां एशियाई खेलो में मौजूदा चैपियन चीन के हाथों हार के साथ खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। चीन की टीम ने इस एकतरफा मुकाबले को 25-9, 25-9, 25-9 से अपने नाम किया।भारतीय टीम की यह ग्रुप चरण में दूसरी हार थी। टीम को पहले मैच में उत्तर कोरिया ने हराया था। चीन और उत्तर कोरिया ने ग्रुप ए से राउंड 12 मे जगह बना ली है, जबकि भारत अब ग्रुप जी में खिसक गया जहां वह नौवें से 12वें स्थान के लिए क्लासीफिकेशन के सेमीफाइनल मे मंगोलिया से भिड़ेगा। भारतीय टीम पिछले खेलों (जकार्ता 2018) मे 10वे स्थान पर रही थी।

# अदिति ने दिलाया महिला गोल्फ में रजत



**हांगझोउ।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक एशियाई खेलों की महिला गोल्फ स्पर्धा के आखिरी दिन रविवार को यहां अपनी लय बरकरार नहीं रखी सकी और पांच ओवर 77 का निराशाजनक कार्ड खेलकर रजत पदक अपने नाम किया। महिला गोल्फ में यह भारत का पहला पदक है। अदिति के पास तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर सात शॉट की बड़ी बढ़त थी। उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले चार बोगी और एक डबल बोगी कर के इस बढ़त को गंवा दिया और दूसरे स्थान पर खिसक गई इस पच्चीस साल की खिलाड़ी का कुल स्कोर 17 अंडर 271 रहा। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 68 का कार्ड खेल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोरिया की ह्युनजो यू ने अपना सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ 65 का कार्ड खेलकर कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रही भारत की दो अन्य महिलाएं प्राणवी उर्स (13वां स्थान) और अवनी प्रशांत (संयुक्त 18वां स्थान) ने भी आखिरी दिन निराश किया। प्राणवी ने 75 जबकि अवनी ने 76 का कार्ड खेला जिससे भारत टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर खिसककर पदक से चूक गई। अदिति ने गोल्फ में पदक जीतने के बाद कहा, भारत के लिए गोल्फ में पदक जीतना काफी अहम है। उम्मीद है कि इससे देश में अधिक समर्थन और मान्यता मिलेगी। उन्होंने कहा, महिला टीम स्पर्धा में भी हम मामूली अंतर से पदक से चूक गए।

## इलेक्ट्रानिक मीडिया ने जीता उद्घाटन मैच



**लखनऊ।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक मिश्रा -45 और मयूर शुक्ला-नाबाद 17 की नाबाद पारियों से इलेक्ट्रानिक मीडिया इलेवन ने इकाना टी-20 मीडिया कप-2023 क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में डीडीएआईआर इलेवन को 9 विकेट से हराया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गए मैच में डीडी-एआईआर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.5 ओवर में 71 रन ही बना सकी। राम बालक-15 व जितेंद्र कुमार -12 ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। फहीम ने 3 विकेट चटकाए। तरुण सिंह, दीपक तनेजा व कप्तान मयूर शुक्ला को 2-2 विकेट मिले। जवाब में इलेक्ट्रानिक मीडिया इलेवन ने 10.1 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सतीश भारती बिना खाता खोले वाजिद की गेंद पर उन्हीं को कैच थमा बैठे। इसके बाद जीत में मयूर शुक्ला ने 28 गेंदों पर 1 चौके से नाबाद 17 रन और अभिषेक मिश्रा ने 27 गेंदों पर 6 चौके व एक छक्के से नाबाद 45 रन की पारी खेली। डीडी-एआईआर से एकमात्र विकेट वाजिद खान को मिला। मैन ऑफ द मैच आलराउंड पारी खेलने वाले इलेक्ट्रानिक मीडिया के कप्तान मयूर शुक्ला चुने गए। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन डा. नवनीत सहगल सेवानिवृत्त आईएएस और इकाना स्पोर्ट्स सिटी के प्रबंध निदेशक उदय सिन्हा ने किया।

## कराटे विजेता सम्मानित

**लखनऊ।** खालसा इंटर कॉलेज के खिलाड़ियो ने अयोध्या में गत 24 से 28 सितंबर 2023 तक आयोजित 67वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय विद्यालयी कराटे प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल के लिए 9 स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर अपना परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल ने 22 स्वर्णए 10 रजत और 3 कांस्य पदक के साथ ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया जिसमें खालसा इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। कॉलेज के इन पदक विजेताओं को कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह प्रबंधक सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा ने प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया तथा राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने के लिए आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर खालसा इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जसपाल सिंह महासचिवए कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपीद्ध ने बताया कि प्रतियोगिता में कॉलेज के पदक विजेताओं में अंडर 14 बालक वर्ग के 30 किग्रा से कम भार वर्ग में आयुष धीमानए 45 किग्रा से कम में आर्यन गुप्ता और 50 किग्रा से कम में अंश लोधी ने स्वर्ण पदक जीते।

# भारत विश्व कप में दमखम के साथ उतरेगा

● मध्यक्रम में भ्रम की स्थिति कमजोर कड़ी



**भाषा।** नई दिल्ली

एशिया कप में प्रभावशाली खेल के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम आगामी आईसीसी विश्व कप में आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। टीम पिछले कुछ मैचों में अपनी सभी कमियों को दूर करने में सफल रही है लेकिन अंतिम एकादश तय करते समय मध्यक्रम में किसे मौका मिले इसका पेंच फंसा हुआ है। भारतीय टीम आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी।

**मौका:**इस बात में कोई शक नहीं यह विश्व कप आईसीसी प्रतियोगिता होने के बाद भी टीमों को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलता है। विश्व कप के दौरान पिच की जिम्मेदारी आईसीसी के क्यूरेटर की होती है लेकिन स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी टीम के लिए 12वें खिलाड़ी का काम करती है। इन परिस्थितियों में कप्तान रोहित शर्मा के पास विश्व कप जीतने का सबसे अच्छा मौका होगा।कुछ स्थानों पर ओस से परेशानी हो सकती है। ऐसे में अगर लक्ष्य का पीछा करने की बात आती है तो इस मामले में भारतीय टीम सर्वश्रेष्ठ है। टीम में लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज माने जाने वाले विराट कोहली है। एकदिवसीय में उनके नाम 47 शतक है और विश्व कप के दौरान वह महान सचिन तेंदुलकर (एकदिवसीय में 49 शतक) को पीछे छोड़ना चाहेंगे। **खतरा:** टीम के लिए अधिक विकल्प होना कई बार सिरदर्दी हो सकती है। मैदान और पिच के मुताबिक गेंदबाजी विभाग में बदलाव होते रहना लाजमी है लेकिन किशन की जगह अय्यर को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला उतना आसान नहीं होगा। किशन को पिछले कुछ समय में जो भी भूमिका दी गई है, उन्होंने उसे शानदार तरीके से पूरा किया है। टीम में लोकेश राहुल के आने के बाद उन्हें बाहर बैठना पड़ सकता है। राहुल पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन को बाहर रखने से विरोधी टीमों के गेंदबाजों को भी कुछ हद तक फायदा मिलेगा क्योंकि छठे क्रम तक दाएं हाथ के बल्लेबाजों के कारण उन्हें अपनी लाइन लेंथ में ज्यादा बदलाव नहीं करना पड़ेगा। उम्मीद है कि भारतीय टीम अपने शीर्ष और मध्यक्रम के संयोजन को ठीक से बना पाएगी। टीम 2019 में सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही थी लेकिन इस दौरान चौथे क्रम की बल्लेबाजी की गुत्थी नहीं सुलझ सकी थी।

**मजबूती:** टीम के बल्लेबाजी क्रम को लेकर किसी के मन में कोई संदेह नही होना चाहिए। यह बल्लेबाजी क्रम 2011 की ऐतिहासिक टीम के बाद से भारत का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम है। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा की मौजूदगी इस टीम की बल्लेबाजी को बेहद मजबूत बनाती है। टीम के पास ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव जैसे विकल्प भी है जो अपने दम पर मैच का पासा पलटने की क्षमता रखते है। इस बल्लेबाजी क्रम की अच्छी बात यह है कि ज्यादातर खिलाड़ियों ने सही समय पर लय हासिल की है और इन सबके पास परिस्थितियों के मुताबिक आक्रामक या रक्षात्मक बल्लेबाजी करने की क्षमता है। गिल ने पिछले एक साल मे 1200 से ज्यादा रन बनाए है जबकि राहुल ने फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी के बाद पाकिस्तान के खिलाफ शतकीय पारी खेली।

**कमजोरी:** भारतीय टीम की स्पिन गेंदबाजी कागजो पर मजबूत दिख रही है लेकिन सपाट पिचों पर रविचंद्रन अश्विन और जडेजा की गेंदबाजी बल्लेबाजो को रोकने में कितनी सफल होगी यह देखना होगा। अक्षर पटेल के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम को दाएं हाथ के स्पिनर का विकल्प मिला लेकिन युजवेंद्र चहल को इस प्रारूप में लगभग एक साल तक लगातार टीम में रखने के बाद बाहर का रास्ता दिखाना यह दर्शाता है कि चयनकर्ताओं के पास विकल्प की कमी है। विकेट से अगर मदद मिली तो जडेजा कारगर गेंदबाजी करते है लेकिन सपाट पिचों पर उनके खिलाफ आसानी से रन बनते है। जडेजा टेस्ट में शानदार बल्लेबाज है लेकिन पिछले कुछ समय में सीमित ओवरों मे तेजी से रन बनाने के मामले में जूझते दिखे है। यह हाल अश्विन का भी है।

## ईरानी ट्राफी : साई सुदर्शन के 72 रन, शेष भारत के पहले दिन आठ विकेट पर 298 रन



**राजकोट।** बी साई सुदर्शन की संयमित अर्धशतकीय पारी से शेष भारत ने रविवार को यहां ईरानी ट्राफी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ स्टंप तक आठ विकेट पर 298 रन बनाए। सौराष्ट्र के स्पिनरो के खिलाफ साई सुदर्शन के अलावा सभी अन्य बल्लेबाज जूझते रहे। लेकिन साई सुदर्शन ने 165 गेंद मे 72 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत ने 85 रन देकर चार विकेट हासिल किए। भारतीय टीम के भविष्य के दो दावेदार सरफराज खान (17 रन) और यश धुल (10 रन) एक बार फिर विफल रहे। हनुमा विहारी (33 रन) ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और मयंक अग्रवाल (32 रन) ने 112 गेंद मे 69 रन जोड़कर शुरुआत कराई।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।